वर्ष- 12 अंक - 89
लखनऊ, शनिवार 16 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





कारीगरों के उत्पादों को जानकर उसे अपने जीवन का बनाएं हिस्सा : राज्यपाल 03

आदिवासी संस्कृति के लिए मुंडा ने समर्पित किया जीवन : शाह 12


# उपराष्ट्रपति व राज्यपाल के दीप जलाते ही गंगा किनारे उतरा देवलोक, अर्धचंद्राकार रोशनी से नहाए घाट

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी ने काशी में बने दुनिया के सबसे बड़े घाट नमो घाट का किया लोकार्पण

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** देव दीपावली पर्व पर शुक्रवार शाम गंगा किनारे नमोघाट पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने देव दीपावली पर्व का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।







इसके बाद गंगा के किनारे लगभग आठ किलोमीटर के दायरे में दोनों किनारे एक-एक करके दीपक जगमग हो उठे। यह दृश्य देख लोगों को देवलोक सरीखा नजारा दिखने लगा। सदानीरा के अर्द्धचंद्राकार घाटों पर चंद्रहार की तरह दीये और मकानों पर रंग बिरंगी विद्युत झालर झिलमिलाने लगी। देशी विदेशी लाखों पर्यटकों के साथ स्थानीय नागरिक भी इस अलौकिक नजारे को बस देखते ही रह गए। लोगों को गंगा की लहरों पर सतरंगी इंद्रधनुष और घाटों पर देवलोक का अनुभव महसूस हो रहा था। लोगों के जुबान पर अद्भुत, अलौकिक और दिव्य शब्द ही आ रहा था। उत्तरवाहिनी मां गंगा के घाटों पर दीपों की लड़ियों की सुनहरी आभा बिखर रही थी। नमोघाट से रविदासघाट के बीच लगभग आठ किलोमीटर के दायरे में गंगा के दोनों तटों पर जले 20 लाख से अधिक दीयों की रोशनी में कलकल करती गंगा के किनारे समानन्तर प्रवाहित ज्योर्तिगंगा का एहसास भी होता रहा।

इसके पहले लोग अपरान्ह बाद ही देव दीपावली पर्व का हिस्सा बनने के लिए गंगाघाटों पर पहुंचने लगे। गोधुलि बेला में लोगों ने सभी घाटों पर सुविधानुसार मिट्टी के दीये में तेल और रुई की बाती लगा इसे जलाना शुरू किया। घाटों पर लाखों लोगों के हाथ एक साथ दीप जलते ही दीपों की अनगिन श्रृंखला पूर्णिमा के चांद की चांदनी को चुनौती देने लगी। दीयों की रोशनी अर्पित करने स्वतः स्फूर्त भाव से लोग आगे आते रहे। घाटों की अर्धचंद्राकार श्रृंखला रोशनी से नहा उठी।

### दशाश्वमेधघाट पर उमड़ी भीड़

देव दीपावली पर्व पर दशाश्वमेध घाट दोपहर से ही लोग पहुंचने लगे। शाम होते-होते घाट पर पांव रखने की भी जगह नहीं बची। घाट पर गंगा सेवा निधि की भव्य आरती देख लोग आह्लादित नजर आए। पर्यटकों ने इस अलौकिक नजारे को देखा तो बस देखते ही रह गए। लोग मां गंगा की अनुपम और अनोखी छवि को नजरों के साथ मोबाइल और कैमरे में कैद करने लगे। महादेव को समर्पित इस विशिष्ट आयोजन में काशी विश्वनाथ मंदिर के अलावा ग्रामीण अंचल के मारकंडेय महादेव, तिलभांडेश्वर महादेव, सारंगनाथ महादेव, बीएचयू स्थित विश्वनाथ मंदिर और दुर्गाकुंड स्थित दुर्गा मंदिर में भी शाम होते ही असंख्य दीपों की लड़ियों ने समा बांध दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर स्मारक डाक टिकट जारी

**नई दिल्ली।** डाक विभाग ने जनजातीय गौरव दिवस पर महान आदिवासी नेता और स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया है। यह स्मारक टिकट भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके महत्वपूर्ण योगदान और आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को एक कालातीत श्रद्धांजलि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के जमुई में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य सम्मानित गण्यमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में इस टिकट का अनावरण किया। शंख सामंत द्वारा डिजाइन किए गए इस टिकट में भगवान बिरसा मुंडा का एक शक्तिशाली चित्रण है।

### अहमदाबाद-उदयपुर हाई-वे पर परिवार के पांच लोगों की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के अरवल्ली जिले के ग्राम गलादर के समीप अहमदाबाद-उदयपुर हाई-वे पर शुक्रवार को सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में एक महिला, दो पुरुष और दो बच्चे शामिल हैं। जिले की टिंटोई थाने की पुलिस के मुताबिक ग्राम गलादर के समीप अहमदाबाद-उदयपुर नेशनल हाई-वे पर शामलाजी मंदिर दर्शन कर वापस आ रहा परिवार हादसे का शिकार हो गया। इसमें कार में सवार सभी 5 लोगों की मौत हो गई। नेशनल हाई-वे के पुल से कार दुर्घटनाग्रस्त होकर करीब 35 फुट नीचे गिर गई। कार में सवार सभी एक ही परिवार के सदस्स्य थे। मृतकों में खेड़ा जिले के ग्राम दंताली निवासी अतुलभाई पटेल (45), रीटाबेन गोस्वामी (35), मीनाबेन गोस्वामी (15), अक्षयकुमार गोस्वामी (9) और रसिकभाई परमार (32) हैं।

### पाक अधिकृत कश्मीर में नहीं होगी चैंपियंस ट्रॉफी रैली

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की आपत्ति के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को चैंपियंस ट्रॉफी रैली पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कराने से रोक दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखकर घोषणा की थी कि चैंपियंस ट्रॉफी की रैली 16 से 24 नवंबर तक पूरे पाकिस्तान सहित स्कार्दू, मरी, हुंजा और मुजफ्फराबाद जैसे स्थान से हो कर गुजरेंगी।

### 17 नवंबर को बंद होंगे श्री बदरीनाथ धाम के कपाट

**गोपेश्वर।** बदरीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को रात्रि नौ बजकर सात मिनट पर शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। इस पवित्र स्थल पर चल रही पंचपूजा के तहत शुक्रवार को वेद ऋचाओं का वाचन बंद कर दिया गया है। पंचपूजा एक प्राचीन धार्मिक अनुष्ठान है जो कपाट बंद होने से पहले किया जाता है। इस दौरान भगवान बदरीनाथ को विशेष पूजा-अर्चना की जाती है।

### भारत को नंबर वन बनाना है : डॉ. मोहन भागवत

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि जितना ज्ञान हम कमा सकते हैं, कमाना चाहिए। सीखते रहना ही जीवन है और सीखते-सीखते बुद्ध बन जाना है। डॉ. भागवत शुक्रवार को गुरुग्राम स्थित एसजीटी युनीवर्सिटी में विजन फॉर विकसित भारत के विषय पर अखिल भारतीय शोधार्थी सम्मेलन के पहले दिन प्रथम सत्र को संबोधित कर रहे थे।

### मुख्यमंत्री योगी ने विधानसभा उप चुनाव रैली को संबोधित करते हुए कहा

# भव्य राम मंदिर हमारी विरासत

### सपा की वास्तविक विरासत खान मुबारक अतीक व मुख्तार : योगी

समृद्धि न्यूज

**अंबेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों से बिना रुके, हटे, डिगे देश की सुरक्षा, गरीब कल्याण, इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट और विरासत का सम्मान हो रहा है, जबकि वर्ष 2014 से पहले इंडी गठबंधन के लोग राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ और विरासत



का अपमान करते थे। उन्होने कहा कि प्रदेश में विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं तो विरासत का सम्मान भी हो रहा है। आज अयोध्या में दिव्य, भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हो गये हैं, जिसे देख हर देशवासी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। यह हमारी विरासत है। इस विरासत का सपा के लोगों ने हमेशा अपमान किया है। इनकी वास्तविक विरासत खान मुबारक, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी हैं।

अंबेडकरनगर की धरती पर डॉक्टर लोहिया का जन्म हुआ था, लेकिन समाजवादी पार्टी डॉ. लोहिया और आचार्य नरेंद्र देव के मूल्यों और आदर्शों से भटक चुकी है। यही वजह है कि ये महाराजा सुहेलदेव के स्मारक पर नहीं जाते हैं, क्योंकि इन्हे मुस्लिम वोट बैंक खिसकने का भय है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी ने विधानसभा उपचुनाव रैली को संबोधित करते हुए कही। अंबेडकरनगर के कटेहरी विधानसभा के प्रत्याशी धर्मराज निषाद और मीरजापुर के मझवां विधानसभा के प्रत्याशी सुचिस्मिता मौर्य के पक्ष में वोट की अपील की।

इस अवसर पर मंत्री स्वत्रंतदेव सिंह, ओम प्रकाश राजभर, संजय निषाद, दयाशंकर मिश्र दयालु, विधान परिषद सदस्य डॉ. धमेंद्र सिंह, मंत्री अनिल राजभर, आशीष पटेल, रामकेश निषाद, सांसद विनोद बिंद आदि उपस्थित थे। योगी आदित्यनाथ ने कटेहरी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए ने बहराइच में महाराजा सुहेलदेव का भव्य स्मारक बनवाया है। वह भारत के महान योद्धाओं में शामिल थे। श्रृंगवेरपुर में भगवान राम और निषादराज के मैत्री की 56 फिट ऊंची प्रतिमा को स्थापित किया है, जो विरासत के सम्मान को दर्शाता है। वहीं सपा परंपराओं, किसानों और युवाओं का अपमान करने वाली है।

### उपचुनाव में भाजपा का होगा सफाया : अखिलेश



**मैनपुरी।** समाजवादी पार्टी (सपा) मुखिया अखिलेश यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में सपा सभी नौ सीटें जीतने जा रही है जिसमें करहल की जीत सबसे बड़ी होगी। मैनपुरी के कोसमा चौराहे पर आयोजित एक जनसभा में उन्होने कहा अब योगी जी योग करेंगे,उनके हाथ से उत्तर प्रदेश में हो रहे विधानसभा उपचुनाव की सभी सीटें जीतने जा रही हैं। यह उपचुनाव 2027 के विधानसभा चुनावों की भी तस्वीर दिखायेगा। 2027 में बीजेपी का उत्तर प्रदेश से किनारा हो जाएगा। उन्होने कहा कि भाजपा वाले पीडीए की तो परिभाषा दे रहे हैं,पर लोगों से डी ए पी के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र का चुनाव परिणाम उत्तरप्रदेश का भविष्य तय करेगा। महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव परिणाम के बाद उत्तर प्रदेश में बदलाव होगा। मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट पर हो रहे चुनाव में समाजवादी पार्टी के तेजप्रताप यादव का भाजपा के अनुजेश यादव से मुकाबला है। दोनों आपस में रिश्तेदार हैं। अखिलेश यादव आज अनुजेश यादव के प्रभाव वाले क्षेत्र में चुनावी सभा कर रहे थे। अनुजेश यादव की माँ उर्मिला यादव पूर्व में घिरोर विधानसभा सीट से ही दो बार विधायक रही हैं। यह परिसीमन के बाद करहल विधानसभा क्षेत्र में शामिल हो गयी।

### दूसरे राज्यों से इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर यूपी में टैक्स छूट न देने की नीति सही : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जम्मू से इलेक्ट्रिक वाहन खरीद कर उत्तर प्रदेश में चलाने पर रोड टैक्स में छूट की मांग में दाखिल याचिका खारिज कर दी है। याची का कहना था कि राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर सरकार ने टैक्स छूट दी है, जबकि अन्य राज्य में खरीदने पर छूट न देना, विभेदकारी है। कोर्ट ने कहा कि राज्य के भीतर वाहन खरीदने पर राज्य को राजस्व प्राप्त होता है। दूसरे राज्य से वाहन खरीदने पर राजस्व का नुकसान होता है। राज्य में वाहन खरीदने पर रोड टैक्स में छूट की शर्त लगाना राज्य की शक्ति में है। इसे अनुचित नहीं कहा जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली तथा न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने मैसर्स बत्रा हेनले केबल्स की याचिका पर यह आदेश दिया। याची ने जम्मू से इलेक्ट्रिक वाहन खरीदा और उत्तर प्रदेश में पंजीकृत कराया है। उसे रोड टैक्स के रूप में एक लाख 91 हजार 9 सौ रुपये भुगतान करना था। जबकि उत्तर प्रदेश की अधिसूचना के तहत जिन लोगों ने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे हैं, उन्हें रोड टैक्स की छूट दी जा रही है। याची ने रोड टैक्स का भुगतान करने से इन्कार कर दिया। कहा उसे भी छूट दी जाय।

# 22 दिसम्बर को दो पालियों में होगी पीसीएस प्री परीक्षा



समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्री) परीक्षा 2024 जो दो दिन 7 व 8 दिसम्बर को होने वाली थी। अब 22 दिसम्बर को दो सत्रों में आयोजित होगी। आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने बताया है कि प्रतियोगी छात्रों की मांगों को ध्यान में रखते हुए पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा 2024 की तिथि को बदलते हुए नई तिथि 22 दिसम्बर घोषित की है। यह फैसला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रतियोगी छात्रों की मांग को ध्यान में रखते हुए की गई पहल के बाद लिया गया है।

प्रयागराज में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए, अब यह परीक्षा एक ही दिन में सम्पन्न कराई जाएगी। पहले यह परीक्षा 7 व 8 दिसम्बर को दो दिनों में आयोजित होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक ही दिन में दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। इस संशोधन के बाद पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा 22 दिसम्बर को सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे और दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक दो पालियों में आयोजित की जाएगी। इस निर्णय से प्रतियोगी छात्रों को अब एक ही दिन में परीक्षा देनी होगी, जिससे उनके यात्रा और समय की समस्या को हल किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतियोगी छात्रों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आयोग को इस सम्बंध में उचित कदम उठाने के लिए कहा था। सीएम योगी की पहल के बाद आयोग ने छात्रों की मांगों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए परीक्षा की तिथि में बदलाव किया है।

# अस्पताल के लेबर रूम में पुरुष की एंट्री बैन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी के स्वास्थ्य विभाग में शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री की तरफ से बड़ी कार्रवाई की गई है। ड्यूटी से लगातार गैरहाजिर 8 मेडिकल ऑफिसर को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं लेबर रूम में डॉक्टर या सर्जन के अलावा किसी भी पुरुष की एंट्री बैन रहेगी। ऑपरेशन थिएटर में मोबाइल और कैमरे भी नहीं ले जा सकेंगे।

सीतापुर सीएचसी में नसबंदी का ऑपरेशन कराने गई महिला का ओटी में वीडियो वायरल होने के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की तरफ से गाइडलाइन जारी की गई है। उन्होंने कहा कि लेबर रूम में डॉक्टर के अलावा अन्य किसी भी पुरुष कर्मचारी, चाहे वो ट्रेनी हो या अन्य कर्मचारी एंट्री पूरी तरह से बैन रहेगी। मथुरा के बलदेव



सीएचसी में तैनात जनरल फिजीशियन डॉ. अनीता, वृंदावन के जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि वमाज, फरह सीएचसी में तैनात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राधिका पाराशर को बखाज़्स्त किया गया है। इसके अलावा कासगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नमैनी में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ.आशीष कुमार, बाराबंकी में मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन तैनात चिकित्साधिकारी डॉ.एम ताहिर, बागपत के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रटौल में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार, लखनऊ के लोकबंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में तैनात जनरल सर्जन डॉ. आशीष कुमार सिंह और बहराइच के पयागपुर सीएचसी में तैनात डॉ.पूनम पाल की भी टर्मिनेट कर दिया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। अम्बेडकर नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुण्डेर में तैनात प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार सिंह को सस्पेंड किया गया है।

1- सीतापुर सीएचसी में नसबंदी का ऑपरेशन कराने गई महिला का ओटी में वीडियो वायरल होने के बाद डिप्टी सीएम ने जारी की गाइडलाइन
2- ड्यूटी से लगातार गैरहाजिर आठ मेडिकल ऑफिसर सेवा से बर्खास्त
3- ऑपरेशन थिएटर में मोबाइल व कैमरा भी ले जाने पर प्रतिबंध

### जिस दिन जातीय जनगणना हो गई, बदल जाएगा देश का चेहरा : राहुल गांधी

**गोड्डा।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को झारखंड के गोड्डा जिला अंतगज़्त मेहरमा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिस दिन जातीय जनगणना हो गई, उसी दिन से देश का चेहरा बदल जाएगा। दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों को उनकी असली ताकत का पता चलेगा और इसके बाद एक नई राजनीति की शुरुआत हो जाएगी। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि भाजपा भले ही जातीय जनगणना की मांग नकार दे, लेकिन कांग्रेस पाटीज़ लोकसभा में इसका प्रस्ताव पास करेगी। उन्होंने कहा कि दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, गरीबों की सही संख्या सामने आते ही हम आरक्षण की 50 प्रतिशत की दीवार को झारखंड से लेकर दिल्ली तक तोड़कर दिखाएंगे।

### कार्तिक पूर्णिमा को गंगा के घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**कानपुर।** कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर कानपुर में गंगा के सभी घाटों पर शुक्रवार भोर से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पतित पावनी मां गंगा में स्नान किया और विधिवत पूजा अर्चना करके प्रसाद चढ़ाया। इसके साथ ही गंगा के तट पर मौजूद गरीबों को दान किया। इस मौके पर गंगा के सभी घाटों की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है। कानपुर नगर के मां गंगा के सरसैया घाट, परमट घाट, सिद्धनाथ घाट, मस्कर घाट, अटल घाट समेत सभी घाटों पर कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर शुक्रवार भोर से स्नान करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। कार्तिक पूर्णिमा पर घाटों की सुरक्षा को लेकर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर ने बिठूर घाट पर पहुंचे श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर निरीक्षण किया। स्नान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस बल एवं सुरक्षा व्यवस्था को परखा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस बा-बार स्नानार्थियों से अपील करती नजर आई।

समृद्धि न्यूज

# जनजातीय समाज की पढ़ाई, कमाई व दवाई पर सरकार का जोर : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के जमुई में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष समारोह के शुभारंभ के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस समारोह में कहा कि जनजातीय समाज की पढ़ाई, कमाई और दवाई पर हमारी सरकार का बहुत जोर है।

प्रधानमंत्री ने 6,640 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया और भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। उन्होंने पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत आदिवासी



परिवारों के लिए बनाए गए 11,000 घरों के गृह प्रवेश में भी वर्चुअली भाग लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में देश के आदिवासी बहुल जिलों में बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव उपवन बनाए जाएंगे। इसमें हजारों पेड़ लगाए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने पूर्व की सरकारों पर आदिवासी समुदाय के विकास की अनदेखी करने और आजादी के आंदोलन में उनकी भूमिका को मिटाने का आरोप लगाया।

जनसभा

### केंद्रीय रक्षा मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह चुनावी रैली में कहा

# पहले चरण के मतदान से स्पष्ट झारखंड में आ रही भाजपा

समृद्धि न्यूज

**रांची।** केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कहा कि आज गुरु पर्व, भगवान बिरसा मुंडा की जयंति और झारखंड प्रदेश का स्थापना दिवस का दिन है। आज ये बताने की जरूरत नहीं है कि भाजपा और हमारे नेताओं का आदिवासी समाज के लिए कितना सम्मान रहा है। भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष देश के युवाओं को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। आजाद भारत के इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंति को देश भर में जनजातीय



गौरव दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया।

राजनाथ सिंह शुक्रवार को गोड्डा जिले के महगामा में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने 13 बार मुख्यमंत्रियों को बनते देखा है, जिनमें से तीन मुख्यमंत्रियों को जेल की हवा खानी पड़ी है लेकिन भाजपा के 3 मुख्यमंत्री रहे हैं, जिन पर कभी भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे हैं।

उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान से स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में भाजपा-एनडीए की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस-जेएमएम-आरजेडी तीनों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। जेएमएम का मतलब जमकर मलाई मारो है। वहीं कांग्रेस ने जिस भी राज्य में जिस भी दल के साथ मिलकर चुनाव लड़ा हैं, वहां बंटाधार हो गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि, हेमंत सोरेन ने सत्ता के लालच में चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री पद से हटाया, ताकी जमकर भ्रष्टाचार कर सकें। प्रदेश की हालात ये है कि यहां मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भी पैसा लिया जाता है।

### राजनीति सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि देश बनाने के लिए हो

प्रधानमंत्री मोदी ने हर घर नल और नल से जल पहुंचाने का अभियान चलाया, लेकिन हेमंत सरकार ने नल का भी पैसा लेना शुरू कर दिया। राजनाथ ने हेमंत सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव से पहले जो युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, कहां है वो? कांग्रेस कहती है कि हमारी सरकार बनते ही जातिगत जनगणना करवाई जाएगी और उसी आधार पर आरक्षण देंगे। मैं कांग्रेस से कहना चाहता हूं कि राजनीति सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि देश बनाने के लिए की जानी चाहिए। उन्होंने मंडल मुर्मू को लेकर कहा कि वे भाजपा में शामिल हो गए क्योंकि झामुमो की नांव डूबने वाली थी। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि ऐसी सरकार बनाओं जिसके दामन पर भ्रष्टाचार के दाग न हो और न ही लगने पाए। भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अगर कोई बेदाग पार्टी है, तो वो भारतीय जनता पार्टी है। आज अंतरराष्ट्रीय मचों पर भी जब भारत बोलता है, तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। उन्होंने कहा कि इस बार झारखंड में भाजपा-एनडीए सरकार बनने जा रही है।

# कार्तिक पूर्णिमा: मनो गंगा में भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

- शाहजहांपुर, लखीमपुर, हरदोई, सीतापुर आदि जनपदों से आते हैं श्रद्धालु

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान के लिए मनो गंगा घाट पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हजारों श्रद्धालुओं ने कार्तिक पूर्णिमा पर डुबकी लगाई। सुबह तीन बजे से भक्तों का स्नान शुरू हो गया। शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के दिन बड़ी संख्या में शाहजहांपुर लखीमपुर हरदोई सीतापुर आदि जनपदों से श्रद्धालु पहुंचे। बस और ट्रेन की मदद से श्रद्धालुओं की आवाजाही का सिलसिला जारी रहा। स्नान के लिए श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-पाठ कर मनोगंगा में डुबकी लगाई। बता दें कि कार्तिक पूर्णिमा पर दान-पुण्य का विशेष महत्व माना गया है। इस दिन दान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी भावना से श्रद्धालु दूर-दूर से गंगा स्नान के लिए मनो गंगा पहुंचे हैं। घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दे रही थी, जो आस्था के रंग में रंगी रही। जगह-जगह पर पुलिस रही मौजूद फिर भी चोर उचक्के रहे सक्रिय। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजारों श्रद्धालुओं का आवागमन रहा जिसके चलते उचौलिया से लगाकर मनोगंगा तक लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही और जाम की स्थिति बनी रही सुरक्षा व्यवस्था और भीड़भाड़ से निपटने के लिए पुलिस जगह-जगह पर मौजूद रही जिसके बावजूद भी मंदिर परिसर में प्रसाद चढ़ाते समय किसी उचक्के ने करमुलिया निवासी एक महिला के कान से कुंडल नोच लिए। वहीं एक दूसरी महिला के भी कान से उचक्के ने कुंडल नोच लिए।

### कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई तीर्थ सरोवर में डुबकी

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान की बेला शुक्रवार को सुबह 6.19 बजे से आरंभ हुई। स्नान के पर्व कार्तिक पूर्णिमा के दिन शुक्रवार को गोला के पौराणिक शिवालय के समीप स्थित तीर्थकुंड में भक्त महिला, पुरुषों ने पुण्य अर्जित करने के लिए तीर्थ सरोवर में डुबकी लगाई। इसके पश्चात सरोवर के किनारे घाट पर गरीबों को अन्न, धन, वस्त्र आदि का दान कर पुण्य अर्जित किया। वहीं भक्तों ने पुरोहितों से कथा का श्रवण कर आनंद लिया। इसके पश्चात पौराणिक शिवालय में आशुतोष भगवान शिव का दूध, दही, गंगाजल से अभिषेक कर बेलपाती, भांग, धतूरा, फल, फूल, पुष्प आदि अर्पण कर मत्था टेका। यहां सूर्योदय से ही घाट पर भीड़ भाड़ का माहौल रहा। शहर सहित दूर दराज से आए भक्तों ने सरोवर में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया।

## भगवान विष्णु के स्वरूप शालिग्राम का देवी तुलसी से हुआ विवाह



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** हरे रामा हरे कृष्णा किटी द्वारा श्री राधा कृष्ण मंदिर में भगवान विष्णु के स्वरुप शालिग्राम का देवी तुलसी का विवाह बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। मंदिर प्रांगण में ढोल नगाड़ा से भगवान शालिग्राम की बारात निकली गई, जो राधा कृष्ण मंदिर में पहुंची जहां पर देवी तुलसी लड़की पक्ष के लोगों ने बारात का मंगल गीत गाकर स्वागत किया। भगवान शालिग्राम व माता तुलसी का विवाह बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। शहर की महिलाओं ने भगवान शालिग्राम व माता तुलसी के विवाह के साक्षी बने विवाह का कार्यक्रम मंदिर के पुजारी मनोज कुमार ने संपन्न कराया। इस मौके पर मंजू खन्ना, शालिनी जायसवाल, उमा राजपूत, अनु साहनी, अनीता अग्रवाल, रितु अनुराधा, अंजली सिंह, रीना सिंह, गौरी, अंजना, पूर्णिमा गुप्ता, अर्चना जायसवाल, अंजू जायसवाल समेत तमाम महिलाएं शामिल रहीं।

## गन्ने के खेत में आम के पेड़ से लटका मिला महिला का शव

- जल निकासी को लेकर मारने के बाद शव को पेड़ से लटकाने का आरोप

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

उचौलिया थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गाँव मानाखेड़ा में शुक्रवार को नाली के विवाद को लेकर दबंगों ने एक महिला को पीट पीट कर मारने के बाद शव को उसी के खेत में खडे आम के पेड से लटका दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर भेज दिया है।

थाना उचौलिया में दिए गए प्रार्थना पत्र में प्रताप ने बताया है कि उसकी पत्नी चंपा देवी उम्र लगभग 45 वर्ष सुबह लगभग 5:00 बजे घर से शौच करने के लिए खेत पर गई थी। काफी देर तक उनके वापस न आने पर इधर-उधर खोजबीन की लेकिन कुछ पता न चलने पर थाने पर आया और पुलिस को सूचना दी। सूचना देने के बाद वापस आने पर उसने और उसके पुत्र ने काफी ढूंढा जिसके बाद गांव के बाहर गन्ने के खेत में आम के पेड़ से उसका शव लटका हुआ मिला। पुलिस को दी गई तहरीर में प्रताप ने 6 लोगों को नामजद किया है। घटना के बाद परिजनों में हडकंप मच गया। मृतका चंपा देवी के दो लड़का और एक लड़की है जिनकी शादी हो चुकी है।

> थाना अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने बताया है कि तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

**लगभग छह महीने से चल रहा था नाली का विवाद:** परिजनों के मुताबिक उसका पड़ोसियों से 6 महीने से नाली के पानी को लेकर विवाद चल रहा था जिसकी सूचना कई बार उसने थाने में भी दी थी। लेकिन कोई भी कार्यवाही नहीं हुई।

## व्यापार मंडल संगठन को सक्रिय और भंग ईकाई के गठन पर जोर




**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा हुई। साथ ही शीघ्र नई कार्यकारिणी के गठन पर सहमति जताई गई। गुरुवार को संगठन के जिला महामंत्री राकेश तिवारी बड़े के आवास पर जिलाध्यक्ष नानकचंद वर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष नानक चंद्र वर्मा ने कहा कि संगठन को और अधिक सक्रिय करने की जरूरत है। भंग जिला इकाई का जल्द ही पुर्नगठन किया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष नानक चंद वर्मा, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, कैलाश चंद गुप्ता, महामंत्री राकेश तिवारी बड़े, बाल कृष्ण बल्लू, नगर अध्यक्ष पारस प्रसाद मिश्रा, महामंत्री संजय अवस्थी, युवा जिलाध्यक्ष सुभाष वर्मा, दिव्य प्रताप सिंह, युवा नगर अध्यक्ष जितेंद्र गट्टानी, श्रवण महेश्वरी, शिव गोपाल गुप्ता, मुकेश गुप्ता, गोपाल कृष्ण शुक्ला, शिव कुमार सोनी, रामजी गुप्ता, त्रिनयन राठौर, रामचंद्र रस्तोगी, दीपक श्रीवास्तव, अनुराग गुप्ता, मनोज जायसवाल, संजय साहनी उर्फ टोनी सुरेश चंद वर्मा, श्रीपाल वर्मा, राहुल गुप्ता, सचिन गुप्ता, प्रेम जायसवाल सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## हर संभव मदद व अधिकारियों से वार्ता कर कराएंगे समाधान: विधायक अमन गिरि

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

- दिव्यांगों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक को दिया ज्ञापन



भारतीय दिव्यांग यूनियन ने अपनी विभिन्न समस्याओ को लेकर छहः सूत्रीय ज्ञापन विधायक अमन गिरि को सौंपा। साथ ही समस्याओं के निराकरण की मांग की। यूनियन के अध्यक्ष विकास कुमार कई साथियों के साथ विधायक को दिए ज्ञापन में बताया। कि गोला विधानसभा क्षेत्र में कई दिव्यांगजन बेरोजगार हैं। स्व रोजगार के लिए पर्याप्त जगह स्थान नहीं है। साथ ही आर्थिक रूप से काफी कमजोर होने के कारण स्वरोजगार के लिए उनके पास स्थान नहीं है। यदि उन्हे क्षेत्र के विभिन्न स्थलों जैसे, मंडी समिति, तहसील परिसर, मंदिरों के पास, बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, चौराहा, ब्लॉक के पास सरकारी संस्थान के पास, स्कूलों के पास, गन्ना लाइन, थाना परिसर के बाहर स्थान दिलाया जाए। जिससे वह निर्भय होकर अपना स्वरोजगार कर सकें। सभी दिव्यांगों के राशन कार्ड अंत्योदय श्रेणी के बनाए जाएं, जिससे उनका भरण पोषण हो सके। दिव्यांगों को बिना किसी भेदभाव के प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास, शौचालय की सुविधा प्रदान कराई जाए। विधानसभा क्षेत्र की बैंकों से दिव्यांगों को मुद्रा ऋण प्रदान करने ब्लॉक, तहसील स्तर पर प्रत्येक माह की एक निश्चित तिथि पर कैंप लगाए जाने, दिव्यांगों को मुद्रा ऋण का लाभ मिल सके। विधायक ने दिव्यांगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि। वह दिव्यांगों के साथ हैं, जो भी समस्याएं आ रही, वह अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कराएगे। इस मौके पर अमित कुमार, मोहम्मद जावेद, मिथिलेश कुमार, नीरज, शिवरतन आदि दिव्यांगजन मौजूद थे।

## आखिरकार कैद में आया तेंदुआ

- मझगई रेंज सहित लुधौरी की टीम ने की निगरानी, पिंजड़े में तेंदुआ को किया कैद

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



तकरीबन आधा दर्जन से अधिक लोगो पर हमला करने वाला तेदुएं को शुक्रवार बकरे का शिकार करने के लिए पिंजरे में घुसते ही कैद हो गया। तेदुएं के कैद होने की खबर मिलते ही क्षेत्र लोगो ने राहत की सांस ली। लुधौरी व मझगई रेंज की सयुक्त टीम द्वारा की गई कड़ी मेहनत के बाद मिली सफलता से लोगो के दिलो में बना डर भी तेदुएं के साथ कैद हो गया।

लुधौरी रेंज से मझगई रेंज के करीबन बीस किलोमीटर के क्षेत्र फल में लगातर दहशत का पर्याय बने तेंदुए को पकड़ने के लिए दोनों रेंज के अधिकारियों मिलकर कई बार योजना बनाई थी लेकिन सफलता हांथ नही लग रही थी। निगरानी टीमो को चकमा देकर लगातार भाग निकलने वाले तेदुएं को पकड़ने के लिए कई बार योजनाबद्ध तरीके से से पिंजरे भी लगाए गए। पर टीम को चकमा दे यह फरार हो जाता था। लुधौरी रेंज के रेंजर गजेंद्र सिंह ने बताया कि यह तेंदुए क्षेत्र में कई लोगो पर हमला कर चुका था जिसे कई बार गांव वालों की मदद से उसे जंगल और ले जाने का प्रयास किया जा चुका है। लेकिन वह जंगल पहुच कर पुनः आबादी की ओर वापस आ जता रहा और बतात्ते हुए कहा शुक्रवार ग्रामीणों ने सूचना दी कि तेदुएं चखरा के मुंसी गढ़ के पास देखा गया है। जिसे पकड़े जाने के लिए झाड़ियो के निकट पिंचरा लगाया गया और उसमें बकरा बांध दिया गया। सुबह से उसकी निगरानी शुरू की गई करीबन चार घण्टे के बाद गन्ने के खेत से निकले तेदुएं ने पिंजरे के कैद बकरे का शिकार करने का प्रयास किया तो वह वही कैद हो कर रह गया। यह भी बताया कि मझगई रेंजर अंकित कुमार की मौजूदगी में उनकी टीम की योजना सफल रही जिससे यह कामयाबी मिली है। पकड़े गए तेदुएं को मझगई टीम ने अपने कब्जे में लेते उसे उच्चाधिकारिओ के निर्देश के बाद घने जंगलों में छोड़े जाने की बात कही है।

## श्रीकृष्णा और कंस का प्रसंग सुन श्रोता भाव-विभोर



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** नीलकंठ मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास पण्डित मयंक शेखर पाण्डेय ने भगवान श्री कृष्ण और कंस की कथा सुनाई। पौराणिक शिव मंदिर के निकट नीलकंठ मैदान में कथा प्रवचन करते हुए व्यास ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण कंस के बुलावे पर गोकुल से मथुरा आते हैं। जहां वह मार्ग में ही कुबजा नामक दासी जो कंस को अंगराज लगाती है। जिसका शरीर कई जगहों से टेढ़ा था जिसका कन्हैया जी ने उद्धार किया जिससे वह बहुत सुन्दर स्त्री हो गई। तत्पश्चात उन्होंने कंस का वध किया और अपने माता पिता वासुदेव देवकी तथा नाना उग्रसेन को जेल से छुड़ाया। महराज उग्रसेन को मथुरा का राजपाट सौंपकर वह अपने गुरू संदीपनी ऋषि के आश्रम में शिक्षा गृहण की. उन्हें गुरुदक्षिणा के रूप में उनके पुत्र को यमलोक से लाकर दिया की कथा रूपी अमृत वर्षा की। श्री मद्भागवत कथा का मूल पाठ आचार्य अवधेश नारायण मिश्र नारायण जी निरन्तर कर रहे हैं। इस अवसर पर कथा सभा के अध्यक्ष मुनेन्द्र शुक्ल, मनोज तिवारी, श्रीराम बाजपेई, सुनील कुमार बाजपेई, राजेश बाजपेई, एकलव्य तिवारी, पुनीत शुक्ला, अमित मिश्रा, रामचन्द्र राठौर, राकेश मिश्रा, शिव प्रसाद अवस्थी, गिरधारी लाल गुप्ता, मनोज त्रिवेदी, तेजराम, अयोध्या प्रसाद, संजय साहनी, अशोक अवस्थी, संजय अवस्थी, मिथलेश कुमारी, प्रीति गिरी, लीला भदौरिया, चित्रा मौजूद थे।

## बेखौफ लोगों ने तालाब की मिट्टी निकालकर बेची

**मझगई खीरी।** जनपद की तेज तर्रार जिलाधिकारी जिनके नाम से खनन कारोबारियों के पसीने छूटते है। इसके बाबजूद बुलंद हौसलों के चलते थाना मझगई में खनन कारोबारियों ने तालाब की करीब दो सौ ट्रॉली मिट्टी निकालकर बेच दी जिससे सरकारी संपत्ति का नुकसान हुआ। वहीं मामले की शिकायत करने पहुंचे युवक को भी जान माल की धमकी देने का आरोप है। बता दें जसवंत कुमार पुत्र नदलाल निवासी ग्राम



- रोजगार सेवक ने पुलिस को खननकर्ताओं के खिलाफ दी तहरीर

नौगवां मजरा दौलतापुर थाना मझगई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि वह रोजगार सेवक का कार्य करता है। 15 नवंबर को सुबह लगभग सात बजे उसे पता चला कि कुछ लोग नौगवां तलवाताल से ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिटटी निकालकर बेच रहे है। जिस पर वह तत्काल मौके पर पहुंचा। तो देखा कि वहां विपक्षी कैलाश पुत्र शत्रोहनलाल ट्रैक्टर मालिक, अंकित पुत्र शत्रोहन लाल गुप्ता, अशोक उर्फ छोटकई पुत्र मेवालाल भार्गव ट्रैक्टर मालिक, निवासी ग्राम नौगवा मजरा दौलतपुर थाना मझगई आठ मजदूरों नाम पता अज्ञात फावडां के साथ तालाब के किनारे बनाए गए बांध की मिट्टी काटकर ट्रालियों में भर रहे थे। उसके विरोध करने पर विपक्षी आमादा मारपीट व हमलावर हो गए और ट्रालियों में मिट्टी भरकर भाग गए। तालाब की करीब दो सौ ट्राली मिटटी निकाल कर बेच दी। आरोप है कि विपक्षियों ने उसे धमकी दी कि यदि शिकायत की तो उसे व उसके परिवार को जान से मार देगे। भयभीत होकर वह मौके से सीधे थाने पहुंचा और तहरीर देकर जांच की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### दौड़ाकर जान से मारने का आरोप, अधिवक्ता ने दी तहरीर

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** आपसी विवाद में दो अधिवक्ताओं में रार छिड़ी है। जिसे लेकर एक पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर विपक्षी वकील पर जान से मारने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। मनोज कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्रीकृष्ण स्वरुप श्रीवास्तव निवासी मुहल्ला पूर्वी दीक्षिताना कस्बा व थाना गोला जिला खीरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि वह एक वरिष्ठ अधिवक्ता है। 11 नवंबर को सायं सात बजे व किसी जरुरी कार्य से गोला लखीमपुर मार्ग पर जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में एक होटल के समीप विपक्षी संतोष त्रिपाठी एडवोकेट पुत्र मुरलीधर त्रिपाठी निवासी कस्बा थाना गोला अपने दो अज्ञात साथियों के साथ लाठी डंडों से लैस खडा था। विपक्षी ने जैसे ही उसे देखा तो जोर से आवाज लगाकर अपने साथियों से कहा कि इसे जान से मार दो बचने ना पाए। इसके बाद विपक्षियों ने उसे मारने की नियत से दौडा लिया। किसी तरह व जान बचाकर नरायन लोहिया वाली गली में भागा, विपक्षियों ने काफी दूर तक उसका पीछा किया। किसी तरह उसने अपनी जान बचाई। आरोप है कि विपक्षियो ने ऐलानियां धमकी दी, कि भविष्य में इसको जिंदा नहीं छोडेगे इसके बाद अपशब्द कहते हुए चले गए। उनका आरोप है कि विपक्षी संतोष त्रिपाठी वकालत की आड में न्यूज चैनल चलाता है। तथा स्वयं को पत्रकार बताकर लोगों को ब्लैकमेल कर धन उगाही करता है। साथ ही बताया कि विपक्षी उसके विरुद्व फर्जी मुकदमे में फंसाने का षणयंत्र रच रहा है। तथा सार्वजनिक स्थल पर अपशब्द कहने से उसके मान सम्मान प्रतिष्ठा को गहरी ठेस पहुंची है। पुलिस पीडित अधिवक्ता की तहरीर पर मामले की जांच कर रही है।

### प्लाट पर अवैध कब्जे के आरोप में दो पक्षों में मारपीट



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** शहर के मुहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना में एक प्लाट पर कब्जा करने के आरोप में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मामले में पीडिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। सुशीला पत्नी सतीश चंद्र निवासी ग्राम बोझिया पोस्ट संसारपुर थाना मैलानी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि शुक्रवार लगभग 12 बजे विपक्षी नेहा पत्नी राजीव, अनुराधा पुत्री कमलेश निवासी पता उपरोक्त ने प्रार्थिनी के गोला शहर के मुहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना स्थित एक प्लाट पर अवैध तरीके से कब्जा करने के नीयत से नींव खुदवा रही थी। जिस पर उसके विरोध करने पर विपक्षियों ने आमादा हमलावर होते हुए अपशब्द कहे तथा उसके बाल पकडकर घसीटते हुए लात घूंसों व ईंट पत्थर से बुरी तरह से मारापीटा। जिससे उसके शरीर में अंदरुनी चोटे आई है। जबकि पीडिता का आरोप है प्लाट का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बाबजूद विपक्षी अवैध कब्जा कर उसके हिस्से में नींव खुदवा रहे है। तथा जान माल की धमकी दी। जिससे परेशान पीडिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पति के जुल्म से परेशान महिला ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** विवाहिता को मारपीट कर घर से भगा देने तथा उसकी बडी बेटी का अपने घर रखने के मामले में पीडित विवाहिता ने आरोपी पति के विरुद्व गोला पुलिस में शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही आरोप लगाया है कि दो वर्ष पूर्व उसके पति ने उसे मारपीट कर भगा दिया था। तब से वह अपने माएके में रह रही है। जबकि उसका पति किसी अन्य महिला के साथ रह रहा है। महिला ने मारपीट के विरुद्व कार्रवाई तथा बेटी को वापस दिलाने की मांग की है। पीडित महिला ज्योति पुत्री महेन्द्र कुमार निवासिनी ग्राम जगन्नाथपुर थाना गोला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि उसका विवाह 10 मार्च 2016 को अंकित पुत्र जिमीदार दुबग्गा लखनऊ के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ हुआ था। अंकित का परिवार व माता पिता गोडा तिवारी बाजार में रहते है। विवाह के उपरांत उसके दो पुत्रियां 5 वर्ष, 6 वर्ष की है। शादी के बाद ही उपरोक्त अंकित उसे मारता पीटता व घर से निकाल देने की धमकी देता था। तथा कई बार उसे घर से निकाल दिया। तथा जान से मारने का प्रयास किया। जिस पर पास पडोस के लोगों ने किसी तरह उसे बचाया। उसकी बडी पुत्री पति के पास है। आरोप है कि अंकित किसी अन्य महिला को अवैध तरीके से अपने साथ रखता है। वह परेशान होकर पिछले दो वर्षो से अपने माएके में रह रही है। इसके बाबजूद भी उसके रिश्तेदार फोन कर उसे जान से मारने की धमकी देते है। जिससे वह भयभीत है कि कहीं उसकी हत्या न कर दी जाए। साथ ही उसने पुलिस से प्रार्थना की है। कि उसकी बडी बेटी उसे दिलवा दी जाए, तथा उसके साथ मारपीट व अत्याचार तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के विरुद्व कडी कार्रवाई की जाए। जिससे कि उसे न्याय मिल सके।

## सामान की डिलीवरी देने गए युवक की बाइक चोरी

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** शहर की मिल बाईपास से एक बाइक चोरी हो गई है। बाइक स्वामी ने कोतवाली में तहरीर दी है। शहर की भारत भूषण कालोनी निवासी संदीप राजपूत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि वह कुछ सामान की डिलीवरी करने के लिए अपनी बाइक से गया था। उसने बाइक



राधेश्याम अग्रवाल की कोठी के सामने खड़ी कर दी। कुछ समय बाद सामान डिलीवरी कर वापस आया तो देखा उसकी बाइक गायब थी। आस पास के लोगों से पूछने पर भी बाइक कोई पता नहीं चला। हालांकि सीसीटीवी फुटेज में बाइक को एक युवक ले जाता हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज के साथ तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विधायक की अध्यक्षता में मितौली मंडल की कार्यशाला आयोजित

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड मितौली के ग्राम फत्तेपुर स्थित बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय फत्तेपुर में कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू की अध्यक्षता में मितौली मंडल की कार्यशाला का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा की जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमारी, मन्डल अध्यक्ष मितौली सर्वेश सिंह की मौजूदगी में आयोजित की गई। बतौर मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने उपस्थित मंडल के सभी पदाधिकारीयों, सेक्टर संयोजकों, शक्ति केंद्र प्रभारियों तथा समस्त बूथ अध्यक्षों एवं समस्त मोर्चा तथा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा जिस तरह किसी बड़ी बिल्डिंग खड़ी करनी होती है तो सर्वप्रथम नींव की ईट का महत्व होता है इसीलिए भाजपा की सरकार बनाने के लिए सर्वप्रथम बूथ अध्यक्षों व उसकी टीम की विशेष जिम्मेदारी होती है अगर अपना बूथ मजबूत है तो तो कोई आपको कभी पराजित नहीं कर सकता है इसलिए भाजपा के पदाधिकारी जो यहां पर मौजूद है उन से विशेष आग्रह है भाजपा सरकार बनाने के लिए अभी से अपना बूथ मजबूत करें। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमारी ने कहा कि सर्वप्रथम अपनी सक्रिय बूथ कमेटी का गठन करने के साथ पन्ना प्रमुख तक बनाने की बात कही। मितौली मंडल अध्यक्ष सर्वेश सिंह ने मंच का संचालन करते हुए कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है वह आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति का चिंतन करती है इसलिए समस्त कार्यकर्ता अभी से चुनाव की तैयारी में लग जाए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सर्वेश सिंह के अलावा रामगोपाल अर्कवंशी, भाजपा मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार शुक्ल, संजय सिंह के अलावा समस्त मोर्चो के पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष तथा समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारी भाजपा कार्यकर्ता क्षेत्र के सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

## आसवनी यूनिट का हवन पूजन के साथ कार्य आरंभ

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड आसवनी गोला के नवीन सत्र के लिए गुरुवार प्रात:काल भगवान शिव जी के मंदिर, संकट मोचन श्री हनुमान जी मंदिर, मां मंगला देवी मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में विधिवत पूजन अर्चन किया गया। इसके उपरांत आसवनी में



वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्री सुंदरकांड पाठ व हवन किया। आसवनी के यूनिट हेड सहदेव सिंह से श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी दयानंद पांडे ने विधिवत हवन पूजन करवाया। इस मौके पर आसवनी के अधिकारी दीपक मिश्रा, सुनील पांडे, अरुण यादव, दिव्यांशु राय, डीके सचान, रितेश दुबे, मुन्ना राठौर, राम सिंगार यादव, अभिषेक सक्सेना, कमलापति त्रिपाठी, विनय मौर्य, विनय विश्वकर्मा, सोमेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## धूमधाम के साथ मनाया गया 'रजत जयंती' वर्ष

- सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के पूरे हुए 25 वर्ष
- हाईस्कूल 2024 टॉपर नैंसी, इंटरमीडिएट टॉपर स्मृति सिंह को चाँदी के मुकुट
- हाईस्कूल, इंटरमीडिएट 2023, 2024 के टॉपर्स को मिला चांदी का मेडल, टापर्स के माता पिता भी सम्मानित

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के 25 वर्ष पूरे होने पर शुक्रवार को रजत जयंती समारोह का धूमधाम से आयोजन किया गया। मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद उमेश द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल 'रिंकू' रहे। जबकि संचालन अभय कुमार त्रिपाठी ने किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, बालिका विभाग की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने संयुक्त रुप से विद्यालय की गौरवशाली प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया। कि शैक्षिक सत्र 1999से शैक्षिक सत्र 2024में हाईस्कूल/इंटरमीडिएट में जिला/राज्य स्तर पर विद्यालय के मेधावियों की रैंकिंग की जानकारी साझा की। वर्ष 2023के हाईस्कूल टॉपर वेदांत मिश्रा, इंटरमीडिएट टॉपर सक्षम कुशवाहा को विशिष्ट अतिथि विजय शुक्ल रिंकू ने चांदी का मुकुट, उनके माता पिता को श्रीफल, अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वर्ष 2024 हाई स्कूल टॉपर नैंसी वर्मा, इंटरमीडिएट टॉपर स्मृति सिंह को मुख्य अतिथि उमेश द्विवेदी ने चांदी के मुकुट, माता पिता को श्रीफल, अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही वर्ष 2023, 2024 के हाईस्कूल/इंटरमीडिएट टॉपर्स को चांदी का मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इसी कडी में सांस्कृतिक कार्यक्रमां की श्रंखला में मां तुझे सलाम, ये तो सच है कि भगवान है, शिव तांडव, कव्वाली, कवि सम्मलेन आदि की प्रस्तुति कर बच्चों ने समां बांध दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक ओम प्रकाश मिश्र ने सेवानिवृत्त शिक्षको बलवीर सिंह, गुरुदेव शुक्ल, सुमन शुक्ल को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कृत किया। आयोजन में विद्या निकेतन के प्रबंधक ओम प्रकाश मिश्रा, जीवन लाल कमला देवी महाविद्यालय के प्रबंधक वेद प्रकाश अग्निहोत्री, गुरु हरिकिशन कन्या महाविद्यालय के प्रबंधक कुलवंत सिंह चीमा, गोला पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक बीए खान, विनीत सिंह भदौरिया, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वर्मा, गोला देहात के प्रधान राजेश गिरि, भूमि विकास बैंक के पूर्व प्रबंधक सुरजनलाल वर्मा, सभासद हरिओम वर्मा, पूर्व प्रवक्ता पब्लिक इंटर कॉलेज केके शुक्ला, डॉ पियूष शुक्ल, डॉ डीएस मलिक, एनपी शुक्ल, दुर्गा प्रसाद मिश्र मौजूद रहे। राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# कोहरे से दृश्यता घटी, नौ फ्लाइटों ने देर से भरी उड़ान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार सुबह घना कोहरा पड़ने से लखनऊ एयरपोर्ट से 9 फ्लाइट एक से लेकर 3 घंटे तक देरी से उड़ीं। लखनऊ-जेद्दा फ्लाइट सबसे ज्यादा 5 घंटे लेट रही।

लखनऊ एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट के आस-पास की विजिबिलिटी 50 मीटर रह गई, जिसके चलते कई फ्लाइट के टाइम टेबल में परिवतज़्न किया गया। लखनऊ एयरपोर्ट पर सुबह 7.25 बजे नागपुर जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई7462 अपने निर्धारित समय 7.25 बजे के बजाय 10.00 बजे रवाना हुई। लखनऊ से सुबह 7.30 बजे मस्कट जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की विमान संख्या आईएक्स 149 अपने निर्धारित समय 7.30 के बजाय 9.00 बजे रवाना हुई। लखनऊ से इंदौर जाने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 7439 अपने निर्धारित समय 8.15 के बजाय 9.10 पर रवाना हुई। लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की विमान संख्या ए आई412 अपने निर्धारित समय 8.55 के बजाय 10.40 पर रवाना हुई।

# कारीगरों के उत्पादों को जानकर उसे अपने जीवन का बनाएं हिस्सा

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजधानी में ग्राम श्री व क्राफ्टरूट्स के तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**हस्तशिल्पियों व हुनरमंद कारीगरों के लिए हो विवि की स्थापना**

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज लखनऊ के कैसरबाग स्थित सफेद बारादरी में ग्रामश्री व 'क्राफ्टरूट्स' द्वारा आयोजित हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

राज्यपाल ने कहा कि जब बड़े लोग छोटे लोगों की उंगली पकड़ेंगे, तभी देश प्रगति कर सकता है। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी, यानी महिलाएं अपने घरों से बाहर निकलकर जब पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संयुक्त प्रयास करेंगी तभी देश की तरक्की होगी। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री मोदी की सोच को साझा करते हुए कहा कि आज महिलाएं सेना में हवाई जहाज उड़ा रही हैं, जो प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता का परिणाम है। राज्यपाल ने कहा कि उनके द्वारा विविध परिस्थितियों में विविध स्थलों पर जाकर प्रदर्शनी को लगाया जाना व अपने उत्पादों का विक्रय कराना एक सराहनीय प्रयास है। राज्यपाल ने हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों हेतु एक ऐसे विश्वविद्यालय की कल्पना की जहाँ अनपढ़ हुनरमंद कारीगरों का भी नामांकन हो सके और उन्हें प्रमाण-पत्र प्राप्त हो सकें। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों द्वारा ऐसे हुनरमंद कारीगरों को डिजाइन देने का कार्य करना चाहिए और इन्हें अच्छी चीज बनाए जाने हेतु प्रोत्साहित करना चाहिए।

इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने क्राफ्टरूट्स के प्लेटफार्म की सराहना करते हुए कहा की ये कारीगर काफी गहनता व बारीकी से अपने उत्पाद तैयार करते हैं, जिसमे काफी समय लगता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की संकल्पना एक भारत श्रेष्ठ भारत की चर्चा करते हुए कहा कि जब अलग-अलग राज्य के नागरिक एक दूसरे से मिलेंगे तो यह संकल्पना साकार होगी।

## खबरें एक नजर में

### रिजवान तीसरी बार चालक महासंघ के अध्यक्ष निर्वाचित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजकीय वाहन चालक महासंघ के घटक संघों सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने एक बार फिर रिजवान अहमद को महासंघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुना है। महासंघ कार्यालय 93 बी दारूलशफा की आमसभा में लगभग दो दर्जन से अधिक जनपदों के पदाधिकारी और अधिकाधिक संगठनों के अध्यक्ष महामंत्री की उपस्थिति में पूर्व कार्यकारिणी को पुनः चुने जाने के फैसले को सुरक्षित रखते हुए संघ के अध्यक्ष ने पुरानी कार्यकारिणी बैठक के उपरान्त निर्विरोध कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि रिजवान अहमद सिद्धीकी स्वास्थ विभाग प्रदेश अध्यक्ष, सहजराम यादव समाज कल्याण उपाध्यक्ष, जल प्रकाश त्रिपाठी जल निगम महामंत्री, तेजशंकर व्यापार कर मंत्री, कैलाश साहू सिंचाई विभाग, संयुक्त मंत्री, महेन्द्र सिंह राणा कृषि विभाग संगठनमंत्री, रमेश कुमार सिंचाई विभाग प्रचार मंत्री चुने गए। निर्विरोध निर्वाचन के उपरान्त महासंघ के अध्यक्ष रिजवान अहमद ने कहा कि हमारी मांगों में शासन द्वारा सहानुभूति पूर्वक विचार किया जा रहा है।

### मकबूलगंज में लोग गंदगी से त्रस्त, बीमारियों का खतरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के थाना कैसरबाग क्षेत्र के मकबूलगंज में पिछले छह महीने से गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालियां पूरी तरह चोक हैं और कूड़े के ढेर से पूरा इलाका बदबू मार रहा है। स्थानीय निवासी फिरोज आलम बताते हैं, हमने कई बार नगर निगम से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन हमें खुद ही सफाई करनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है। बच्चे बीमार पड़ रहे हैं और बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफहो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की गंदगी से डेंगू, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करते हुए सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### धूमधाम से मना शनि देव का 24वां स्थापना दिवस समारोह



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रविवार को श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर चौक के तत्वावधान में श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर चौक में विराजमान शनि देव महाराज का 24वां स्थापना दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में सांसांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ दोपहर 1 से भंडारा प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा (राज्यसभा सांसद पूर्व उपमुख्यमंत्री) व महंत विशाल गौड़ (श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर) एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष अजय अग्रवाल व समस्त ट्रस्ट गण एवं भक्तगण प्रदीप कुमार वर्मा (चौक समाचार पत्र अध्यक्ष), उपेंद्र रस्तोगी, सोनू अग्रवाल, आचार्य राजेश शुक्ला, पंडित विजेंद्र गौड़, अंकुर दिक्षित, पंडित नीरज अवस्थी, गोपाल नाथ शर्मा आदि उपस्थित होकर श्री शनिदेव महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### पुलिस-अपराधी गठजोड़ के खिलाफ 21 को प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भाकपा माले के ब्लॉक सचिव का. रमेश शर्मा, ऐपवा की ब्लॉक संयोजिका का. कमला गौतम, और अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला संयोजक का. छोटे लाल रावत ने एक संयुक्त बयान में क्षेत्र में पुलिस-अपराधी गठजोड़ के चलते बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस गठजोड़ के खिलाफ 21 नवम्बर को बीकेटी उपजिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करने की घोषणा की है। कम्युनिस्ट नेताओं ने पुलिस और अपराधियों के बीच मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं, और वे बड़े से बड़ा अपराध करने से पीछे नहीं हट रहे। कहा कि एक खतरनाक अपराधी ने एक महिला को दो-तीन वर्षों तक बंधक बनाकर उसके साथ यौन अत्याचार और अन्य जुल्म किए।

### बीजेपी ने गौरव दिवस के रूप में मनाई बिरसा मुंडा जयंती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पाटीज़ ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को आदिवासी अस्मिता एवं संस्कृति के रक्षक, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा शौयज़ एवं पराक्रम के परिचायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कृतज्ञ नमन किया। प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चैहान, प्रदेश मंत्री शंकर गिरि, प्रदेश मुख्यालय सहप्रभारी अतुल अवस्थी सहित बड़ी संख्या में लोगो ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कृतज्ञ नमन करते हुए जनजातीय गौरव दिवस मनाया।प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चैहान ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जयंती को आज हम सभी जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मना रहे है। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए, अत्याचार एवं अनाचार के विरूद्ध संघर्ष के लिए तथा धर्मांतरण के खिलाफ आन्दोलन के लिए देश सदैव भगवान बिरसा मुंडा का अभारी रहेगा।

### 131वीं गोमती महाआरती व सनातन समागम का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित कातिज़्क पूर्णिमा व देव् दीवाली पर आयोजित सनातन महासमागम एवं 131वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 07 भव्य मंचों से पूज्य स्वामी आनंद नारायण जी, स्वामी हरेंद्र नाथ,स्वामी मुरारीदास, राज्य सभा सांसद डॉ दिनेश शमाज़ व देवेंद्र शुक्ल के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा।

**सीएम योगी गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें प्रकाश पर्व में हुए शामिल, कहा**

# नानक ने सन्मार्ग पर चलने का दिया संदेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को कहा कि ईश्वर की आराधना के प्रति गुरु नानक देव ने हम सभी को लगातार प्रेरित किया, साथ ही सन्मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यही परंपरा आगे चलकर भक्ति से शक्ति के तेज पुंज के रूप में बदल गई और गुरु गोविंद सिंह महाराज के नेतृत्व में इसे नए आयाम मिले।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आलमबाग एवं गुरुद्वारा पटेल नगर में श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। एक बयान में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पांच वर्ष पूर्व गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री आवास पर कीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया था जिसे उन्होंने सौभाग्यशाली बताया। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षो से गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों के वीर बलिदानी दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा कर, इसे राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम घोषित किया। यह कार्यक्रम आज की युवा पीढ़ी को देश और धर्म से जोड़ने के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी।'' उन्होंने कहा कि ये महान परंपराएं समाज और राष्ट्र को अपनी विरासत से जोड़ने के साथ प्रेरणा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती हैं। अपनी विरासत और आदर्शो से प्रेरणा लेने वाला समाज कभी गुलाम नहीं हो सकता है।

### जनजातीय समाज के प्रेरणा स्रोत रहे भगवान बिरसा मुंडा : मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 में जयंती आज जनजातीय गौरव दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय जनजातीय भागीदारी उत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री असीम अरुण, पर्यटन मंत्री संजीव गौड़ और प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ. हरिओम भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनजातीय प्रतिनिधि, सांस्कृतिक कलाकार, और गणमान्य लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय समाज के एक प्रेरणा स्रोत रहे हैं। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की वीरता और जनजातीय समाज के प्रति उनके योगदान का स्मरण किया। सीएम योगी ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय समाज के एक प्रेरणा स्रोत रहे हैं, जिन्होंने न केवल अपनी संस्कृति और अस्तित्व की रक्षा की, बल्कि समाज को भी प्रेरित किया। उनका जीवन हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक है। इस आयोजन में विभिन्न जनजातीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें नृत्य, संगीत और कला के माध्यम से जनजातीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। इसके साथ ही, जनजातीय विकास और संरक्षण के लिए कई योजनाओं और योजनाबद्ध कार्यों की भी चर्चा की गई, जिससे जनजातीय समाज का सशक्तिकरण हो सके। उत्सव में देश-विदेश के जनजातीय प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया, जो इस आयोजन को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्वरूप प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जनजातीय समाज के विकास और दोहराई। 6 दिवसीय इस महोत्सव में भारत के 22 राज्यों के साथ-साथ स्लोवाकिया और वियतनाम से भी कलाकार शामिल हो रहे हैं।

# 76 मरीजों को दी गई एक करोड़ तीस लाख रुपए की आर्थिक मदद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी की पहल पर सितम्बर और अक्टूबर महीने में प्रयागराज के साथ ही विभिन्न क्षेत्र के गम्भीर बीमारियों के शिकार 76 मरीजों को एक करोड़ 69 लाख 90 हजार 962 रूपए की आर्थिक मदद दिलाई गई। जिससे कई लोगों को नई जिंदगी मिली। वहीं कईयों का बेहतर ईलाज हुआ। गम्भीर रूप से बीमार एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए मुख्यमंत्री द्वारा सरकारी खजाना पूरी तरह खोल दिए जाने और आम जनता का विश्वास बढ़ने के कारण मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक मदद पाने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

जुलाई और अगस्त महीने में मंत्री नन्दी की पहल पर जहां 66 मरीजों को एक करोड़ तीस लाख 33 हजार 962 रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई थी। वहीं सितम्बर और अक्टूबर महीने में आथिज़्क मदद की धनराशि एक करोड़ 69 लाख 90 हजार 962 रूपए का आंकड़ा पार करते हुए एक करोड़ 70 लाख तक पहुंच गई है। मंत्री नन्दी के पहल पर प्रत्येक महीने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के साथ ही अन्य विधानसभा क्षेत्र व जनपदों के गम्भीर रूप से बीमार दो से तीन दजज़्न लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष से आथिज़्क सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी बेहतर से बेहतर ईलाज करा सकें और अपना जीवन बचा सकें। मंत्री नन्दी ने कहा कि क्षेत्र की जनता का सुख दुख हमारा सुख दुख है। इसलिए पूरा प्रयास यही रहता है कि पैसे के अभाव में बेहतर ईलाज न हो पाने के कारण किसी की जान न जाए और लोग अपनों को न खोएं। इसलिए गम्भीर रूप से बीमार लोगों की मदद प्राथमिकता के आधार पर की जाती है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 करोड़ प्रदेशवासियों को अपना परिवार मानते हैं और हर मुश्किल समय में लोगों के साथ खड़े रहते हैं। असाध्य एवं गम्भीर रोगों से ग्रसित व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को ईलाज कराने के लिए भटकना न पड़े, परेशान न होना पड़े इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी खजाना खोल रखा है।

# महापौर सुषमा खर्कवाल ने किया शिविरी प्लान्ट का निरीक्षण

समृद्धि न्यूज

**अब शिविरी प्लान्ट की क्षमता दो गुनी हुई**

**लखनऊ ।** महापौर सुषमा खकज़्वाल द्वारा लखनऊ नगर निगम सीमा क्षेत्र में पूर्व से किये जा रहे लीगेसी वेस्ट निस्तारण की व्यवस्थाओं का भौतिक निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने के उद्देष्य से ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तगज़्त शिविरी स्थित ठोस अपशिष्ट प्रोसेसिंग प्लान्ट पर लखनऊ नगर निगम सीमा क्षेत्र में प्रतिदिन जनित लगभग 2000 मी.टन फ्रेश कूड़े के निस्तारण कार्य हेतु 1000 मीट्रिक से 2000 मीट्रिक टन) क्षमता के प्लान्ट की स्थापना, संचालन एवं अनुरक्षण कार्य का ड्राई रन के साथ शिवरी प्लान्ट में कराये गये कार्यों का भौतिक सत्यापन, निरीक्षण किया गया।

महापौर के साथ पार्षद रंजीत सिंह, पार्षद सौरभ सिंह (मोनू), पार्षद कोमदी त्रिपाठी, पार्षद गौरी सांवरिया, पार्षद पीयूष दीवान एवं पाषज़्द प्रतिनिधी नागेन्द्र, सन्तोष राय, राजीव त्रिपाठी एवं नगर निगम के नगर आयुक्त, अपरनगर आयुक्त डा. अरविन्द कुमार राव, पयाज़्वरण अभियन्ता संजीव प्रधान एवं अधिशाषी अधिकारी पी.के. सिंह के साथ अन्य अधिकारी एवं क्षेत्रीय प्रधान अंजनी राजपूत पत्नी रामनरेश राजपूत भी उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर महापौर द्वारा नगर निगम लखनऊ को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये जाने एवं नगर को कूड़ा व प्रदूषण मुक्त किये जाने हेतु किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उक्त योजना मे कार्यरत मेसर्स भूमि ग्रीन एनर्जी संस्था एवंसमस्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी गयी। साथ ही प्रोसेसिंग स्थल को और अधिक हरा भरा एव प्रदूषण मुक्त बनायें जाने के उद्देश्य से प्रशासनिक भवन के समीप वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिह ने बताया कि लखनऊ नगर निगम सीमा क्षेत्र से उत्सर्जित एवं शिविरी स्थित ठोस अपशिष्ट प्रोसेसिंग प्लान्ट तक परिवहन कर नियमित पहुचाये जा रहे लगभग 2000 मीट्रिक टन ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण कार्य हेतु निविदा के माध्यम से मेसर्स भूमि ग्रीन एनर्जी संस्था का चयन किया गया है। भूमि ग्रीन संस्था द्वारा मोहान रोड, शिविरी स्थित प्रोसेसिंग प्लान्ट पर समस्त मशीनरी की स्थापना करते हुए लखनऊ नगर में जनित फ्रेश ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण के कार्य हेतु 600 मीट्रिक टन क्षमता के प्लान्ट का ड्राई रन किया गया।

### 67 यूपी बटालियन एनसीसी के सीएटीसी-227 कैम्प का समापन

**लखनऊ ।** राजधानी के कैण्ट स्थित 4 गढ़वाल राइफल्स में 67 यूपी बटालियन एनसीसी लखनऊ द्वारा 5 नवम्बर से 14 नवम्बर तक सीएटीसी -227 कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को कैम्प कमाडेंट कर्नल पुनीत श्रीवास्तव के द्वारा कैम्पक्लॉसिंग एड्रेस आयोजन किया गया। 67 यूपी बटालियन एनसीसी कैम्प कमाण्डेण्ट कर्नल पुनीत श्रीवास्तव का स्वागत कैडेट द्वारा वेलकम गीत गाकर किया गया। इसके बाद ग्रुप कैम्प कमाण्डर ने एनसीसी स्टाफ, एनसीसी अधिकारी और कैडेट्स से बातचीत करते हुए कैम्प की जानकारी ली। कैम्प में अच्छा प्रदर्शन करने वाले एनसीसी स्टाफ, एनसीसी अधिकारी और एनसीसी कैडेट्स को कैम्प कमाण्डर ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। कैम्प के दौरान इंटर ग्रुप कॉम्पीटिशन की ड्रिल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और फ्लैग एरिया का निरीक्षण और वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और खो खो टीम द्वारा खेले गये मैच में विनर टीम को कमाण्डर ने मेडल पहनाकर हौसला उपजाई किया। इस मौके पर कैम्प कमाडेंट ने कम्बाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैम्प -227 की सराहना करते हुए कहा कि कुछ दिनों में ए, बी और सी की परीक्षा आने बाली है तो कुछ जरूरी जानकारी कैडेट को दी।



**समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरु नानक की 555वीं जयंती के पावन पर्व पर शुभकामनाएं दी।**

### छात्रों की मांग एकदम सही, दूसरी भी मानी जानी चाहिए : प्रमोद तिवारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा प्रयागराज में प्रदर्शनरत छात्रों की कुछ मांगे मानने के बाद भी आंदोलन जारी है।इस पर सियासी बयानबाजी भी खूब हो रही है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, छात्रों की बातें पूरी तरह से उचित हैं। वे बिना किसी राजनीतिक एजेंडे के अपनी बात रख रहे हैं। सवाल यही है कि आखिर उनकी जो डिमांड मानी गई, उसके लिए उन्हें 6 दिन तक लाठियां क्यों खानी पड़ी? जब कदम गलत था, तो सरकार क्यों 5 दिन तक अड़ी रही? मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि उनकी दूसरी मांग भी पूरी तरह से न्यायसंगत है और आरओ को लेकर जो मांग की गई है उसे तुरंत स्वीकार किया जाना चाहिए। मैं छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलन के साथ पूरी तरह से खड़ा हूं। इसके बाद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा भारतीय जनता पार्टी पर समाज को बांटने के आरोप का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा, मल्लिकार्जुन खरगे ने जो कहा, वह देश की आवाज है और देश के हित में है।

# दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान में 200 बेड का बनेगा छात्रावास

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व उनके निदेज़्श पर दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, लखनऊ के परिसर में 200 बेड 100कमरे के छात्रावास के निमाज़्ण हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान की गयी और इसके लिए प्रथम किस्त के रूप में 4 करोड़ 75 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

इस सम्बन्ध में शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रदान की गयी है। शासनादेश में कहा गया है कि इस कार्य हेतु नामित कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड लखनऊ द्वारा प्रस्तुत आगणन 1907.55 लाख रूपये के सापेक्ष प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग, योजना भवन, लखनऊ द्वारा मूल्यांकित धनराशि 1773.46 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा वृहद निर्माण कार्य मद में प्राविधानित बजट व्यवस्था 950 लाख सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में धनराशि 475 लाख की स्वीकृति निधाज़्रित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन की गयी है।

### बुद्धं शरणं से उत्तम कोई मार्ग नहीं : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को मूलगंथ कुटी विहार सारनाथ वाराणसी में कार्तिक पूणिज़्मा पर मूलगंथ कुटी विहार के 93वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे प्रतिभाग किया इस अवसर उन्होंने पर परमपूज्य भंते गणों को संबोधित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व का वतज़्मान परिदृश्य में भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को ग्रहण करना चाहिए क्योंकि उनका सिद्धान्त शांति, सद्भावना और विश्व बंधुत्व की दिशा में एक मार्गदर्शक रूप में कायज़ कर सकता है। धार्मिक व्यवहार, ज्ञान, करुणा और सौहार्द का बौद्ध दृष्टिकोण और तृष्णा का त्याग, एक नई विश्व व्यवस्था के लिए आधार प्रदान करता है। इतिहास से भरपूर और आध्यात्मिकता से सराबोर, मूलगंथ कुटी विहार सारनाथ के प्रमुख बौद्ध स्थल मे भगवान बुद्ध के विभिन्न स्वरूपों के उन्होंने दर्शन किए। श्री मौर्य ने कहा कि भगवान बुद्ध के उपदेश शांति का मार्ग अपनाने पर जोर देते हैं, उनके उपदेश आज की तनावभरी जिंदगी तथा विश्व शांति के लिए और अधिक प्रासंगिक है।

**महाकुंभ** | **शहर के 1000 ई-रिक्शा चालकों को स्टोरी टेलिंग और सॉफ्ट स्किल की दी जा रही ट्रेनिंग**

# कुंभनगरी में प्रयाग का माहात्म्य भी बताएंगे ई-रिक्शा चालक

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में पारम्परिक भारतीय मूल्यों और 'अतिथि देवो भवः' की संकल्पना को साथ लेते हुए पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं और वातावरण प्रदान कर रही है। महाकुम्भ इसके लिए बड़ा मंच प्रदान कर रहा है। शहर के ई रिक्शा चालकों को संस्कारवान बनाने की आज से हुई शुरुआत इसी का हिस्सा है। पर्यटन विभाग को इसकी जिम्मेदारी दी गई है।

महाकुम्भ आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के पहुंचने पर सबसे पहले भेंट होती है यहां टैक्सी चालक या ई रिक्शा चालकों से। इन चालकों के बर्ताव, आगंतुकों से संवाद और उनके तौर तरीके से भी कुम्भनगरी की छवि तय करेंगे। ऐसे में इनकी सॉफ्ट स्किल की ट्रेनिंग की जरूरत को देखते हुए आज से ई रिक्शा चालकों की ट्रेनिंग भी पर्यटन विभाग की तरफ से शुरू हुई है।

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि एक हजार ई रिक्शा चालकों का प्रशिक्षण देने का अभियान आज से शुरू हुआ है। पहले दिन सौ ई रिक्शा चालकों को प्रशिक्षण दिया गया है। अभियान का उद्देश्य रिक्शा चालकों का स्किल डेवलेपमेंट और उनके बर्ताव को आगंतुकों के प्रति और बेहतर बनाना है। कांशीराम पर्यटन प्रबन्ध संस्थान, लखनऊ की अगुवाई में इन रिक्शा चालकों को ट्रेनिंग दी जा रही है। जिसके लिए उसकी एसओपी बनाई गई है। कुम्भ मेला प्रशासन के मुताबिक ये रिक्शे कुम्भ क्षेत्र के अंदर व बाहर चलाए जाएंगे जिनके लिए कलर कोडिंग भी की जायेगी।

### पर्यटन विभाग ने शुरू की रिक्शा चालकों की संस्कार पाठशाला

मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंध संस्थान की तरफ से शहर के होटल राही इलावर्त में यह ट्रेनिंग शुरू हुई है। कांशीराम पर्यटन प्रबंध संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रखर तिवारी का कहना है कि पर्यटकों के साथ व्यवहार के प्रति संवेदनशील बनाने और पर्यटक स्थलों एवं मार्गों की जानकारी देने के साथ स्वच्छता की जानकारी देने के लिए इनका प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन रिक्शा चालकों को महाकुम्भ की कहानियां और प्रयाग के माहात्म्य का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि ये लोग आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को गंतव्य स्थल तक पहुंचाने के साथ प्रयागराज के पर्यटक स्थलों की भी रोचक अंदाज में जानकारी दे सकें।

### ई रिक्शा चालकों का भरवाया गया फार्म

इन ई रिक्शा चालकों को ट्रेनिंग देने के पहले एक फॉर्म भी पर्यटन विभाग की तरफ से उनकी बुनियादी जानकारी के लिए भरवाया गया है। प्रयागराज ई रिक्शा एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी का कहना है कि यह फॉर्म ई रिक्शा चालकों को दिया गया है जिसमें उल्लिखित शर्तों का पालन करने पर ही उनको ट्रेनिंग का प्रमाणपत्र और रिक्शे का क्यू आर कोड मिलेगा। जिसे वे अपने रिक्शे में अपनी पहचान के लिए लगा सकेंगे।

# बदमाशों ने बाइक सवार पति-पत्नी से की लूट




**जेवर भरा बैग छीनकर फरार**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के खोड़ारे थाना क्षेत्र अन्तर्गत बभनान- खोड़ारे रोड पर थाने से दो सौ मीटर दूरी पर स्थित एस आर पेट्रोल पंप के सामने गुरुवार की शाम को बाइक सवार दंपत्ति को बाइक सवार दो बदमाशों ने बाइक मे ठोकर मारकर गिराकर गहने से भरा बैग लूटकर थाने के सामने से फरार हो गए। बताया जाता है कि दंपत्ति ससुराल से वापस आ रहा था। गहनों की कीमत छः लाख बताई जा रही है। थाना से महज चंद मीटर की दूरी पर हुई वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक खोड़ारे थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गाँव के रहने वाले मनोज तिवारी गुरुवार की शाम अपने ससुराल बस्ती जिले के हरैया थाना क्षेत्र अंतर्गत त्रिलोकपुर गांव से वापस अपने घर लौट रहे थे,इसी दौरान शाम करीब 6:30 बजे के आसपास बाइक सवार दंपत्ति से बभनान खोड़ारे रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार बदमाशों ने लूट के घटना को अंजाम दे दिया। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया,लेकिन बदमाश पुलिस के पहुंच से दूर रहे।

### इलाके में मचा हड़कंप, थाना से महज चंद मीटर की दूरी पर हुई वारदात

इस वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। थाना से महज चंद मीटर की दूरी पर हुई वारदात की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी मनकापुर आर.के. सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने तत्काल वाहन चेकिंग एवं संघन तलाशी अभियान चलाया लेकिन आरोपी फरार होने में कामयाब हो चुके थे।

### 17 नवम्बर को बेटी की होनी थी शादी

बताया जाता है कि पीड़ित मनोज तिवारी के बेटी की 17 नवंबर को शादी है। बेटी की शादी के लिए उसने ससुराल में जेवर आदि इकट्ठा करके रखा था। बेटी की शादी करीब होने के कारण ससुराल से जेवर लेकर आ रहा था। पीड़ित के अनुसार लेडीज हैंडबैग में जेवर मंगलसूत्र, अंगूठी, नथिया, पायल, झुमकी, पावजेब, चैन सहित लगभग 6 लाख रुपए का जेवर मौजूद था।
इस संबंध में क्षेत्राधिकारी आरके सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। बदमाशों के तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी सहायता से ट्रेस किया जा रहा है। मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# भंडारे के साथ हुआ श्री राम कथा का समापन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



श्री मेंहदीपुर बालाजी परिवार द्वारा आयोजित स्टेशन रोड स्थित श्री नूरा मल मंदिर पर श्री बालाजी महोत्सव आयोजन में गुरुवार को कार्यक्रम के आखिरी दिन भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

उधर मंच पर विराजमान कथा वाचक श्री रविशंकर गुरु भाई ने आयें हुए सभी भक्तों को सिंदूर, प्रसाद और हनुमान चालीसा की किताब वितरण किया और सभी को आशीर्वाद दिया, इसके अलावा कमेटी और सम्मानित व्यक्तियों को श्री मेहंदीपुर बालाजी की फोटो और प्रसाद दिया और भक्तों ने आशीर्वाद लिया। और इधर मंच पर श्री मेहंदीपुर धाम से आए गुरुवर श्री अरविंद शर्मा जी से भक्त मिलकर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के दौरान श्री मेहंदीपुर बालाजी परिवार के सुनील कुमार रस्तोगी, संतोष सोनी, संदीप मेहरोत्रा, प्रतीक टंडन, गौरव रस्तोगी, शानू कसौधन, बीनू कुशवाहा, अजय कसौधन, अंकित मिश्रा, अनुराग शर्मा, अभिषेक गुप्ता, चन्दन आर्य, आलोक सिंह, विवेक सिंह, अभिनाश गुप्ता, शुभम कसौधन, अमन वर्मा, सत्यम गुप्ता, राम शंकर कसौधन वेद प्रकाश सोनी, गौरव गुप्ता, सोमनाथ रस्तोगी, गौरव मित्तल, राजू सोनी, निखिल कसौधन, अमन रस्तोगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

▸ दरबार में भक्तगण ने गुरुवर से मिलकर लिया आशीर्वाद

# विद्युत कर्मी सड़क हादसे में गंभीर घायल, निजी अस्पताल में भर्ती

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



कर्नलगंज विद्युत उपकेंद्र पर तैनात गोरखपुर के निवासी धनजीत कुमार कर्नलगंज तहसील के पावर हाउस में टीजी-2 के पद पर तैनात हैं। जो गुरुवार की देर रात्रि में एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना गुरुवार की लगभग रात 10 बजे हुजूरपुर तिराहे पर घटी,जब गाड़ी में अचानक ब्रेक लगाने के चलते वह गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। धनजीत कुमार राजस्व वसूली के कार्य में तैनात हैं और वर्तमान में कर्नलगंज के सीएचसी के सामने किराए के मकान में रहते हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए उन्हें गोंडा के निजी अस्पताल ओ.एन. पाण्डेय के यहां भर्ती कराया गया है,जहां इलाज चल रहा है। घायल धनजीत कुमार के सहकर्मियों और जान-पहचान वालों को जैसे ही इस हादसे की सूचना मिली,वह लोग अस्पताल में उनकी हाल चाल जानने के लिए पहुंच गए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक धनजीत कुमार की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है,लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दिनों के लिए निगरानी में रखने का निर्णय लिया है। इस हादसे ने एक बार फिर से सड़कों पर सुरक्षा के प्रति सतर्कता को सवालिया कटघरे में खड़ा कर दिया है।

# सीएचसी हलधरमऊ में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों की फौज कर रही मौज

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत सीएचसी हलधरमऊ में डॉक्टर फार्मासिस्ट समेत समेत 18 स्वास्थ्य कर्मियों की फौज मौज करती हुई दिखाई पड़ रही है। यहां सभी स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी शीतकालीन ऋतु में प्रतिदिन 10 से 4 होने के बावजूद गुरुवार को दोपहर में 12 बजे सन्नाटा पसरा हुआ नजर आया। हलधरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों की इन दिनों मौज कटती हुई नजर आई।

विभागीय जानकारों का कहना है कि यह क्रम काफी दिनों पहले से इस सीएचसी में चल रहा है यह कोई नया नहीं है। यहां कुछ गिने चुने स्वास्थ्य कर्मियों को छोड़ दिया जाय तो कोई स्वास्थ्य कर्मी अपनी ड्यूटी के प्रति गम्भीर नहीं लग रहा है। यहां ऐसा माहौल बना दिया गया है कि जो काम कर रहे हैं वह ही सारा काम करें और जो आराम कर रहे हैं वे हमेशा आराम करते रहे। लोग यहां तक बताते हैं कि जो स्वास्थ्यकर्मी अधीक्षक की सेटिंग में हैं बिना कोई ड्यूटी करके इकट्ठा आकर हाजिरी लगा कर चलते बनते हैं। इनमें से ज्यादातर स्वास्थ्य कर्मियों की संविदा पर तैनाती है। कुछ लोगों का रवैया तो इस तरह से है कि वह वह जल्दी आकर हाजिरी लगाकर गायब हो जाया करते हैं। कुछ लोग तो ऐसे हैं जो देर से आते हैं और हाजिरी लगाकर जल्दी चले जाते हैं। गुरुवार को दोपहर में अधीक्षक, बीपीएम व एएनएम का कमरा बन्द मिला।

नियमित व संविदा को मिलाकर करीब तीन दर्जन स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती के बावजूद गुरुवार दोपहर में यहां सन्नाटा पसरा रहा। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक यहां डॉक्टर सन्त प्रताप वर्मा अधीक्षक, डा. अरुण कुमार चिकित्साधिकारी, डा. अनुज कुमार चिकित्साधिकारी समेत तीन डॉक्टर कार्यरत हैं।

विपिन कुमार डेंटल हाइजिनिस्ट, नरसिंह नारायन सिंह चीफ फार्मासिस्ट, अनूप कुमार सिंह फार्मासिस्ट, अमरदीप सिंह फार्मासिस्ट, राजेन्द्र बहादुर एनएमए, सन्त राम पाण्डेय एलटी, विकास सिंह, राहुल पाण्डेय, अजय कुमार सिंह बीएचडब्लू, सरिता तिवारी स्टाफ नर्स, प्रभास कुमार सिंह नेत्र परीक्षण अधिकारी, सुषमा वर्मा व सुखरानी कनौजिया वरिष्ठ सहायक, दुर्गेश तिवारी स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला, सन्तोष कुमार एचवी प्यून, ललित कुमार स्वच्छक कम चौकीदार समेत कुल 18 स्वास्थ्यकर्मी यहां नियमित कार्यरत हैं। इसके अलावा करीब डेढ दर्जन स्वास्थ्यकर्मी यहां संविदा पर कार्यरत हैं।

इस तरह से यहां स्वास्थ्य कर्मियों की अच्छी खासी फौज तैनात है। सोमवार को फार्मासिस्ट अनूप कुमार, संतराम पाण्डेय एलटी, डा. अनुज कुमार व विपिन कुमार डेंटल हाइजिनिस्ट, प्रभास कुमार सिंह नेत्र परीक्षण अधिकारी उपस्थित मिले। इसके अलावा सीएचसी अधीक्षक समेत सभी स्वास्थ्यकर्मी दोपहर में ही नदारद रहे। अधीक्षक डा. सन्त प्रताप वर्मा ने बताया कि आज वह आज विभागीय काम से गोंडा गए हुए थे। उनके बैठने वाले कमरे में कुछ काम चल रहा है। ईसीजी व एक्सरे मशीन को चलाने के लिए तीन दिन के लिए कर्नलगंज सीएचसी के टेक्नीशियन आनन्द वर्मा को हलधरमऊ सीएचसी पर लगाया गया है।

# तिर्रे मनोरामा में लगता है प्रतिवर्ष ऐतिहासिक मेला

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद थाना इटियाथोक अन्तर्गत पौराणिक कार्तिक पूर्णिमा पर तिर्रे मनोरमा में ऐतिहासिक पोखरे और उद्दालक मुनि के तपोस्थली पर भारी भीड़ के साथ मेला लगता है।इसकी ख्याति जानने के लिए तिर्रे मनोरमा के ग्राम प्रधान व जिला पंचायत प्रतिनिधि अमर सिंह से मिलने पर प्रधान ने बताया कि यहां बहुत भारी मेला लगता है यह सिद्ध मुनि की तपोस्थली है और यहां पर पोखरा है जहां लोग स्नान दान करके प्राचीन शिव मंदिर में पूजन करते हैं उसके उपरांत यहां पर कई मान्यताएं प्रचलित है जो लोगों में आकृषण का केन्द्र है।ग्राम प्रधान अमर सिंह ने कहा की इस ऐतिहासिक पोखरे और तपोस्थली सहित शिव मन्दिर को भी पौराणिक दृष्टि से मान्यता देने और पर्यटन स्थल घोषित कराऐ जाने का मेरा प्रयास है। लोगों के द्वारा बताया गया कि मेले में मन्दिर के आसपास मैदान पर तंबू नगरी सजती है जो मनमोह लेती है।यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।भारी भीड़ के मद्देनजर इटियाथोक थानाध्यक्ष ने पहले से ही टीम को अलर्ट कर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर रखा है।

## खबरें एक नजर में

### दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद फैजाबाद निवासी अभियुक्त को विशेष न्यायाधीश पाक्सो ने बृहस्पतिवार को नाबालिग के साथ अपहरण व दुष्कर्म के मामले में 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को 50 हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया है।हरदी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी 14 वर्षीय बेटी के अपहरण व दुष्कर्म आदि का आरोप लगाते हुए जनपद फैजाबाद के थाना मवई स्थित रतनपुर गांव व मौजूदा पता शहर के नलकूप कालोनी कोतवाली देहात निवासी अभियुक्त सुनील कुमार गौतम के खिलाफ थने पर तहरीर देकर 16 जून 2018 को मुकदमा कराया था। मुकदमें में विवेचना अधिकारी ने साक्ष्यों व गवाहों व पीड़िता के बसान लेकर 17 अक्तूबर 2018 को आरोप पत्र न्यायालय में सौंपा था। बृहस्पतिवार को मुकदमें में विशेष न्यायाधीश पाक्सो दीपकांत मणि की कोर्ट ने सुनवाई शुरू की। इस दौरान विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता संतप्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष सिंह ने धटना को जघन्य बताते हुए अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने की दलील पेश की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों का तर्क सुनने के बाद अभियुक्त को दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को पचार हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को पांच माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता आयोजित



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के विज्ञान परिसर में अंतर महाविद्यालयीय बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता 2024 /25 का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य अतिथि वर्षा सिंह, उपाध्यक्ष, प्रबंध समिति एवं विशिष्ट अतिथि श्री उमेश शाह, सचिव, प्रबंध समिति ने इस प्रतियोगिता का उद्घघाटन किया। इस प्रतियोगिता का पहला उद्घघाटन मैच एल बी एस डिग्री कॉलेज गोण्डा और ए एन डी कॉलेज बभनान के बीच खेला गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच ए एन डी कॉलेज बभनान एवं राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय आवासीय टीम के बीच खेला गया। जिसमें आवासीय टीम ने 35 अंक हासिल कर विजय प्राप्त किया जबकि ए एन डी कॉलेज बभनान ने 15 अंक हासिल कर दूसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम के संचालक के रूप में प्रोफेसर आर बी सिंह बघेल ने खिलाड़ियों का खूब उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य प्रोफेसर रवींद्र कुमार ने खेलो के महत्व को बताते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। क्रीडा संयोजक, डॉक्टर संतोष कुमार श्रीवास्तव, कीड़ा सचिव, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, डॉ अरूण कुमार वर्मा एवं रुकसाना के निर्देशन मैं खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ह्रष्ट समन्वयक प्रोफेसर जितेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए विश्वविद्यालय ने डॉक्टर अरविंद कुमार शर्मा एवं डॉक्टर संजय शर्मा को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया था जिन्होंने प्रतियोगिता को निर्विवाद रूप से संपन्न कराने में अपनी भूमिका का निर्वहन किया। भोजन एवं जलपान व्यवस्था को डॉक्टर मनोज मिश्रा एवं उनकी टीम ने बखूबी निभाया। सर्टिफिकेट ट्रॉफी एवं पुरस्कार वितरण में डॉक्टर शिशिर त्रिपाठी एवम डॉक्टर अच्युत शुक्ल का योगदान सराहनीय रहा, पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के प्राचार्य प्रो.रविंद्र कुमार पांडे, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कीड़ा परिषद के सचिव प्रोफेसर आशीष प्रताप सिंह ऑक्टा के महामंत्री अमूल्य प्रताप सिंह, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉक्टर वेद प्रकाश बेदी ,डॉक्टर नागेंद्र सिंह एवम अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# विशेश्वरगंज में आयोजित हुआ खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

रामलीला मैदान विशेश्वरगंज के प्रांगण में बाबा खाटू श्याम के जन्मदिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशेश्वरगंज राकेश पांडेय, विधायक प्रतिनिधि पयागपुर निशंक त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाबा की आरती पूजन के बाद आयोजित भंडारे में प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुरेंद्र कुमार प्रेमी के भजन से श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। गायक कलाकारों में विशाल मिश्र, दीपिका मिश्रा, व पवन दूबे ने सुंदर भजन की प्रस्तुति की। कार्यक्रम आयोजन में मुख्य रूप से शिवा जायसवाल, अंकित जायसवाल, निखिल सोनी, प्रताप जायसवाल, वैभव त्रिपाठी, विजय पटवा, अमन सोनी, उपस्थित रहे।

# तेंदुए ने चार वर्षीय बालक को बनाया निवाला

▸ गन्ने के खेत में परिवार के साथ गया था बालक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के ग्राम पंचायत बाजपुर बनकटी गांव निवासी चार वर्षीय बालक शुक्रवार को अपने चाचा और अन्य के साथ पास में स्थित खेत गया। खेत में पहले से मौजूद तेंदुआ ने बालक पर हमला कर मार डाला। उसके शरीर का खून पूरी तरह से पी लिया।कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम बाजपुर बनकटी निवासी संदीप कुमार का खेत घर के बगल में स्थित है। जिसमें गन्ना लगा हुआ है।

शुक्रवार को गन्ना की कटाई हो रही थी। जिस पर अभिनन्दन (4) अपनी मां सीमा और चाचा के साथ खेत गया। खेत में परिवार के लोगों के श्रमिक भी थे। परिवार के लोगों का थोड़ा ध्यान चार वर्षीय बालक के उपर से हटा। इसी दौरान गन्ने के खेत में मौजूद तेंदुआ ने हमला कर दिया। जिससे बालक गंभीर रूप से घायल कर दिया। तेंदुआ ने बालक के शरीर से पूरा खून पी लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

परिवार के लोग उसे पीएचसी सुजौली ले गए। यहां फार्मासिस्ट माहेश्वरी शुक्ला, एंबुलेंस चालक और ईएमटी राहुल मिश्रा ने ऑक्सीजन देकर जान बचाने का प्रयास किया, लेकिन बालक की मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता बेसुध होकर जमीन पर गिर गए। घटना की जानकारी पुलिस के साथ वन विभाग को दी गई। थाने के उपनिरीक्षक रामाशंकर यादव उप निरीक्षक अफजल और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के नानपारा लखीमपुर मार्ग पर कुड़वा मोड़ के पास सड़क पार कर रहे बाइक सवार को शुक्रवार सुबह अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़रिया निवासी नरसिंह (50) पुत्र मंगल शुक्रवार को बाइक से निजी कार्य के लिए नानपारा जा रहे थे। थाना क्षेत्र के नानपारा लखीमपुर मार्ग पर कुड़वा में स्थित पेट्रोल पंप पर सुबह 7.30 बजे वह पेट्रोल डलवाने के लिए मुड़े। तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक की पहचान कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक आरके पांडेय ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बलहा विधायक ने आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान का किया शुभारंभ

▸ बिरसा मुंडा के बताए रास्ते पर आगे बढ़ें समाज के लोग : सरोज सोनकर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के जनजातीय लोगों के लिए ब्लॉक मिहीपुरवा में शुक्रवार को धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ बलहा की भाजपा विधायक सरोज सोनकर दीप प्रज्वलित कर किया।

उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा को जनजातीय लोग अपना भगवान मानते हैं। लेकिन उनके बताए रास्ते पर ही चलकर समाज और देश का विकास किया जा सकता है। मिहींपुरवा ब्लॉक में आयोजित धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान की मुख्य अतिथि बलहा विधायक सरोज सोनकर और विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी रहे। इस कार्यक्रम में आदिवासी बाहुल्य ग्राम अम्बा, सोहनी बलई गांव, बर्दीया, फकीर पूरी, के लोगों को सरकारी योजना के जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान बिरसामुंडा चित्र पर मलार्पण व दीप प्रजोलित के बलहा विधायक ने किया। जिले के सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगा कर सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अलोक जिंदल,जिला विकास अधिकारी, डिप्टी सी एम ओ डॉ अनुराग वर्मा, ब्लॉक प्रमुख सौरव वर्मा, सीएचसी अधीक्षक मिहींपुरवा मनु शर्मा, बीडीओ अजीत कुमार सिंह, डीसी एन आर एल एम दीपक सिंह, डीडीओ राज कुमार, पूर्ति निरीक्षक रंजीत कुमार समेत भारी संख्या में जन मानस मौजूद रहा।



### सीनियर बास्केटबाल टीम का चयन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** 63वी सीनियर राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जिले के 12 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 18 नवम्बर से 24 नवंबर तक कानपुर जनपद में होगा। डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में ट्रायल मैच का आयोजन करके टीम का चयन किया गया। बालक सीनियर वर्ग में 50 खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया। जिसमे 12 खिलाड़ियों को सेलेक्शन कमेटी के प्रखर गुप्ता व मोहित शुक्ल ने चयनित किया । जिसमें ,राजा सिंह,प्रणव शुक्ला ,अमरेंद्र प्रताप सिंह,आलोक मिश्र ,गौरव सिंह ,प्रखर मिश्र ,प्रियांशु त्रिपाठी ,हर्ष वर्मा ,विशेश्वर पाठक ,सिद्धार्थ सिंह,गुरुकरण सिंह वालिया,गौरव मिश्र है । टीम मैनेजर आर्यन राज व कोच राजा सिंह बनाये गए है । सेलेक्शन के दौरान एसोसिएशन के डॉ मेजर एसपी सिंह, प्रेमलता सिंह,जॉय रतानी,अभिनव मिश्रा, युवराज सिंह,प्रखर गुप्ता, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# तेंदुआ-बाघ के बाद कुत्ते के हमले से परेशान लोग

▸ सात लोगों को काटा
▸ सीएचसी से भेजे गए जिला अस्पताल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जंगल से सटे गांवों में अब कुत्ता लोगों को परेशान करने लगा है। शुक्रवार सुबह तीन गांवों में कुत्तों ने बालक और वृद्ध समेत सात लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। सभी को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हमलों से गांवों के लोग दहशत में हैं। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग से सटे हुए ब्लॉक मिहिपुरवा के गांव हैं। यहां के गांवों में अक्सर बाघ, तेंदुआ और मगरमच्छ का हमला होता है। लेकिन अब कुत्ते भी गांव के लोगों पर हमला करने लगे हैं। जंगल से सटे कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत ग्राम पंचायत मंझरा निवासी मायावती (40) पत्नी मतन और छोटकन (60) पुत्र मक्का पर शुक्रवार सुबह कुत्ते ने घर के सामने हमला कर नोच डाला। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गिरगिट्टी बाजार निवासी रोहित (8) पुत्र राम निवास, जनमेजय (17) पुत्र मुनीम पोरवाल, अंजलि (4) पुत्री संजय और दीपक (10) पुत्र सर्वेश पर हमला कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के मझरा गांव मीनाक्षी (75)पत्नी हिरवन पर भी कुत्ते ने हमला किया। सभी को परिवार के लोग सीएचसी ले गए। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इमरजेंसी के डॉक्टर मनोज चौधरी द्वारा सभी का इलाज शुरू किया गया।

# सरयू नहर में मिली किशोरी की लाश, नहीं हुई पहचान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के जरही गांव के पास सरयू नदी में एक किशोरी का शव शुक्रवार दोपहर में लोगों ने देखा। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को बाहर निकलवाया। आसपास के लोगों से पहचान करवाई, लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसकी मौत दो से तीन दिन पुराना लग रहा है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के गोपिया बैराज सरयू नदी जरही गांव के निकट से निकली है। नदी पर पुल भी बना हुआ है। शुक्रवार दोपहर में लोग आवागमन कर रहे थे। तभी कुछ लोगों ने नदी के किनारे पानी में शव देखा। इस पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस को भी शव मिलने की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक आरके पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को बाहर निकालवाया। थानाध्यक्ष ने किशोरी की शिनाख्त आसपास के लोगों से करवाई, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। जिस पर शव को 72 घंटे पहचान के लिए जिला मुख्यालय स्थित मर्च्यूरी में रखवा दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि किशोरी की उम्र 12 से 15 वर्ष के मध्य है। मौत भी दो से दिन पुराना लग रहा है। मामले की जांच चल रही है। पहचान के लिए फोटो अन्य थानों को भेजी गई है।

# किडडू प्ले स्कूल में मनाया गया बाल दिवस कार्यक्रम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




शहर के मोहल्ला नाजिरपुरा में स्थित किडडू प्ले स्कूल में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर अजीमुल्ला खान प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ कांग्रेस पार्टी,विशिष्ट अतिथि रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार सरजीत सिंह, समाजसेवी नासिर नईम खान और रियाजुद्दीन खान तथा वरिष्ठ पत्रकार शादाब हुसैन मौजूद रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर एम खान तथा सभी अतिथियों ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर उनके जीवन और सेवाओं पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने पूरे कार्यकाल में भारत की मजबूती और समाज की एकता पर जोर दिया जिसका परिणाम रहा कि भारत सोने की चिड़िया कहलाता था। उन्होंने कहा कि देश की मजबूती के लिए नागरिकों को शिक्षित ही नहीं कुछ शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा ग्रहण करना होगा और इसके लिए सरकार को चाहिए कि वह सभी को शिक्षित करने के लिए शिक्षा व्यवस्था को सस्ता प्रदान करें।इस कार्यक्रम में सभी बच्चों को फल व उपहार भी प्रदान किया गया तथा अंत में बच्चों ने चाचा नेहरू अमर रहे के नारे लगाए।इस अवसर पर स्कूल के फाउंडर डायरेक्टर शादाब अंसारी, हाजी नूर अहमद व फरीद अहमद भी मौजूद थे।इस अवसर पर टीचर्स भी मौजूद रहीं।

# कार्तिक पूर्णिमा पर जुटे श्रद्धालु, उम्मीद से कम दिखी भीड़

**▸ प्रशासनिक अव्यवस्था के चलते श्रद्धालुओं में लगातार हो रही कमी: दिव्यानंद महाराज**

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



डलमऊ के कार्तिक पूर्णिमा मेला में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने विभिन्न घाटों में गंगा स्नान किया पूजा अर्चना की एवं अपने तीर्थ पुरोहितों को दान भी किया आई हुई महिलाओं ने मेले में खरीदारी की वही बच्चों ने लगे हुए झूले का भी आनंद लिया व्यवस्था को लेकर मेला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन एक दिन पूर्व से ही डटा रहा, एडीएम प्रशासन ने भी मेला पहुंचकर जानकारी ली है।

शुक्रवार को डलमऊ के किला घाट सड़क घाट वीआईपी घाट रानी शिवाला घाट पटवारी घाट दिशा गोराघाट बड़ा मत घाट छोटा मत घाट श्मशान घाट एवं तराई घाट सहित लगभग 16 स्नान घाटों पर सुबह भोर से ही गंगा स्नान प्रारंभ कर दिया एक दिन पूर्व से ही घाटों के किनारे रायबरेली जनपद के अतिरिक्त बाराबंकी व अन्य दूर दराज से आए श्रद्धालु डटे रहे और सुबह से ही हर-हर गंगे के जयकारों के साथ गंगा नदी में डुबकी लगाई बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को लेकर नगर पंचायत व मेला प्रशासन द्वारा व्यवस्थाएं की गई थी। डलमऊ के राजकीय मेला व कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर प्रशासन द्वारा एक महापूर्व से तैयारी की जा रही थी नव नाविक गोताखोर प्रकाश शौचालय एवं साफ सफाई की व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में कर्मचारी लगाए गए थे लेकिन सुभाष नाम प्रारंभ होने के कुछ ही घंटे बाद सफाई व्यवस्था धडाम हो गई घाटों की सफाई के लिए लगाए गए कर्मचारी मौके से नदारत दिखे जबकि घाटों पर चारों तरफ गंदगी जमा हो गई। डलमऊ स्थित बड़ा मैथ में सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने डेरा डाल दिया जहां पर चल रहे भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया एक दिन पूर्व से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मैथ में रुके हुए थे जो पूर्णिमा के दिन तक लगभग 25000 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बड़ा मटके स्वामी दिव्यानंद जी ने बताया कि इस बार मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में काफी कमी देखी गई है जिसका जिम्मेदार उन्होंने प्रशासन को ठहराया है दिव्यानंद जी महाराज ने बताया कि इस बार लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालु ही गंगा स्नान करने के लिए आए हैं जो पिछले वर्षो में यह संख्या काफी अधिक रहती थी। मेला कोतवाली में बनाए गए खोया पाया में 41 बिछड़ने को अपनों से मिलाया गया मेला कोतवाली द्वारा लगातार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मॉनिटरिंग की जा रही थी उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा क्षेत्राधिकार डलमऊ कोतवाली प्रभारी नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी लगातार मेले का भ्रमण करते रहे।

## महाभारत कालीन सीताराम धाम में कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

**महराजगंज रायबरेली।** महराजगंज तहसील क्षेत्र के जनई गांव में स्थित सीताराम धाम का इतिहास महाभारत कालीन बताया जाता है राजा जन्मेजय सिंह के नाम पर पड़ा इस गांव का नाम जनई तथा कई और भी कहानियां प्रचलित है कार्तिक पूर्णिमा पर बाबा सीताराम धाम पर विशाल मेले का आयोजन हजारों वर्षों से लगातार होता चला आ रहा है ऐसा कहा जाता है कि जब राजा परीक्षित को तक्षक सर्प द्वारा डस लिया गया था तब उनके पुत्र जन्मेजय सिंह द्वारा नाग विध्वंसक यज्ञ कराया गया जिसमें थोड़ी-थोड़ी दूर पर हवन कुंड बनाकर मंत्रो का उच्चारण किया जाता था और सांप हवाई यात्रा करते हुए इस हवन कुंड में गिरकर मारे जाते थे जब सर्पों के मुखिया तक्षक को लगा कि नहीं बच पाऊंगा तो वह जाकर इंद्र के सिंहासन में लिपट गया यहां पर जब संत महात्माओं द्वारा मत्रों का उच्चारण किया गया तो इंद्र सिंहासन सहित जनई गांव पहुंच गए कालांतर में इस गांव का नाम जन्मेजी था धीरे-धीरे बदलते बदलते इस गांव का नाम अब जनई ही हो गया उसके बाद यहीं से गुजर रहे आस्तिक ऋषि द्वारा इंद्र राजा जन्मेजय सिंह और तक्षक सर्प के बीच समझौता कराया गया तब जाकर राजा जन्मजेय सिंह ने यज्ञ रोका और तभी से यह मान्यता है कि ऋषि आस्तीक के आश्रम में जिसको भी ले जाओ अगर सांप का कटा होता है तो उसकी मौत नहीं होती वहीं यहीं पर बना हुआ वह कुंड जिसे सांप विध्वंसक यज्ञ के समय इस्तेमाल किया गया था उस कुंड के जल पीने से और नहाने से भी सर्प का कटा हुआ व्यक्ति बच जाता है या स्थान वर्षों पुराना है कार्तिक पूर्णिमा पर यहां विशाल मेले का आयोजन होता चला आ रहा है । अबकी भी कार्तिक पूर्णिमा पर यहां विशाल मेले का आयोजन हुआ जिसमें पहुंचकर लोगों ने सर्वप्रथम कुंड में स्नान किया उसके बाद बाबा सीताराम से आशीर्वाद लेते हुए मेले में जमकर खरीदारी की लाखों की संख्या में यहां पर भक्त लोग जुड़ते हैं साथ-साथ या स्थान महाभारत कालीन होने के कारण क्षेत्र मे अपना एक विशेष स्थान रखता है।

## गंगा स्नान करने आए दो बच्चे डूबे, एक की मौत

**▸ बेहोशी की हालत में निकाली गई महिला**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



रायबरेली के डलमऊ-फतेहपुर के पर गंगा पुल के नीचे कार्तिक पूर्णिमा पर मां के साथ स्नान करने आए दो बच्चे डूब गए। बच्चों को बचाने में मां ने भी गंगा में छलांग लगा दी। इसी बीच जब नाविकों की नजर पड़ी तो वह मदद के लिए नाव लेकर निकले। घटना में एक बच्चे की मौत हो गई वहीं दूसरे बच्चे का पता नहीं लग सका है। महिला को नाविकों ने बेहोश हालत में गंगा से निकाल लिया, जिसका सीएचसी पर इलाज चल रहा है।

**बच्चों को बचाने के लिए गंगा मे कूदी मां:** फतेहपुर जिले के हुसैनगंज थाना अंतर्गत बारी गांव निवासी दिलीप की पत्नी छेदाना शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा पर अपने तीन बच्चों हिमांशु (12), पियूष (9) और आयुष (7) के साथ डलमऊ और फतेहपुर सीमा को जोड़ने वाले गंगा पुल के दक्षिणी छोर पर गंगा में स्नान के लिए पहुंची थी। इस दौरान हिमांशु और पियूष ने गंगा में स्नान के लिए छलांग लगाई तो दोनों गंगा के गहरे पानी में डूबने लगे, यह देख मां छेदाना भी बच्चों के बचाने के लिए गंगा में कूद गई।

**नाविकों की मदद से बची मां और एक बेटे की जान:** इस पर दूर से नाविकों की नजर पड़ी तो वह मदद के लिए दौड़े और प्रयास कर हिमांशु और छेदाना को पानी से बाहर निकाला लेकिन हिमांशु की मौत हो चुकी थी, वहीं छेदाना बेहोश थी। जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। पियूष का पता नहीं लग सका है। जबकि आयुष ने गंगा में छलांग नहीं लगाई थी तो वह बच गया। इस घटना के बाद फतेहपुर के हुसैनगंज की पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, डलमऊ पुलिस ने बताया कि मामला हुसैनगंज थाना का है। गंगा के जिस छोर पर घटना हुई वह फतेहपुर का है।

# एंबुलेंस ने सड़क के किनारे बैठे अधेड़ को रौंदा, मौत

**रायबरेली**



रायबरेली लालगंज मार्ग पर सोइठा गांव के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार एंबुलेंस ने सड़क के किनारे बैठे अधेड़ को रौंद दिया। इससे घटनास्थल पर अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद भाग रहे एंबुलेंस चालक को पुलिस ने पड़क लिया। अटौरा पुलिस चौकी क्षेत्र के सोइठा गांव के रहने वाले 50 वर्षीय अधेड़ अप्पु पासी पुत्र राम भरोसे शुक्रवार को सुबह घर से शेविंग कराने के लिए सड़क पर स्थित एक नाई की दुकान में आए थे। इसी बीच में सड़क के किनारे बैठकर किसी से बात करने लगे तो सड़क से गुजर रही तेज रफ्तार एंबुलेंस ने सड़क के किनारे बैठे अधेड़ को रौंद दिया। इससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। अधेड़ की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मच गया। चौकी प्रभारी वागीश मिश्रा का कहना है कि तहरीर मिलने पर एंबुलेंस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चालकनको हिरासत में ले लिया गया है।

# अनियंत्रित स्कार्पियो ने दो बाइकों को मारी टक्कर, एक की मौत

**▸ घटना के पश्चात हाईवे हुआ जाम, घंटों चलता रहा हंगामा, हादसे में दो लोग घायल भी हो गए**

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क के किनारे खड़े हुए दो बाइक सवारो को मारी टक्कर एक की मौत तथा दो की हालत गंभीर। घटना शुक्रवार दोपहर 1:00 बजे की है। जब लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुरुवा गांव के पास एक अनियंत्रित तेज रफ्तार स्कार्पियो ने सड़क के किनारे खड़े हुए दो बाइक सवारो को टक्कर मार दी। हादसे में लक्ष्मीकांत तिवारी पुत्र कृष्णचंद तिवारी उम्र लगभग 55 वर्ष व प्रांजुल तिवारी पुत्र लक्ष्मीकांत तिवारी उम्र लगभग 28 वर्ष निवासी शक्ति नगर थाना मिलएरिया जनपद रायबरेली गंभीर रूप से घायल हो गए हैं । जिन्हें एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद लक्ष्मीकांत की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है । घायल प्रांजुल ने बताया कि वह अपने पिता के साथ रायबरेली से दोस्तपुर में आयोजित ब्रह्मभोज में शामिल होने जा रहे थे । वही दूसरी बाइक पर सड़क किनारे खड़े राजबहादुर सिंह पुत्र हरिनाम सिंह उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी चुरुवा खेतों से धान कटाई कर वापस आ रहे थे। कि स्कॉर्पियो की टक्कर लगने से घटनास्थल पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई । जिसके बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए । बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए । और स्कार्पियो सवार लोगों की गिरफ्तारी को लेकर हंगामा करने लगे । लगभग 4 घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। घटना स्थल पर पहुंचे बछरावां थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी एवं स्थानीय विधायक श्याम सुंदर भारती व ग्रामीणों के बीच झड़प देखने को मिली। थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने कहा कि एक्सीडेंट रोज होते रहते हैं, लोग मरते हैं, इसी बात को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और थाना प्रभारी से विधायक और ग्रामीणों की झड़प हो गई तकरीबन 10 मिनट तक इस बहस के उपरांत उप जिला अधिकारी महाराजगंज सचिन यादव ने मौके पर पहुंचकर मृतक के पारिवारिक जनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ग्रामीणों को समझाया और कार्यवाही करने का आश्वासन दिया, जिसके उपरांत ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ और स्कॉर्पियो को हाईवे से हटवा कर यातायात बहाल करने के लिए वह राजी हुए। तत्पश्चात पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइकसवार घायल

**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र के कानपुर रोड पर केसौली मोड के निकट तेज रफ्तार बेकाबू कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी।जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरो की मदद से फौरन उसे इलाज के लिए एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लाला खेड़ा मजरे सकतपुर गांव निवासी शिव प्रकाश (26) पुत्र रमेश कुमार लोधी बाइक से सेमरी स्थित अपनी दुकान जा रहा था। तभी केसौली मोड के निकट कानपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।जिससे उसकी बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरो ने एंबुलेंस बुलाकर उसे फौरन इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## खड़े ट्रक में घुसी तेज रफ्तार बाइक, दो की मौत व एक गंभीर

**लालगंज रायबरेली।** गंगा स्नान करने जा रहे बाइक सवार खड़े ट्रक से टकरा गए। इसमें दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। वहीं एक की हालत गंभीर बनी हुई है। कार्तिक पूर्णिमा स्नान के कारण ट्रकों को बहाई चौकी के पास रोक दिया गया था। बताया जा रहा है कि पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण सभी ट्रक सड़क के किनारे ही खड़े हुए थे, जिससे यह हादसा हो गया।हरचंदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पैंड़ेपुर निवासी सुमित लोधी पुत्र रामू अपने दो साथियों अंतिम (18) पुत्र हरिश्चंद्र और सुशील पासी (22 )पुत्र सुंदरलाल के साथ बाइक से गंगा स्नान करने डलमऊ जा रहा था। गुरुवार की देर शाम तीनों युवक घर में गंगा स्नान करने की बात कहकर निकले थे। रात 12 बजे के करीब लालगंज डलमऊ मार्ग पर बहाई पुलिस चौकी के निकट सड़क किनारे खड़े ट्रक से बाइक सवार भिड़ गए। इसमें पल्सर सवार अंतिम और सुशील की मौत हो गई। वहीं तीसरा युवक सुमित लोधी गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा है। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान रामचंद्र ने बताया कि युवकों की मौत से परिवार में मातम छा गया है और पारिवारिक जन रो रो कर हाल-बेहाल हैं।

## खबरें एक नजर में

### अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में चार घायल, दो गंभीर

**महराजगंज रायबरेली।** अलग-अलग क्षेत्र में हुई एक्सीडेंट की घटनाओं में चार-चार घायल हो गए जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। रामलली पत्नी रामधनी उम्र 40 वर्ष पूरे उमराव अमेठी महेश रामधनी 20 वर्ष अमरेश रामधनी 14 वर्ष तीनों एक मोटरसाइकिल से गंगा स्नान करके वापस आ रहे थे महराजगंज से 2 किलोमीटर पहले एक पेड़ से टकरा गए जिसमें अमरेश की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। राजेश कुमार पुत्र रामपियारे उम्र 28 वर्ष निवासी बारी गोहन्ना महराजगंज दो पहिया से अपने गांव गंगापुर कुटी जा रहे थे निकलते ही पीछे से पिकअप द्वारा राजेश को टक्कर मार दी गई जिसमें राजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए डॉक्टरों ने बताया उन्हें सर व पैर मे गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइकसवार डिवाइडर से टकराया, गंभीर

**बछरावा रायबरेली।** अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को पीछे से टक्कर मार दी, हादसे में युवक बाइक समेत डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया है। घटना बृहस्पतिवार रात्रि 9:30 बजे की है। लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर स्थित ओवर ब्रिज के ऊपर सौरभ सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी ग्राम महेरी थाना बछरावां निवासी युवक चुरुवा ग्राम गया हुआ था। और वापस आते समय बछरावां ओवर ब्रिज के ऊपर पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर जोरदार होने के चलते युवक डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

### एनएससीए के नाम रहा रायबरेली प्रीमियर लीग का पांचवा संस्करण, जीती खिताबी जंग




**रायबरेली।** स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत आयोजित रायबरेली प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण का फाइनल मुकाबला एल आर थंडर व एन एस सी ए के बीच खेला गया, जिसमें एल आर थंडर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अनुराग सिंह के 34 रनों की बदौलत 9 विकेट खो कर 127 रनों का लक्ष्य खड़ा किया एन एस सी ए की ओर से गेंदबाजी में मोहम्मद उमर और दिव्यांश पांडेय ने 3- 3 विकेट हासिल किए जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी एन एस सी ए ने रोमांचक मुकाबले में विकाश कुमार ने 52 रन 1 अभिषेक तिवारी के 45 रनों की बदौलत 6 विकेट की शानदार जीत हासिल कर के खिताब पर कब्जा किया। इस फाइनल में शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करने के लिए अभिषेक तिवारी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ मनीष चौहान व डॉ बृजेश सिंह ने किया। नगरपालिका के तत्वाधान में स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत आयोजित रायबरेली प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण में विजेता टीम एन एस सी ए को 51,000/रुपए व ट्रॉफी बैग्स प्लैनेट की ओर से मोहम्मद तफसीर ने, उप विजेता टीम एल आर थंडर को 41,000/रुपए व ट्रॉफी आरुषि एंटरप्राइजेज की ओर से दीपक चौधरी जी ने, उप विजेता टीम को विशेष पुरस्कार गीजर मरीनर्स स्पोर्ट्स क्लब की ओर श्री जय नारायण सिंह जी ने, बेस्ट बैट्समैन का खिताब विकाश कुमार को गणेश एप्लायंस की ओर से रेफ्रिजरेटर प्रभाकर गुप्ता जी ने, बेस्ट बॉलर का खिताब आशीष त्रिपाठी को वाशिंग मशीन ब्लॉक प्रमुख विक्रांत अकेला ने, मैन ऑफ द सीरीज का खिताब प्रियांशु यादव को एल ई डी टीवी एक्यूब कैफे और श्यामू ढाबा की ओर से आशीष सरोज ने व विजेता टीम के ओनर को मोटर साइकिल फाइनल के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राम लाल अकेला ने भेंट की। इस टूर्नामेंट के सभी खिलाड़ियों को जर्सी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर व अधिशाषी अधिकारी स्वर्ण सिंह की ओर से प्रदान किया गया।

### नाबालिका को बहला-फुसला व अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राकेश सिंह* के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह थाना पचपेड़वा के कुशल नेतृत्व में-आज दिनांक 15.11.2024 को पचपेड़वा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 246/2024 धारा 137(2)/87/65(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 1. महेश यादव पुत्र रामनरेश यादव निवासी ग्राम ललभरिया थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर को भाथर पुल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय बलरामपुर रवाना किया गया ।

## शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किये गये श्रीराम

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** राज्य स्तरीय निपुण कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन शिक्षा निदेशक गणेश कुमार,संयुक्त शिक्षा निदेशक पवन कुमार सचान,पूर्व निदेशक डॉ सर्वेन्द्र विक्रम बहादुर सिंह,अपर शिक्षा निदेशक ललिता प्रदीप के द्वारा हुआ।निपुण भारत के साथ शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों का सम्मानित किया गया।

जिसमें देवीपाटन मंडल से बलरामपुर जनपद से श्रीराम पीएम श्री कंपोजित विद्यालय सहजौरा,श्रावस्ती से मुन्नवर मिर्जा गोंडा से सुनील कुमार आनंद कंपोजित विद्यालय बाबा मठिया पूरनलाल बहराइच के साथ प्रदेश के 75 शिक्षकों को सम्मानित किया गया बताते चलें कि श्रीराम को राज्य अध्यापक पुरस्कार माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ




द्वारा 2021 में प्रदान किया जा चुका है इसके अतिरिक्त इंटरनेशनल एजुकेशन अवार्ड, ग्लोबल टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड, इंटरनेशनल पर्यावरण योद्धा अवार्ड, एवं राष्ट्रीय शिक्षा रत्न अवार्ड आदि प्रदान किया जा चुका है।

# डीएम ने थारू जनजाति छात्रों को किया सम्मानित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जनजातीय गौरव दिवस




भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन विकास खंड पचपेड़वा के थारू जनजाति ग्राम इमलिया कोडर में थारू जनजाति संग्रहालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम पवन अग्रवाल द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान थारू जनजाति छात्राओं द्वारा थारू जनजाति के जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अतिसुंदर प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर डीएम ने खेल प्रतियोगित , निबंध प्रतियोगिता आदि में विजई खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर प्रमाण पत्र सौंपा। डीएम ने सभी को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का शुभकामनाएं दी , उन्होंने कहा कि जनपद में थारू जनजाति का गौरवशाली इतिहास रहा है। थारू जनजाति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। थारू जनजाति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त करने के साथ ही साथ उनकी संस्कृति एवं वरासत को संरक्षित एवं संवारने का कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए कल्याणकारी योजनाओं के कैंप का अवलोकन किया एवं कैंप में अधिक से अधिक पात्रों का आवेदन फॉर्म भराए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर विधायक गैंसड़ी, सीडीओ हिमांशु गुप्त, समाज कल्याण अधिकारी, पीडी ग्राम्य विकास विभाग, उपजिलाधिकारी तुलसीपुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी,जिला पूर्ति अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी , थारू जनजाति छात्र - छात्राएं व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की प्रगति एवं रैंकिंग की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**▸ विकास कार्यों में सीएम डैश बोर्ड में खराब रैंकिंग वाले विभागों को डीएम ने लगाई कड़ी फटकार**

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की प्रगति एवं रैंकिंग की समीक्षा की गई। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, प्रोबेशन विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, खादी ग्रामोद्योग, उद्योग विभाग, लोक निर्माण विभाग, मत्स्य पालन, श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, सेतु निगम, ग्राम्य विकास विभाग आदि विभागों की संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिंग वाले विभागों के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए सुधार लाने की हिदायत दी। लगातार पिछले तीन महीने से सीएम डैशबोर्ड पर खराब प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों के विरुद्ध शासन में पत्र लिखे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन आवेदनों का निस्तारण करें। सभी अधिकारी सीएम डैश बोर्ड पर योजनाओं से संबंधित डाटा फीड करते समय अच्छी तरह से देख ले तथा समय से डाटा फीड करें। इस अवसर पर सीडीओ , मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित सभी संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर राप्ती नदी और आसपास के घाटों पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। उतरौला बाजार से करीब 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित राप्ती नदी के किनारे विशाल मेले का आयोजन हुआ। इसके साथ ही, भुड़कुला, सिंगरजोत घाट सहित अन्य स्थानों पर भी मेले लगे, जहां आसपास के गांवों और दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से समस्त पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार धारण कर वेदों की रक्षा की थी। साथ ही, त्रिपुरासुर राक्षस का वध कर भगवान शिव ने 'त्रिपुरारी' नाम धारण किया था, जिससे यह दिन देव दीपावली के रूप में भी जाना जाता है। सूर्योदय से पहले ही श्रद्धालुओं ने राप्ती नदी में स्नान कर दीपदान, पूजा-अर्चना और दान-पुण्य का आयोजन किया। घाटों पर श्रद्धालुओं ने जल में दीप प्रवाहित किए, जो एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहे थे। मेला स्थल पर धार्मिक गीतों और भजनों की धुन गूंज रही थी, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। राप्ती नदी पर लगे मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें, झूले, खिलौने, मिठाई की दुकानें और घरेलू सामान की बिक्री हुई। बच्चों के लिए झूले और खिलौने मुख्य आकर्षण रहे। मेले में लोगों ने पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया और पूजा सामग्री की खरीदारी की। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई थी। घाटों पर सफाई और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास किए गए। भुड़कुला, सिंगरजोत घाट सहित अन्य गांवों में भी कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में मेले का आयोजन किया गया। सिंगरजोत घाट पर स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मेले का आनंद लिया। यहां स्थानीय व्यंजनों की दुकानों के साथ पूजा सामग्री और हस्तशिल्प वस्तुओं की बिक्री ने श्रद्धालुओं को खूब आकर्षित किया। धार्मिक वातावरण और मेलों की पारंपरिक रौनक ने इसे खास बना दिया। भुड़कुला गांव में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर को और भी विशेष बनाने के लिए मेले के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम का कार्यक्रम रखा गया जिसमें भारी संख्या में महिला पुरुष तथा बच्चे शामिल हुए।

## कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने शृंगारजोत घाट राप्ती नदी में लगाए डुबकी

**महुआ बाजार (बलरामपुर)।** देव दीपावली एवं कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर अयोध्या धाम पतिपावनी सरयू मैया में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालु पहुंच गए। जो लोग श्री अयोध्या धाम नहीं जा सके वह राप्ती नदी पर पहुंच कर डुबकी लगाए। महुआ बाजार अंतर्गत श्रृंगारजोत राप्ती नदी पर सुबह तीन बजे से ही भक्तों के पहुंचने का शिलशिला शुरू हो गया। तिलखी, बभनी, देवरिया, अर्जून, दुबौली, हासिम पारा, बड़ाहरी, रेनुवा, महुआ धनी, मटियारिया सुरहिया देवर, चाई डीह समेत दर्जनों गांवों के श्रद्धालु राप्ती नदी में डुबकी लगाने पहुंचे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और समाज सेवी संस्था के संयुक्त बैनर तले राप्ती नदी पर महिला श्रद्धालुओं के लिए स्नान के बाद कपड़े बदलने के लिए टेंट, हाउस बुक किया गया था जिसमें सभी महिलाएं कपड़े बदल रही थीं और नि:शुल्क गरमागरम चाय की भी व्यवस्था की गई थी। राप्ती नदी पर मेला लगता हैं जिसमें दूर दराज क्षेत्रों से लोग मेला देखने आते है। उतरौला तथा आस पास के गांवों के दुकान दार अपनी दुकान लगाने के लिए एक दिन पुर्व ही अपना स्थान साफ सुथरा कर लेते है। बच्चा लाल विश्वकर्मा, ग्राम प्रधान श्रीगरजोत अजय यादव के द्वारा उचित प्रबंध किया जाता हैं।

# बुलडोजर पर न्याय का हथौड़ा

सही मायनों में यह सुप्रीम कोर्ट का एक सख्त फैसला था, लेकिन यह समय की जरूरत भी थी। कथित बुलडोजर न्याय पर रोक लगाकर शीर्ष अदालत ने यह संदेश दिया है कि संविधान प्रदत्त नागरिक अधिकारों का कार्यपालिका मनमाने तरीके से अतिक्रमण नहीं कर सकती। निश्चित रूप से किसी भी मामले में एक आरोपी पर मुकदमा चलाए बिना ही दंड देना, नैसर्गिक न्याय की अवधारणा के ही विरुद्ध है। लेकिन साथ ही अदालत ने यह भी साफकर दिया कि सरकारी संपत्ति और सार्वजनिक स्थलों पर होने वाले अवैध निर्माण इस आदेश की परिधि में नहीं आते। दरअसल, हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ कथित बुलडोजर न्याय का सिलसिला दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, राजस्थान से लेकर असम तक जा पहुंचा। कई राज्यों ने अपराधी तत्वों पर अंकुश लगाने की मंशा जाहिर करते हुए बुलडोजर से दंड देने को कारगर तरीका मान लिया। जिसको लेकर सामाजिक प्रतिक्रिया के साथ ही राजनीतिक दलों की ओर से भी सख्त विरोध दर्ज किया गया। उन्होंने इसे अतार्किक और प्रचलित कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन बताया। हालांकि, समाज में आम लोगों के एक वर्ग में इसके प्रति समर्थन भी देखा गया। जिसका मानना था कि न्यायिक प्रक्रिया में दंड देने की अवधि खासी लंबी होती है। जिसके चलते धनबल और बाहुबल के आधार पर अपराधी मामले को लंबा खींचने में सफल हो जाते हैं। दरअसल, समाज के एक वर्ग में इस शीघ्र न्याय की आकांक्षा की सरकारों ने अपनी प्राथमिकताओं व सुविधाओं के अनुसार व्याख्या कर दी। वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक स्तर पर इस कार्रवाई के बचाव में कई तरीके के तर्क गढ़े जाते रहे। जिसके चलते बुलडोजर न्याय की तार्किकता को लेकर दुविधा पैदा हुई। यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने ऐसे तमाम सवालों पर मंथन करते हुए कानूनन और संवैधानिक दृष्टि से नागरिकों के अधिकारों की रक्षा को लेकर महत्वपूर्ण फैसला दिया। जो आम नागरिकों को सत्ता की निरंकुशता से बचाव का कवच उपलब्ध कराता है। साथ ही यह फैसला न्याय व्यवस्था के प्रति जनता के भरोसे को भी बढ़ाता है। इसमें दो राय नहीं कि इस फैसले के जरिये शीर्ष अदालत ने कार्यपालिका को उसकी सीमा का अहसास ही कराया है। दूसरे शब्दों में, खुद ही आरोप तय करके और खुद ही न्याय करने की लोकसेवकों की कोशिश को सिरे से नकार दिया है। कोर्ट ने आईना दिखाया कि शासन-प्रशासन ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर अन्याय करने वाले कथित बुलडोजर न्याय को तार्किक बताने का प्रयास किया। जबकि बिना मुकदमा चलाये किसी को सजा देने का अधिकार किसी लोकसेवक को नहीं है। वैसे भी किसी भी अपराधी के कृत्य की सजा उसके पूरे परिवार को नहीं दी जा सकती। किसी एक घर को बनाने में व्यक्ति के जीवन की पूरी पूंजी लग जाती है। जिसे कुछ घंटों में बिना प्रतिवाद का मौका दिए ध्वस्त करना, जंगलराज का ही पर्याय कहा जा सकता है। यही वजह है कि अदालत ने अपने फैसले में कहा कि यदि किसी व्यक्ति का घर तोड़ने की कार्रवाई कानून की प्रक्रिया के विरुद्ध पायी जाती है तो तोड़े गए घर को बनाने का खर्च संबंधित अधिकारी के वेतन से काटा जाएगा। लेकिन दूसरी ओर अपने फैसले के आलोक में शीर्ष अदालत यह बताने में नहीं चूकी कि यह फैसला सरकारी जमीन, सार्वजनिक स्थलों मसलन रेलवे लाइन, फुटपाथ, सड़क पर किए गए अतिक्रमण या गैरकानूनी निर्माण पर लागू नहीं होगा। वैसे यह भी एक हकीकत है कि सार्वजनिक भूमि पर होने वाले अनधिकृत निर्माण और अतिक्रमण रातोंरात नहीं होते। ये अवैध कार्य राजनीतिक संरक्षण व नौकरशाही की मिलीभगत के बिना संभव नहीं हैं। कई मामलों में महीनों नहीं, सालों तक कोई कार्रवाई नहीं होती। जिससे कब्जा करने वालों के हौसले बढ़ते हैं। निश्चित रूप से किसी अवैध संरचना को समयबद्ध और कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए ही ध्वस्त किया जा सकता है। साथ ही प्रतिवादी को अपनी बात रखने का मौका भी मिलना चाहिए। कह सकते हैं कि शीर्ष अदालत ने सख्त फैसला देने के साथ न्यायिक संतुलन का आदर्श प्रस्तुत किया है। जो कालांतर लोकतांत्रिक देश में संवैधानिक मूल्यों को समृद्ध करेगा।

# भारतीय गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा लागू करने में बाधाएं

प्रियंका सौरभ

प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा किसी भी स्वास्थ्य प्रणाली की नींव होती है, खासकर ग्रामीण भारत में, जहाँ 65त्र से ज़्यादा आबादी रहती है। फिर भी, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएँ देने में लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ज़्यादातर ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में बिजली, स्वच्छ पानी और उपकरण जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2021 के अनुसार, 8 प्रतिशत से ज़्यादा स्वास्थ्य सेवा केंद्र बिना बिजली के काम करते हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में डॉक्टरों और नर्सों सहित प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मियों की भारी कमी है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 2022 के अनुसार भारत में स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में 23 प्रतिशत डॉक्टरों की कमी है। लंबी दूरी और खराब परिवहन नेटवर्क के कारण दूरदराज के इलाकों में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, जिससे मरीजों की स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच प्रभावित होती है। उत्तराखंड जैसे पहाड़ी क्षेत्रों के 40 प्रतिशत से ज़्यादा गाँवों में नज़दीकी स्वास्थ्य सेवा केंद्र तक पहुँच नहीं है। कम साक्षरता स्तर और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं का कम उपयोग होता है। बिहार जैसे राज्यों में कम जागरूकता के कारण टीकाकरण दर कम बनी हुई है। भारत अपने सकल घरेलू उत्पाद का 1.3 प्रतिशत स्वास्थ्य सेवा पर ख़र्च करता है (आर्थिक सर्वेक्षण 2023), जो ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अपर्याप्त है।

पीएचसी में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने, बिजली, स्वच्छ पानी और आवश्यक उपकरण सुनिश्चित करने में निवेश करें। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत करने के लिए अतिरिक्त धन आवंटित कर सकता है। डॉक्टरों और नर्सों के लिए उच्च वेतन, आवास और ग्रामीण भत्ते जैसे प्रोत्साहनों के माध्यम से भर्ती और प्रतिधारण को बढ़ाएँ। तमिलनाडु जैसे राज्य ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने के लिए डॉक्टरों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रामीण सेवा लाभ प्रदान करते हैं। दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए टेली मेडिसिन और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयों के उपयोग का विस्तार करें। ग्रामीण भारत में टेली कंसल्टेशन प्रदान करने के लिए ई-संजीवनी का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया है। मातृ और बाल स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में समुदाय-आधारित जागरूकता कार्यक्रम चलाएँ। ग्रामीण इलाकों में मातृ देखभाल को बढ़ावा देने में आशा कार्यकर्ता प्रभावी रही हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 द्वारा अनुशंसित सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय को सकल घरेलू उत्पाद के कम से कम 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाएँ। थाईलैंड जैसे देशों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य में निरंतर निवेश के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में सुधार किया है। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा में चुनौतियाँ सिर्फ़ मरीज़ों तक सीमित नहीं हैं; वे स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के कंधों पर भी भारी बोझ डालती हैं। डॉक्टरों के सामने आने वाली कठोर वास्तविकता हैं- हिंसा, अपर्याप्त आवास और ढहते बुनियादी ढाँचे। ये कारक यहाँ सरकारी अस्पतालों में काम करने के लिए कई लोगों को रोकते हैं। विशेषज्ञों को लाने के प्रयासों के बावजूद, ऐसे पेशेवरों की कमी का मतलब अक्सर यह होता है कि मरीजों को इलाज़ के लिए ज़िला अस्पतालों में भेजा जाना चाहिए। कोविड-19 महामारी हमारी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एक चेतावनी थी, फिर भी इस क्षेत्र में कोई अतिरिक्त निवेश नहीं हुआ है। सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में ग्रामीण भारत के लोग, विशेष रूप से पहाड़ों, जंगलों और रेगिस्तानों में रहने वाले लोग, बीमारी का सामना करने पर खुद का ख्याल रखना जारी रखते हैं-अक्सर बीमारी के गंभीर होने तक देखभाल में देरी करते हैं, बिल्कुल भी देखभाल नहीं करते हैं या अनौपचारिक, खराब गुणवत्ता वाले प्रदाताओं से देखभाल लेते हैं। जब वे स्वास्थ्य सेवा लेने में सक्षम होते हैं, तब भी उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है, उन्हें खराब गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा मिलती है और अक्सर इस प्रक्रिया में वे कर्ज़ में डूब जाते हैं।



दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए टेली मेडिसिन और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयों के उपयोग का विस्तार करें। ग्रामीण भारत में टेली कंसल्टेशन प्रदान करने के लिए ई-संजीवनी का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया है। मातृ और बाल स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में समुदाय-आधारित जागरूकता कार्यक्रम चलाएँ। ग्रामीण इलाकों में मातृ देखभाल को बढ़ावा देने में आशा कार्यकर्ता प्रभावी रही हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 द्वारा अनुशंसित सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय को सकल घरेलू उत्पाद के कम से कम 2.5त्र तक बढ़ाएँ। थाईलैंड जैसे देशों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य में निरंतर निवेश के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में सुधार किया है। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा में चुनौतियाँ सिर्फ़ मरीज़ों तक सीमित नहीं हैं; वे स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के कंधों पर भी भारी बोझ डालती हैं। डॉक्टरों के सामने आने वाली कठोर वास्तविकता हैं-हिंसा, अपर्याप्त आवास और ढहते बुनियादी ढाँचे। ये कारक यहाँ सरकारी अस्पतालों में काम करने के लिए कई लोगों को रोकते हैं। विशेषज्ञों को लाने के प्रयासों के बावजूद, ऐसे पेशेवरों की कमी का मतलब अक्सर यह होता है कि मरीजों को इलाज़ के लिए ज़िला अस्पतालों में भेजा जाना चाहिए। 卐कोविड-19 महामारी हमारी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एक चेतावनी थी, फिर भी इस क्षेत्र में कोई अतिरिक्त निवेश नहीं हुआ है। सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में ग्रामीण भारत के लोग, विशेष रूप से पहाड़ों, जंगलों और रेगिस्तानों में रहने वाले लोग, बीमारी का सामना करने पर ख़ुद का ख़्याल रखना जारी रखते हैं-अक्सर बीमारी के गंभीर होने तक देखभाल में देरी करते हैं, बिल्कुल भी देखभाल नहीं करते हैं या अनौपचारिक, खराब गुणवत्ता वाले प्रदाताओं से देखभाल लेते हैं। जब वे स्वास्थ्य सेवा लेने में सक्षम होते हैं, तब भी उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है, उन्हें खराब गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा मिलती है और अक्सर इस प्रक्रिया में वे कर्ज़ में डूब जाते हैं। ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की पहुँच बढ़ाने के लिए एक महत्त्वपूर्ण उपकरण, टेलीमेडिसिन, अभी भी महत्त्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है। विशेषज्ञों की उपलब्धता को संरेखित करना, यह सुनिश्चित करना कि रोगियों को इंटरनेट और बिजली जैसे आवश्यक बुनियादी ढाँचे तक पहुँच हो और विशेषज्ञों द्वारा अक्सर सामना की जाने वाली भारी नैदानिक ज़िम्मेदारियों का प्रबंधन करना, ये सभी बाधाएँ हैं जिनका समाधान करने की आवश्यकता है। एआई टेलीमेडिसिन परामर्शों को अनुकूलित करके, उपलब्धता के आधार पर मामलों को सही केंद्रों तक पहुँचाकर और एक जिलाव्यापी, एआई-सक्षम, हब-एंड-स्पोक मॉडल का समर्थन करके इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर सकता है जो नियुक्ति संतुष्टि दरों में सुधार कर सकता। इसके अलावा, एआई की क्षमता ऑडिटिंग और धोखाधड़ी नियंत्रण तंत्र में सुधार तक फैली हुई है, जो आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) जैसे कार्यक्रमों में संसाधन रिसाव को रोकने के लिए महत्त्वपूर्ण है।

ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की पहुँच बढ़ाने के लिए एक महत्त्वपूर्ण उपकरण, टेलीमेडिसिन, अभी भी महत्त्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है। विशेषज्ञों की उपलब्धता को संरेखित करना, यह सुनिश्चित करना कि रोगियों को इंटरनेट और बिजली जैसे आवश्यक बुनियादी ढाँचे तक पहुँच हो और विशेषज्ञों द्वारा अक्सर सामना की जाने वाली भारी नैदानिक ज़िम्मेदारियों का प्रबंधन करना, ये सभी बाधाएँ हैं जिनका समाधान करने की आवश्यकता है। एआई टेलीमेडिसिन परामर्शों को अनुकूलित करके, उपलब्धता के आधार पर मामलों को सही केंद्रों तक पहुँचाकर और एक जिलाव्यापी, एआई-सक्षम, हब-एंड-स्पोक मॉडल का समर्थन करके इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर सकता है जो नियुक्ति संतुष्टि दरों में सुधार कर सकता। इसके अलावा, एआई की क्षमता ऑडिटिंग और धोखाधड़ी नियंत्रण तंत्र में सुधार तक फैली हुई है, जो आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) जैसे कार्यक्रमों में संसाधन रिसाव को रोकने के लिए महत्त्वपूर्ण है।

यह सुनिश्चित करके कि संसाधनों का प्रभावी और नैतिक रूप से उपयोग किया जाता है, एआई ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणालियों की समग्र अखंडता को मज़बूत करने में मदद कर सकता है। ग्रामीण भारत में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा को मज़बूत करना सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) प्राप्त करने और ग्रामीण स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए आवश्यक है। केंद्रित बुनियादी ढांचे का विकास, कार्यबल प्रोत्साहन और डिजिटल नवाचार मौजूदा अंतराल को पाट सकते हैं, जिससे सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित हो सकती है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विचार

# बदलते भारत की बदलती तस्वीर



जया वर्मा सिन्हा



विविधताओं से भरा अपना देश निराला है। अपने यहाँ, चीज़ों को अलग नज़रिए से देखने की प्रशस्त परंपरा रही है। हमारे लिए गंगा और गोदावरी सिर्फ़ नदियों के नाम नहीं, जीवन दायिनी माँ के पर्यायी हैं। संगीत, कानों को सुख देने का सिर्फ़ साधन नहीं, सुरों की साधना का ज़रिया है।

कुछ वैसे ही, हम देशवासियों के लिए, भारतीय रेल, महज़ एक अदद इंजन और डेढ़ दर्जन डिब्बों से लैस गाड़ी नहीं, घर परिवार से दूर जीविकार्जन कर रहे हमारे श्रमिकों, किसानों, जवानों और करोड़ों नागरिकों का अपने परिवारों और प्रियजनों से भावनात्मक रिश्तों को जोड़ता एक पुल है। पूरब से पश्चिम, और उत्तर से दक्षिण बिछी पटरियों पर सिर्फ़ हमारी ट्रेनें नहीं दौड़तीं - उनसे होकर रिश्तों के एहसास गुज़रते हैं। विराट भारत देश की विविधताओं को अपने अंतर में समेटे, भारतीय रेल, भारत सरकार की प्रतिनिधि भी है, और देशवासियों की आकांक्षाओं का प्रतीक भी!

इन आकांक्षाओं की अग्नि परीक्षा हर साल त्योहारों के मौसम में होती है, जब परिवार से दूर जीवन यापन कर रहे करोड़ों देशवासी अपने घरों को लौटते हैं। महानगरों की गुमनामी भरी ज़िन्दगी में, साल भर की जी तोड़ मेहनत के बाद, अपनों से मिलने के अरमान लिए ये मेहनतकश एक विशाल समूह में निकल पड़ते हैं रेल के सफ़र पर। संख्या इतनी ज़्यादा, कि अगर आपने उस परिवेश में कभी काम ना किया हो, तो देखते ही हाथ-पाँव फूल जायें। और, अगर बात त्योहार और विशेष दिनों में उमड़ते जन-सैलाब की हो, तो सिर्फ़ रेल संचालन से बात नहीं बनती। आपको रेलवे स्टेशन पर आये लोगों के सुचारू रूप से ठहरने, टिकट ख़रीदने, जलपान आदि की भी पर्याप्त व्यस्तता करनी होती है। इसके लिए रेल अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा स्वयं सेवी संगठनों का भी सहयोग मिलता है। भारतीय रेल प्रशासन को करोड़ों की संख्या में आये यात्रियों को अपने गंतव्यों तक पहुँचने का कई दशकों का अनुभव है, पर अब सारी कोशिश इस अनुभव को क्रमशः सुखद बनाने की है।

अगर विदेशी मेहमानों से कभी इस विषय पर चर्चा हो, तो वे दांतों तले उँगलियाँ दबा लेते हैं। यातायात प्रबंधन की जानकारी रखने वाले कई साथी, यह सुनकर कि त्योहारों के दौरान रेलवे ने एक लाख सत्तर हज़ार ट्रेनों के फेरों के अलावा 7,700 विशेष ट्रेनों का संचालन किया, हैरत में पड़ जाते हैं। अब आप, सूरत के पास स्थित औद्योगिक शहर ऊधना को ही ले लीजिये - यहाँ के रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन औसतन सात-आठ हज़ार यात्रियों का आवागमन होता है - चार नवंबर को इस छोटे से स्टेशन पर चालीस हज़ार से ज़्यादा की भीड़ उमड़ आयी। अगर, रेलवे प्रशासन ने एक टीम की तरह काम करते हुए उचित व्यवस्थाएँ ना की होती, तो यात्रियों की परेशानी का अन्दाज़ लगाना भी मुश्किल होता। त्योहार के दौरान, देश भर में सबसे अधिक आवागमन नई दिल्ली स्टेशन से हुआ। इस अवधि में सिर्फ़ इस स्टेशन से, यात्रियों की माँग पर एक दिन मे 64 स्पेशल और 19 अनारक्षित ट्रेनों का संचालन किया गया।

विदेशी मेहमानों से भरी एक सभा में जब त्योहारों में रेल यात्रा की चर्चा हुई, तो एक राजनयिक यह सुनकर दंग रह गये कि इस साल अकेले छठ महापर्व के पहले, 4 नवम्बर को, लगभग 3 करोड़ लोग ट्रेन से अपने गंतव्यों तक गये, और त्योहार के दिनों में तो रेलवे ने लगभग 25 करोड़ यात्रियों को यात्रा करने में मदद की। संबंधित राजनयिक ने, हल्की मुस्कान के साथ कहा कि पाकिस्तान की कुल आबादी से ज़्यादा लोगों ने तो महज़ कुछ दिनों में ही आपकी ट्रेनों में यात्रा की!

भारतीय रेल को यह एहसास है कि देश के पूर्वी हिस्सों से बड़ी संख्या में उद्योग केंद्रों में श्रम कर रहे हमारे इन भाई-बहनों का देश के निर्माण में अहम किरदार है। जम्मू की अटल टनल से लेकर मुंबई की सी-लिंक तक, और बेंगलुरु की आई-टी प्रतिष्ठानों से लेकर दिल्ली के निर्माणाधीन भवनों तक को, पूरब की मिट्टी में रचे बसे लोगों ने अपने हाथों से गढ़ा है। देश की सीमाओं पर तैनात फ़ौज या सीमा सुरक्षा बल के जवान हों, पंजाब के खेतों में फ़सल उगा रहे मज़दूर, सरकारी ऑफिसों तथा निजी संस्थानों में सेवारत कर्मचारी, बड़े-बुज़ुर्ग, या देश की प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों में पढ़ रहे विद्यार्थी, ये सब अपने अपने तरीक़ों से आज और आनेवाले कल के भारत को गढ़ रहे हैं।

भारतीय रेल भी आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस वन्दे भारत, अमृत भारत, नमो भारत जैसी ट्रेनों के लगातार विस्तार और देशभर में हजार से ज़्यादा रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन में बदलकर एक नयी और विश्वस्तरीय यात्रा पर चल पड़ी है। बदलते भारत की बदलती तस्वीर भारतीय रेल के स्वरूप मे अब उभरने लगी है।

**(जया वर्मा सिन्हा भारतीय रेल की पहली महिला चेयरमैन एवं सीईओ हैं)**

साहित्य



## कौन लब्जों पे ध्यान देता है

**उज्जवल कुमार**

कौन लब्जों पे ध्यान देता है
जब कोई नेता बयान देता है

मुझे छला सदा अपनो ने
कोई गैर कहाँ जुबान देता है

दिल्लगी अपनी जगह है वाज़िब
पर इश्क़ में कौन जान देता है

नफ़रत किस से करूँ मैं यहाँ
जब सबको जन्म भगवान देता है

बीती बातों को याद क्या करना
वो तो दर्दों का तूफ़ान देता है

तुझे कैसे कह दूँ बेवफ़ा मैं
धोखा तो सारा जहान देता है!





# राशिफल

**मेषः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

**बृषभः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बनें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में जाया न करें। नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**कर्कः-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**सिंहः-** नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही कतई न करें।

**कन्याः-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। संबंधियों के सहयोग से कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

**वृश्चिकः-** रोजगार संबंधी कुछ नई योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**धनुः-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**मकरः-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे।

**कुंभः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बनें। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें।

**मीनः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

# जनजातीय गौरव को बढ़ावा देने में अग्रणी मध्य प्रदेश

*लोकेन्द्र सिंह*

जनजातीय गौरव को बढ़ाने के साथ जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। विगत 20 वर्षों में जनजातीय योजनाओं का बजट 1000 प्रतिशत बढ़ा है। मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जहाँ जनजातीय समुदाय के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए पेसा कानून को लागू किया गया है।

मध्य प्रदेश की सरकार ने जनजातीय नायकों का गौरव बढ़ाने के लिए उनसे जुड़े स्मारकों का आगे बढ़कर विकास किया है। राजा शंकरशाह और रघुनाथ शाह, रानी कमलापति, रानी दुर्गावती, टंट्या मामा और भीमा नायक से लेकर कई नायकों के योगदान से लोगों को परिचित कराने के उल्लेखनीय कार्य किए हैं। मंडला के मेडिकल कॉलेज का नाम बलिदानी हृदयशाह के नाम पर किया गया। वहीं, छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम 'राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय' किया। हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदल कर 'रानी कमलापति रेलवे स्टेशन' किया गया। जबलपुर में 100 करोड़ की लागत से 'रानी दुर्गावती स्मारक' को विकसित किया जा रहा है।

मध्य प्रदेश के बजट का अध्ययन करें तो ध्यान आएगा कि 2003-04 में जनजातीय कार्य विभाग का बजट 746.60 करोड़ रुपये था। जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं को बजट की कमी का सामना न करना पड़े, इसके लिए भाजपा सरकार ने सबसे पहला काम यही किया कि जनजातीय कार्य विभाग के बजट में लगातार बढ़ोतरी की। वर्ष 2003-04 के मुकाबले वर्ष 2023-24 में जनजातीय कार्य विभाग का बजट 1000 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 11,768 करोड़ रुपये का हो गया है।

इस बजट का उपयोग जनजातीय वर्गों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, रोजगार एवं अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं के साथ विकास कार्यों को गति देने में किया गया है। विद्यार्थियों को शिक्षा के समुचित अवसर एवं आर्थिक सहयोग के साथ ही सरकार की ओर से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण भी दिलाया जा रहा है। कम्प्युटर कौशल सिखाने के साथ जनजातीय युवाओं को पुलिस और सेना में भर्ती का प्रशिक्षण देने का काम भी मध्य प्रदेश में किया जा रहा है। जनजातीय वर्गों के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए आहार अनुदान योजना, सिकल सेल उन्मूलन मिशन, मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार ग्राम, देवारण्य, अनुसूचित जनजाति ऋण विमुक्ति अधिनियम-2020, मिलेट मिशन, प्रधानमंत्री वन-धन योजना, आकांक्षा योजना, प्रतिभा योजना, आवास सहायता योजना, विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति, प्री एवं पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति, अखिल भारतीय सेवाओं के लिए कोचिंग एवं प्रोत्साहन तथा जनजातीय लोक कलाकृतियों एवं उत्पादों की जीआई टैगिंग जैसे कदम मध्य प्रदेश में उठाए गए हैं।

जनजातीय गौरव दिवस पर यह अवश्य याद रखना चाहिए कि अभारतीय ताकतों ने अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र के अंतर्गत जनजातीय समुदाय को भ्रमित करने के लिए 9 अगस्त को 'वर्ल्ड इंडिजिनियस पीपल्स डे' को 'आदिवासी दिवस' कहकर भारत में बढ़ावा दिया, जबकि इस दिन का भारत और जनजातीय गौरव के साथ कोई संबंध नहीं है। वास्तव में यह तो दुस्खद त्रासदी की शुरुआत का दिन है। ब्रिटिश सेना ने अमेरिका के मूल निवासियों का नरसंहार किया। बाद में, उसके अपराध बोध से मुक्त होने के लिए 'वर्ल्ड इंडिजिनियस पीपुल्स डे' (International Day of the World's Indigenous Peoples) के रूप में 9 अगस्त को चुना गया। यहाँ यह भी ध्यान रखें कि वैश्विक षड्यंत्र के अंतर्गत ही 'वर्ल्ड इंडिजिनियस पीपल्स डे' का अनुवाद 'विश्व आदिवासी दिवस' के रूप में किया गया है। वास्तविकता यह है कि संयुक्त राष्ट्र ने अब तक 'इंडिजिनियस पीपुल' (indigenous people) की स्पष्ट परिभाषा तक नहीं की है। यही कारण है कि जब 1989 में विश्व मजदूर संगठन द्वारा 'राइट्स ऑफ इंडिजिनस पीपल' कन्वेन्शन क्रमांक-169 घोषित किया गया, तब उसे विश्व के 189 में से केवल 22 देशों ने ही स्वीकार किया। इसका मुख्य कारण 'इंडिजिनस पीपल' शब्द की परिभाषा को स्पष्ट नहीं करना ही था।




प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने भारत माता के महान बेटे बिरसा मुंडा की जयंती (15 नवंबर) को 'जनजाति गौरव दिवस' के रूप में मान्यता देकर प्रशंसनीय कार्य किया। जनजाति वर्ग के इस बेटे ने भारत की सांस्कृतिक एवं भौगोलिक स्वतंत्रता के लिए महान संघर्ष किया और बलिदान दिया। अपनी धरती की रक्षा के लिए उन्होंने विदेशी ताकतों के साथ जिस ढंग से संघर्ष किया, उसके कारण समूचा जनजाति समाज उन्हें अपना भगवान मानने लगा। उन्हें 'धरती आबा' कहा गया। भगवान बिरसा मुंडा न केवल भारतीय जनजाति समुदाय के प्रेरणास्रोत हैं बल्कि उनका व्यक्तित्व सबको गौरव की अनुभूति कराता है। इसलिए उनकी जयंती सही मायने में 'गौरव दिवस' है। जिस प्रकार भगवान बिरसा मुंडा ने विदेशी ताकतों के षड्यंत्रों से भारत को बचाया, उसी प्रकार उनकी स्मृति में मनाया जाने वाला जनजातीय गौरव दिवस भी हमें वर्तमान में चल रही साजिशों से बचाएगा और भारत के 'स्व' की स्थापना की प्रेरणा देगा।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# अनियंत्रित टैम्पो पलटा, डेढ़ दर्जन सवारियां घायल

▸ हादसे में चार घायल जिला अस्पताल रेफर

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



तेज गति से आ रहे टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें डेढ़ दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गई,चार सवारियों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिये रिफर किया गया है। जानकारी के अनुसार सिजनौडा बजरंग धाम मंदिर में सप्त दिवसीय भागवत कथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने जा सवारियों से भरी टैम्पों पलट गयी जिसमे खुशी पुत्री रोहित तिवारी सिजवाही, पिंकी विश्वकर्मा पुत्री मुन्नीलाल सिजवाही दिव्या शुक्ला पुत्री देव प्रसाद शुक्ला, सियाप्यारी पत्नी राम आसरे, आरती पत्नी रामदेव निवासी उरदना कौशल्या पत्नी राम सजीवन ग्राम सिजवाही, चुन्नी नामदेव पत्नी शिवविशाल शशि पुत्री पुन्ना निवास, उपासना निवासी सिजवाही आदि लोग घायल हो गए जिसमें उपासना, शशि ,चुन्नी नामदेव ,कौशल्या की प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया शशि उपासना दोनों किशोरी मां ज्वाला देवी इंटर कॉलेज में हाई स्कूल की छात्रा है। सवारियों का कहना है कि टेंपो ड्राइवर अमित में नशे की हालत में लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उरदना के ठेके के पास में पल्टा दिया जिसमें बैठी देढ दर्जन सवारी घायल हो गए कुछ सवारियां मामूली चोटे होने पर वापस अपने घर चली।

### वाहन की टक्कर से बाइकसवार युवक की मृत्यु

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के कुतुबपुर व शिवनी गांव के बीच बीती रात बाइक सवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो कर सड़क किनारे बाइक सहित गिर गया। तथा उसकी मौत हो गई। सुबह जानकारी होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम को भेज दिया है। क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा कयोटरा गांव निवासी युवक अजय कुमार (22) अपनी बाइक से क्षेत्र के मनकी गांव से लौट कर गांव आ रहा था तभी देर रात शिवनी व कुतुबपुर गांव के बीच में उसकी बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया। तथा रात भर वही पड़ा रहा । सुबह जब ग्रामीण खेतो तरफ जा रहे थे। तो देखकर थाना पुलिस को सूचना दी। तब पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# एसडीएम की गाड़ी के बोनट पर केक काटते हुये वीडियो वायरल, रिपोर्ट दर्ज

▸ हूटर बजाकर गाली-गलौज कर की जा रही है मस्ती, कई लोग अपराधी किस्म के

**मौदहा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



सोशल मीडिया में उप जिला अधिकारी के वाहन की बोनट पर बैठकर केक काट कर मस्ती करते हुये वीडियो वायरल होने के बाद महकमें में हड़कंप मच गया। इस दौरान मनाई जा रही बर्थडे पार्टी में गाड़ी का हूटर बजाकर लाल नीली बत्तियां जलती हुई दिखाई दे रही है।

मौदहा उप जिलाअधिकारी की बोलेरो गाड़ी में की बोनट में बैठकर पांच केक रखकर काटे जान जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है की करीब दस लड़कों द्वारा गाली गलौज करते हुए सरकारी वाहन की लाल नीली बत्तियां जलती हुई और हूटर बजाने को लेकर युवकों द्वारा गाली गलौज की जा रही है हालांकि इस दौरान मौजूद युवकों की के नाम बताने पर लोग कतरा रहे हैं जबकि सभी युवक नगर के ही बताये जा रहे हैं और कुछ पर तो पहले से ही अन्य मुकदमे भी दर्ज है।अभी कुछ दिन पूर्व ही झांसी के एसडीएम की बोनट पर अश्लील नृत्य करते हुए वीडियो वायरल हुआ था तो आज मौदहा में इस तरह का वीडियो वायरल होने के बाद उप जिलाअधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संविदा में लगी हुई बोलोरो गाड़ी के मालिक शशिकांत सहित अज्ञात सभी लोगों पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कराया है। उप जिला अधिकारी ने कहा की वीडियो के वायरल होने के बाद ही उन्हें इसकी जानकारी हुई जिसके आधार पर सभी की शिनाख्त कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अब सवाल यह उठता है कि आखिरकार उप जिला अधिकारी की गाड़ी पर इस तरह की घटना को अंजाम देने की मुख्य भूमिका किसकी थी यह एक जांच का विषय है।

## खबरें एक नजर में

### वाहन की टक्कर से अधेड़ की मृत्यु, रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर)।** तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से अधेड़ की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी,पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। मझगवां थाने के बकरई गांव निवासी इकरार ने पुलिस को बताया कि 17 अक्टूबर की शाम कदीर मुहम्मद बाइक से बिहूंनी थाना मुस्करा तेरहवीं संस्कार में शामिल होने के जा रहे थे। रात करीब नौ बजे जैसे ही उसके पिता धनौरी गांव के आगे सरसेड़ा मोड़ पर पहुंचे तो तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल अवस्था में उन्हें सीएचसी ले गए। जहां से उन्हें मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। जहां उनकी मौत हो गई है। बताया कि 19 अक्टूबर को पिता की तलाश करने पर पता चला कि उनकी मौत दुर्घटना से हुई है। वह मेडिकल कालेज उरई पहुंचे। जहां उनकी शिनाख्त पिता के रूप में हुई। मृतक के पुत्र कोतवाली में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

### घायल बाइकसवार युवक की मृत्यु, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**राठ (हमीरपुर)।** हमीरपुर मार्ग स्थित धनौरी मंडी के झाड़ियों में बाइक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उसके मृत घोषित कर दिया है। अभी युवक की शिनाख्त नहीं हुई है। शुक्रवार की दोपहर हमीरपुर रोड स्थित धनौरी मंडी के पास झाड़ियों में बाइक सहित 35 वर्षीय युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। वहां से निकल रहे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने उसे अस्पताल पहुचाया जहा डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाईं में गिर जाने युवक की मौत हुई है। युवक के शव की अभी शिनाख्त नहीं हुई है।

### बदमाशों ने ई रिक्शा चालक से नकदी व रिक्शा लूटा, शिकायत

**राठ (हमीरपुर)।** भाई व उसकी पत्नी बच्चों को छोड़ आ रहे ई रिक्शा चालक के साथ उरई रोड स्थित इटायल मोड़ पर दो बाइकों पर सवार बदमाशों ने फायरिंग कर मारपीट करते हुए ई रिक्शा व रुपए लूटकर ले गए। पीड़ित रिक्शा चालक ने पुलिस से लिखित शिकायत की है। कोतवाली के बड़ा गांव निवासी छत्रपाल पुत्र भागीरथ ने बताया कि वह ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। गुरुवार की रात उसके छोटे भाई नारायण दास,उसकी पत्नी संतोषी व बच्चों को लेकर ईंट भट्ठों पर जा रही बस पर उरई रोड स्थित इंडस वैली स्कूल के छोड़ने गया था। रात करीब नौ बजे वह अपने 12 वर्षीय पुत्र कृष्णा के साथ वापस अपने गांव के लिए लौट रहा था। तभी इटायल मोड़ के पास दो बाइकों पर सवार छह युवकों ने उन्हें रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। आरोप लगाया कि विरोध करने पर तमंचे से हवाई फायरिंग कर मारपीट करने लगे। जेब से 500 रुपए और रिक्शा लूटकर भाग गए। उसने अपने पुत्र को उठाकर भागकर अपनी जान बचाई। जेब में मजदूरी का रुपए डाले हुए था। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

### खाद और बिजली कटौती की समस्या से परेशान किसानों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**महोबा।** बुन्देलखण्ड के महोबा जिले में दैवीय आपदाओं के बाद प्रशासनिक आपदा किसानों के ऊपर भारी पड़ती नजर आ रही है अघोषित विद्युत कटौती और खाद की कमी से जूझ रहे किसानों ने आक्रोशित होकर जाम लगाने की कोशिश की लेकिन प्रशासन की सक्रियता ने किसानों के जाम को विफल कर दिया। जिसके बाद किसानों ने प्रदर्शन करते हुए खाद और विद्युत कटौती की समस्या से निजात दिलाने की मांग का ज्ञापन एसडीएम को सौंप समस्या के निस्तारण की मांग की है। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित विद्युत कटौती और खाद की कमी से जूझ रहे किसानों ने बुन्देलखण्ड किसान यूनियन के बैनर तले सड़कों पर उतरे सैकड़ों किसानों ने जैतपुर कस्बा के जैतपुर-नौगांव रोड में जाम लगाने की कोशिश की लेकिन प्रशासन की सक्रियता के चलते किसान जाम लगाने में सफल नहीं हो सके। आक्रोशित किसानों ने प्रदर्शन करते हुए जनपद में खाद की कमी से जूझ रहे किसानों की समस्या के निस्तारण की मांग उठाई है, तो वहीं किसानों ने उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद और विद्युत उपखंड अधिकारी कुलपहाड़ को ज्ञापन सौंप कर अघोषित विद्युत कटौती सहित खाद की समस्या से जल्द निजात दिलाने की मांग की है। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया था। प्रदर्शन के दौरान बुन्देलखण्ड किसान यूनियन के बैनर तले इकट्ठा हुए सैकड़ो किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

### कर्ज के मर्ज से पीड़ित किसान का संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक में मिला शव

**महोबा।** बुन्देलखण्ड के महोबा जिले में बेटी की शादी के लिए साहूकारों से लिये लाखों रुपए के कर्ज के मर्ज से पीड़ित किसान का महोबा-खजुराहो रेलवे ट्रैक में क्षतविक्षत अवस्था में शव मिलने से हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।दरअसल घटना महोबा खजुराहो रेलवे लाइन स्थित चंदपुरा गांव के पास की है। जहां शहर कोतवाली क्षेत्र के बनियातला गांव के रहने वाले देवपाल सिंह ठाकुर का 52 वर्षीय पुत्र अजय विक्रम सिंह का क्षतविक्षत अवस्था में शव पड़ा मिलने से इलाके में हड़कम्प मच गया। रेलवे ट्रैक में बुजुर्ग का शव पड़ा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जाता है कि मृतक किसान अजय विक्रम सिंह ने बीती 16 फरवरी को अपनी पुत्री आकांक्षा सिंह का विवाह किया था जिसमें साहूकारों से लाखों रुपए कर्ज लिया गया था बीती शाम घर से टहलने के लिए निकले किसान अजय विक्रम सिंह का शव महोबा-खजुराहो रेलवे लाइन स्थित चंदपुरा गांव के पास क्षतविक्षत अवस्था में पड़ा मिला है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त अजय विक्रम सिंह के रूप में कर परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मृतक के चाचा कृष्णपाल सिंह ने बताया कि मृतक अजय विक्रम सिंह ने बीति 16 फरवरी को अपनी बड़ी बेटी आकांक्षा सिंह की शादी साहूकारों से लाखों रुपए का कर्ज लेकर की थी उसके बाद फसल खराब होने के चलते साहूकारों का कर्ज नहीं चुका पा रहा था जिसके वजह से वह परेशान रहता था आज उसका शव क्षतविक्षत अवस्था में मिला है।

### राज्य स्तरीय कबड्डी टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**कुलपहाड़ (महोबा)।** तहसील अंतर्गत ग्राम दादरी में देवउठनी एकादशी के मौके पर अखिल भारतीय कबड्डी टूर्नामेंट का समापन वरिष्ठ सपा नेता करण सिंह राजपूत के कर कमलों द्वारा किया गया। इस टूर्नामेंट में कई राज्यों की टीमों ने प्रतिभाग किया। तहसील के ग्राम दादरी में देवउठनी एकादशी पर लगने वाले मेला में अखिल भारतीय कबड्डी टूर्नामेंट दिनांक 13 नवंबर 2024 से प्रारंभ हुआ, जिसका शुभारंभ डॉक्टर सनत राजपूत कुलपहाड़ द्वारा किया गया था और 14 नवंबर 2024 को इसका समापन वरिष्ठ सपा नेता करण सिंह राजपूत मुढ़ारी द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा, मुजफ्फरनगर, रीवा, भोपाल, हिमाचल प्रदेश, इंदौर, जयपुर, निवाड़ी, डीसी सेंटर, सतना, बांदा आदि टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच हरियाणा और मुजफ्फरनगर के बीच हुआ, जिसमें हरियाणा विजेता और मुजफ्फरनगर को उपविजेता घोषित किया गया। जिसे सपा नेता द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। रेफरी की भूमिका जितेन्द्र मिश्रा पनवाड़ी, प्रदीप राजपूत, सुभाष, सतीश राजपूत ने निभाई। संचालक दिनेश पांचाल गोरखा ने किया।

## ब्लॉक परिसर पनवाड़ी में मनायी गयी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इं. श्रीप्रकाश वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी संतराम, अवर अभियंता राजेश वर्मा, एपीओ सुशील कुमार गुप्ता, लेखाकार प्रकाश चन्द्र वर्मा सहित विभाग के कर्मचारी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड में हुआ था। उन्होंने उलगुलान या द ग्रेट ट्यूमुल्ट नामक आंदोलन शुरू किया। उस दौरान लोग उन्हें धरती अब्बा कहते थे, जिसका अर्थ है पृथ्वी का पिता। उन्होंने ब्रिटिश मिशनरियों और उनकी धर्मांतरण गतिविधियों के खिलाफ एक बड़ा धार्मिक आंदोलन खड़ा किया। भगवान बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलने वाले को बिरसाइच कहा जाता है। आज भी उनके शिष्य उनके बताए मार्ग पर चलते हैं। बिरसा मुंडा का जीवन पूरी तरह से आदिवासी समुदाय के लिए समर्पित था द्य अंग्रेजों के जुल्म के खिलाफ बिरसा मुंडा ने बिगुल फूंका था द्य बिरसा मुंडा एक प्रगतिशील चिंतक और एक सुधारवादी नेता रहे। उन्होंने अपने समाज को अंधविश्वास, नशा के खिलाफ जागरूक किया। उन्होंने लोगों को समझाया कि जीव हत्या ठीक नहीं है, बलि देना गलत है, जीवों के प्रति दया भाव होनी चाहिए, उन्होंने आदिवासियों को शराब का सेवन करने से भी रोका। बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को एक होने और संगठित होने पर जोर दिया।

### जेठ ने लाठियों से पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के गोहानी गांव निवासी कविता देवी पत्नी किशन कुमार ने बताया कि सोमवार की शाम सात बजे वह अपने पति के साथ घर पर बैठी थी। तभी उसके जेठ धर्मदास अहिरवार दरवाजे पर आकर घर के हिस्से बांट की बात को लेकर गाली गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया तो जेठ ने लाठियों से पीटना शुरू कर दिया। बताया कि पति व नन्द तुलसा बचाने आईं तो उन्हें भी मारा.पीटा। मारपीट से उसे व उसके पति के सिर में और ननद के हाथ पैर में चोटें आईं हैं। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## अश्लील फोटो डालने पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**राठ(हमीरपुर)।** पुत्री की अश्लील फोटोए वीडियो वायरल कर व अपत्तिजनक पोस्ट करने पर पिता ने जरिया थाने में युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। जरिया थाने के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री को विवेक पुत्र पवन निवासी चन्दरसी थाना कदौरा जनपद जालौन फोन करके जबरन घर व विद्यालय से पकड़ कर ले जाता है। पुत्र व पुत्री को जान से मारने की धमकी देता है। बताया कि इसके आलावा इंस्टाग्राम आईडी पर भद्दी भद्दी रील्स पुत्री के अश्लील वीडियो फोटो और अपत्तिजनक पोस्ट करता है। उसके इस कृत्य से उसकी पुत्री डिप्रेशन का शिकार होती जा रही है। बताया कि उसका परिवार दहशत में हैं। आरोप लगाया है कई थाने में शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जरिया थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

## कार्तिक माह की पूर्णिमा पर कंस वध के साथ एक दिवसीय मेले का समापन



**महोबा।** जैतपुर में कार्तिक माह की पूर्णिमा पर कंस वध के साथ एक दिवसीय मेले का समापन हुआ।जैतपुर के रेलवे स्टेशन रोड कृषि विज्ञान केंद्र के पास पठवा मेला के नाम से मशहूर कंस मेला का आयोजन हुआ।मेले का आयोजन सदियों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए कंस वध देखने के लिए कई गांव से हजारों लोग यहां पर हर साल आते है। आपको बता दें कि ग्राम जैतपुर में हजारों वर्षो से लगातार कंस वध के मेले का आयोजन होता चला आ रहा बरसों परम बरसों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए आज शुक्रवार को शाम करीब 5:30 बजे भगवान श्री कृष्ण अपने भाई बलदाऊ के साथ में कंस के पुतले का वध किया । कंस का वध होते ही पटाखे फोड़े गये और अनंत खुशियां मनाई गई इसके बाद में भगवान श्री कृष्ण और बलदाऊ को पूरे कस्बा में शोभायात्रा निकाली गई है जिसको देखने के लिए हजारों की भीड़ मौजूद रही।मेला में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने लिए बेलाताल पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ गश्त करते रहे मेला शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

## बैनामा में दो फीसदी विकास शुल्क लेकर हर साल जिले से शासन को दिया जाता है करीब बारह करोड़ रुपए

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

▸ जनता के पैसे से ही कराया जाता है विकास, जनता को जागरूक होना जरूरी

निबंधन विभाग में किसी संपत्ति को बेचने में बैनामा कराने पर संबंधित खरीदार से विकास शुल्क के नाम पर दो फीसदी अधिक शुल्क लिया जाता है। जिले से साल भर में करीब बारह करोड़ रुपये शासन को विकास शुल्क के नाम पर दिया जाता है। शासन इसी धनराशि को एकत्र कर प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के विकास के लिये बजट आवंटित करता है। जिले के रजिस्ट्रार दफ्तर में जो भी व्यक्ति संपत्ति को खरीद कर बैनामा कराने जाता है उसे शासन से निर्धारित टैक्स के अलावा दो फीसदी अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है उसे विकास शुल्क के नाम से जाना जाता है। यह परंपरा शुरु से चली आ रही है, जिले से करीब बारह करोड़ रुपये की धनराशि हर वर्ष शासन को विकास शुल्क के नाम पर दी जाती है। विभाग के स्टाम्प एआईजी धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि जिले में जितनी अधिक संपत्ति खरीदारी बेची जाती है उतना अधिक शासन को राजस्व की प्राप्ति होती है इसी धनराशि को एकत्र कर शासन नगरीय विकास के लिये बजट का आवंटन करती है जिससे विकास कार्य होते है। यह धनराशि केवल नगरीय व कस्वाई क्षेत्रों से वसूली जाती है। विभाग के सहायक निबंधक की हर तहसील में नियुक्ति की जाती है वह विकास शुल्क लेकर पूरे जिले से एकत्र कर तीन माह में शासन को भेजना पड़ता है। पिछले तीन माह में जिले से दो करोड 71 लाख 48 हजार 930 रुपये की धनराशि भेजी गयी है। यानी को नगरीय विकास में जो बजट दिया जाता है वह जनता से लिया गया एक टैक्स है। हालाकि शासन स्तर से हर साल निबंधन विभाग को दस फीसदी का बजट बढा कर दिया जाता है जिससे विकास शुल्क भी बढ़ता रहता है। जिले में अभी कई स्थान है जहा पर जमीन की खरीदारी में स्टाम्प की चोरी होती है जिसकी जांच पड़ताल भी की जाती है। मगर नगरीय क्षेत्र में जहा लोग जागरुक नही है वहा पर अभी दस रुपये के स्टाम्प में ही ग्रामीण संपत्ति की खरीदारी व विक्री कर लेते है।

### संत शिरोमणि सुदर्शन महाराज की शोभायात्रा पनवाड़ी में धूमधाम के साथ निकाली गई

**पनवाड़ी।** संत शिरोमणि सुदर्शन जी महाराज जयंती की शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई यात्रा संत शिरोमणि सुदर्शन आश्रम हरपालपुर रोड से प्रारंभ की गई जिसको संपूर्ण नगर में धूमधाम के साथ घुमाया गया साथ में डीजे घोड़ा बैंड बजे के साथ शोभायात्रा नगर में भ्रमण की इस मौके पर रविदास मंदिर के महंत खेत दास बाबा धम्मू बाबा माता बहनों ने भी चढ़कर हिस्सा लिया राकेश पासवान दिनेश पासवान पिल्लू पासवान लखन पासवान रमेश पासवान नगर के पास समाज द्वारा संत शिरोमणि सुदर्शन जी महाराज की शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## पवित्र बने कबरई ब्लाक अध्यक्ष, प्रमोद मंत्री और रुचि बनीं कोषाध्यक्ष

▸ उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पू.मा.) शिक्षक संघ की कबरई इकाई का निर्वाचन संपन्न



**महोबा।** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की कबरई ब्लाक इकाई का अध्यक्ष पवित्र सागर पांडेय को चुना गया है। शहर के उ.प्रा.वि. आलमपुरा में शुक्रवार को सुबह 9 बजे संगठन का चुनाव कार्यक्रम शुरु हुआ।निर्वाचन अधिकारी मनीषा त्रिपाठी, अनिल प्रजापति, कृष्णकांत तिवारी और राहुल सिंह परिहार ने राजेश कुमार गुप्ता के पर्यवेक्षण में नामांकन प्रक्रिया ?प्रारंभ कराई। इसमें अध्यक्ष पद के लिए पवित्र सागर पांडेय, मंत्री के लिए प्रमोद सिंह जादौन और कोषाध्यक्ष के लिए रुचि पटसारिया ने नामांकन किया। नामांकन पत्र जांच में सही पाये गये। अन्य कोई नामांकन न होने के कारण निर्वाचन अधिकारियों ने पवित्र सागर पांडेय को ब्लाक अध्यक्ष, प्रमोद सिंह जादौन को ब्लाक मंत्री और रुचि पटसारिया को ब्लाक कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस अवसर पर संगठन के जिला संयोजक प्रशांत सक्सेना, सहसंयोजक रमाकांत मिश्रा, संरक्षक दिनेश रावत, नवीन गुप्ता, सरिता निगम, ज्योति प्रकाश तिवारी, मनीष तिवारी, जयहिंद तिवारी, रामबहादुर सिंह, मनीष तिवारी, वीरेंद्र कुमार, रूपसिंह राजपूत, केडी प्रजापति, राकेश शर्मा, निर्भय सेंगर,अशोक अहिरवार, अनूप द्विवेदी, सियादुलारी, दृगपाल सिंह, मनीष पाठक, भजनलाल यादव, भूपेंद्र शिवहरे, राजेंद्र राजपूत, प्रदीप चौरसिया सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने संगोष्ठी एवं प्रतियोगिता का किया आयोजन

**महोबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महोबा द्वारा 15 नवम्बर जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जिले के समस्त प्रतियोगी छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें 500 प्रतियोगी छात्रों ने पंजीकरण कराना जिसमें से 86 अनुपस्थित थे 414 प्रतियोगी छात्रों ने परीक्षा दी। अन्त में संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम सदर जितेन्द्र कुमार, एसडीएम मृत्युंजय मिश्रा जी रहे समस्त छात्र छात्राओं को बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर अभाविप द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रमुख डॉ प्रदीप जी जिला संगठन मंत्री अपूर्व जी एवं जिला संयोजक शिवम् विश्वकर्मा, संजय परमार व समस्त प्रतियोगी छात्र एवं छात्रा रहे।

## एसपी ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर सुनीं फरियादियों की समस्याएं



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## 3300 सो रुपए को लेकर दंपति में विवाद

▸ रुपए वापस न मिलने से परेशान पति ने जहर खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा में पति-पत्नी के बीच हुए अनोखे विवाद का मामला सामने आया है । पत्नी द्वारा मायके वालों को 3300 रुपये देकर तीन माह तक वापिस न लाने को लेकर आपसी कहासुनी के बाद विवाद हो गया। पैसों की चाहत में पत्नी के सामने ही पति ने कीटनाशक दवा को पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की है । युवक की हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड भर्ती कराया गया है जहां युवक का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। मामला महोबा के अजनर थाना क्षेत्र के बछेछर कला गांव का है। जहां जहां 33 वर्षीय रमेश अहिरवार ने अपनी पत्नी को 3300 रखने के लिए दिए थे । पति के अनुसार उसकी पत्नी ने वह पैसे अपने मायके पहुंचा दिए थे । जब पति ने अपने पैसे वापस मांगे तो पत्नी ने देने में आनाकानी करने लगी थी। जिसके बाद दोनों के बीच विवाद हो गया है। विवाद के बाद पत्नी ने डायल 112 पुलिस को फोन कर दिया था। डायल 112 ने मौके पर पहुंचकर पति को डाटा डायल 112 के जाने के बाद पत्नी से रमेश का फिर विवाद हुआ जिसके बाद रमेश ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। इसके बाद रमेश की हालत बिगड़ने लगी परिजनों द्वारा रमेश को आनन-फानन में सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

**मिशन शक्ति अभियानः फेज-5.0**

## महिलाओं/बालिकाओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु किया जागरूक

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज- 5.0 के तहत नारी सशक्तीकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गांवों चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने व थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं साथ ही साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 की जानकारी देकर किया गया जागरुक ।

# शक्तिधाम महादेव सरोवर पर उतरा देवलोक

- सवालाख दीपों से जगमगाया, अलौकिक उत्सव की रोशनी से जगमगाया

**फतेहपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कार्तिक पूर्णिमा के विशिष्ट योग पर सवा लाख दीपों से जगमग श्रीशक्तिधाम महादेव सरोवर के तटों पर मानों तारामंडल उतर आया।

देव दीपावली के अलौकिक उत्सव पर चारों ओर की गई रोशनी की अद्भभुत सजावट का प्रतिबिंब सरोवर में स्वर्णिम आभा बिखेर रहा था। जिसे श्रद्धालु निहारते नही थक रहे थे।

सांस्कृतिक पहचान बने इस आयोजन में भागीदारी निभाने शुक्रवार शाम घाटों से नगर तक सड़कों पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। शक्तिधाम के सभी देवालयों पर झालर, लाइटों से विशेष रोशनी की गई थी। फूलों से मां दुर्गा के मोहक दरबार मे दर्शन, पूजन के लिए अटूट तांता लगा रहा। राम दरबार सजाया गया।

**मंत्रोच्चार से भक्तिमय हुआ माहौल :-** शाम को राम दरबार की आरती के बाद प्रतिष्ठाचार्य पं0 अखिलेश चन्द्र शास्त्री द्वारा ओजस्वी मंत्रोच्चार आरम्भ करते ही शंख , घण्टा घड़ियाल की ध्वनि से माहौल गूंज उठा। दीपों की अनन्त कतार प्रज्वलित होने लगी। श्रद्धालु दीपदान में बढ़ चढ़ कर शामिल हुए। लेजर शो का प्रदर्शन किया गया।



**गंगा आरती में उमड़े श्रद्धालु**

गंगा आरती आरम्भ होते ही सरोवर के तटों पर तिल रखने की जगह नही बची। विधायक साकेन्द्र वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, पूर्व सांसद प्रियंका रावत, साईं कालेजेज के प्रबंधक विपिन राठौर, चैयरमैन इरशाद अहमद कमर, मनोज सिंह,डा0 अंजू, समाजसेवी रत्नेश कुमार समेत अनेक लोग आरती में शामिल हुए।



**बर्फ से बना शिवलिंग बना आकर्षण का केंद्र**

साईं पीजी कालेज के छात्र छात्राओं द्वारा तैयार बर्फ का विशाल शिवलिंग व नन्दी की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र थी। राजरानी रावत ने पूजा अर्चना कर इसके दर्शन का शुभारंभ किया। यहां सेल्फी लेने के लिए युवाओं का जमावड़ा लगा रहा। उत्सव के आयोजक राजेश पाठक ने गंगा आरती, भगवान पूजन कराने के साथ ही सभी अतिथियों व भक्तों के प्रति आभार प्रकट किया। रामू तिवारी, प्रखर शर्मा, राकेश गुप्ता, हृदयेश श्रीवास्तव आदि सेवादार मौजूद थे।

# अवरुद्ध नाली खड़ंजे से आजिज नगरवासी ने अपने पैसे से कराया निर्माण, नगर पंचायत की कार्यशैली पर सवाल

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत जैदपुर की मनमानी के चलते एक वर्ष से दिनों से खराब नाली व उस पर पत्थर न होने से रास्ता बाधित देख, मोहल्ले के एक व्यक्ति ने अपने पैसों से नाली बनवाकर नगर पंचायत जैदपुर की कार्यशैली पर एक बड़ा सवाल खडा कर दिया है। जिसे लेकर लोग शोसल मिडिया पर भी चर्चा करते देखे गये हैं।

जानकारी के अनुसार जहां एक तरफ नगर पंचायत जैदपुर अपने विकास कार्यो लेकर जिले में अपनी एक अलग पहचान बनाये हुये है। वहीं आज मोहल्ला शाहकटरा जाने वाले मार्ग मंगाताल के पास नाली एक वर्ष से अधिक समय से खराब होने के साथ पत्थर न होने के चलते



ठेलिया ठेले मोटरसाइकिल साईकिल सहित आम जनता को भी गुजरने में काफी दिक्कत को देख लोग अपने पैसों से नालियों को बनवाने पर मजबूर हैं। जिसकी शिकायत सभासद शाहे आलम से मोहल्ले के लोगों ने कई बार करते हुये अवगत कराया। परन्तु न बनने से नाराज हाजी सफीर टेंट वाले ने शुक्रवार को अपने पैसे से नाली बनवाकर पत्थर रख काफी दिनों से बाधित रोड पर आम जनता का आवागवन चालू करवा दिया रोड के चालू होते ही भारी संख्या में लोग उनकी सराहना करते नजर आये, जब कि सभासद शाहे आलम ने बताया कि इस समस्या को लेकर एक वर्ष से पहले नगर पंचायत लिखित पत्र देकर अवगत कराया था? कई बार नगर पंचायत जैदपुर में ईओ सहित चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम को भी बताया था। मगर केवल आश्वासन ही हाथ लगा, जिसे आज किसी ने अपने पैसै से हाजी सफीर ने बनवाकर रास्ते को चालू करने में एक सराहनीय पहल की है। वहीं लोग वाटसप ग्रुपों पर केवल गेट की पुताई ही विकास नहीं, की बात कहकर नगर पंचायत जैदपुर के विकास पर नाराज़गी भी जता रहे हैं। इस संबंध में ईओ अलोक वर्मा से बात की गयी तो बताया गया कि आज छुट्टी है। किसी अंय व्यक्ति के द्वारा नाली बनवाने की कोई जानकारी हमें नहीं है।

## खबरें एक नजर में

### महिलाओं को छह प्रकार से हाथ धोने के तरीके सिखाए



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** साफ-सफाई और स्वच्छता के अंतर्गत हाथ धोने के तरीके और डायरिया से बचाव के उपाय बताए गए। कार्यक्रम में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रुद्र प्रताप सिंह ने महिलाओं को बताया कि साफसफाई और स्वच्छता रखकर डायरिया से बचा जा सकता है। उन्होंने 20 सेकंड तक छह प्रकार से हाथ धोने के तरीके को भी सिखाया। कहा कि शौचालय स्वच्छ रखें। स्वच्छ जल पिएं। जीरे से छह माह तक के बच्चों को मां का दूध पिलाएं। समय पर उनका वैक्सीनेशन कराएं। डायरिया के लक्षण होने पर जिंक टेबलेट दें और ओआरएस का घोल पिलाएं। बच्चों को भविष्य में जरूरत पड़ने के लिए डीएनजेड किट भी प्रदान की गई। जीडी सुलेखा ने डायरिया के बचाव व लक्षण को भी विस्तार पूर्वक समझाया। बच्चों के बीच खेलकूद और संगीत प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को डेटॉल साबुन भेंट किया गया। इस मौके पर एएनएम रिंकी, आंगनबाड़ी राजा बेटी, आशा अर्चना, सहायिका नीलम देवी, शशि कला,, जानवी, वैभव दीक्षित, गुड्डी देवी, रानी ,रामश्री, शिववती, किरण आदि मौजूद रहे।

### प्रधान संतोष शुक्ला के यहां चल रही श्रीमद्भागवत कथा, समझाया स्वाहा का मतलब

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के सराय रावत गांव में अधिवक्ता एवं ग्राम प्रधान संतोष शुक्ला के आवास पर चल रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा में शुक्रवार को वृंदावन धाम की पवित्र धरती से पधारे कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने प्रवचन में स्वाहा और स्वधा का विश्लेषण करते हुए कहा स्वाहा तर्पण है, स्वाधा पितरों का तर्पण है। इस अवसर पर मुख्य यजमान संतोष कुमार शुक्ला, बाबा बख्श शुक्ला, पंडित सिद्धनाथ त्रिपाठी, ओम प्रकाश अवस्थी, राकेश तिवारी, मोहित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मोती नगर से हुई ईको चोरी का मामला सप्ताह भर बाद हुआ दर्ज

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** सप्ताह पूर्व क्षेत्र के ग्राम मोतीनगर से हुई ईको कार चोरी का मामला आखिर दर्ज हो गया। पुलिस ने उसकी खोज शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोतीनगर निवासी रघुवीर प्रसाद पुत्र सीताराम ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र के माध्यम से बीते सप्ताह अवगत कराया था कि 7-8 नवम्बर की रात्रि रोजना की तरह उसने अपनी सफेद रंग की ईको कार यूपी 92 एएच 3156 घर के समीप बने मन्दिर के सामने खड़ी कर दी थी कि तभी रात्रि तकरीबन 3 बजे चोर उसकी चार पहिया कार को चोरी कर ले गये थे। जब वह सुबह जागा तो कार गायब मिली पीड़ित ने तत्काल सूचना चौकी इंचार्ज को दी थी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तो पुलिस के हाथों सीसीटीवी फुटेज भी लगे थे। और अब कई दिनों की कवायद के बाद गुरुवार को पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### लघुशंका के लिये गये चालक को अज्ञात कार चालक ने मारी टक्कर

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** सड़क किनारे ट्रक खड़ाकर लघुशंका के लिए जा रहे ट्रक चालक को अज्ञात कार ने टक्कर मारकर घायल किया। चालक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के लिए रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कानुपर देहात के रूरा थाना क्षेत्र के ग्राम वंशी निवादा निवासी ट्रक चालक ने पुलिस को बताया कि बीती 18 जून को वह ट्रक में कुछ सामान लेकर आया था। छिरिया के पास ट्रक से सामान की अनलोडिंग के दौरान वह ट्रक से उतरकर लघुशंका के लिए चला गया। इसी दौरान एक कार वहां से निकली। तेज रफ्तार कार के चालक ने बेकाबू होकर उसे टक्कर मार दी। कार की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पहले उसका इलाज उरई, फिर झांसी में चला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ट्रक व उसके चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### घर में घुसकर मारपीट की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** खेत में पानी भरने का उलाहना देने पर विपक्षियों द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी आवेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनका खेत पजूना मौजे में स्थित है। उन्होंने खेत में हाल ही में बुआई की है। लेकिन दो दिन पूर्व पजूना गांव के जयदीप, शिवकुमार व कुलदीप ने उनके खेत में पानी भर दिया। जिससे फसल खराब हो रही है। इसकी जानकारी जब उन्हें हुई तो उन्होंने उन लोगों से इसकी शिकायत की। जिस पर वह झगड़ा करने लगे। उन्हें उत्तेजित होता देख वह वापस घर आ गया। अगले दिन तीनों लाठी, डंडे लेकर उसके घर के अंदर घुस आए और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। मारपीट के बाद शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर तीनों वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# दबंग ने पीड़ित की गैर मौजूदगी में जोत डाली सरसो की फसल

**मना करने पर हमला कर किया लहूलुहान**

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

दबंग विपक्षी ने पत्नी व पुत्रों के साथ मिलकर सरसों की फसल पीड़ित की गैरमौजूदगी में ट्रैक्टर से जोत डाली। शुक्रवार को शौच के लिए गये पीड़ित के मना करने पर हमला करके लहूलुहान कर दिया यही नहीं बीच बराव करने पहुंचे माता पिता व चाची की पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

पूरा मामला थाना लोनीकटरा के रामपुर मजरे सरायपांडे गाँव का हैं। गांव निवासी जितेंद्र पुत्र हरिदेव रावत ने बताया कि लगभग एक माह पूर्व उसने अपने खेतों में सरसों की बुवाई की थी, जो बड़ी बड़ी हो गयी थी। मेरी गैरमौजूदगी में मेरे ही गाँव के कौशल किशोर पुत्र दुलारे रावत ने अपनी पत्नी व पंकज,नीरज व गोविन्द आदि पुत्रों के साथ मिलकर ट्रैक्टर से जुतवा दिया तथा आज शुक्रवार की सुबह लगभग 7 बजे जब वह शौच के लिए अपने खेत पहुंचा तो विपक्षियों द्वारा उसके खेत में नए सिरे से जुताई कराकर गेहूं की फसल बोई जा रही थी, विरोध करने पर विपक्षी गाली गलौज करने लगे और मना करने पर लात घूंसों, लाठी डंडो व बाँका से हमला कर लहूलुहान कर दिया। यही नहीं बीच बराव करने आये मेरे पिता हरिदेव, माता शिवपता व चाची राजरानी पत्नी सुरेश कुमार को भी मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी।

### मारपीट में घायल व्यक्ति की मौत, अंतिम संस्कार के साथ ही आठ अभियुक्त भेजे गए जेल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** थाना लोनी कटरा के रामगंज मजरे ककरी गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षो में हुई मारपीट में इलाज के दौरान मृत हुए शत्रोहन के शव का शुक्रवार की सुबह अन्तिम संस्कार कर दिया गया। वही इस मामले में नामजद किए गए 11 अभियुक्तो में से 8 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। इस मामले में मृतक के भतीजे अरुण प्रजापति की तहरीर पर इस घटना में नामजद किए गए लोकेंद्र सिंह, महेश, सुरेश, चंद्रपाल, रिंकू, पिंटू,विशंभर रावत, प्रिंस, सुख रानी पत्नी महेश,सुघरा पत्नी चंद्रपाल एवं किरन पत्नी सुरेश आदि अभियुक्तो में से 8 अभियुक्तो को जेल भेज दिया गया है।

# कोटवाधाम में उमड़ी भक्तों की भीड़, बड़े बाबा के जयकारों से गूंजा मंदिर

**सिरौली गौसपुर बाराबंकी।**

क्षेत्र के कोटवाधाम में कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब। 7 दिवसीय मेले के पहले दिन भारी संख्या में भक्तों का जनसैलाब आने से कोटवाधाम गुलजार दिखाई पड़ा। कोटवाधाम चौराहे से लेकर मंदिर परिसर तक बाबा के जयघोष के साथ पूरा परिसर भक्तिमय दिखाई दिया। बदोसराय थाना क्षेत्र में स्थित कोटवाधाम में स्थित समर्थ जगजीवन दास की समाधि स्थल पर शुक्रवार कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से ही भक्तों का जनसैलाब मत्था टेकने के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ी। यहां पर स्थित पवित्र आभरण सरोवर के घाटों पर सुबह से ही भारी भीड़ जमा रही। लोगों ने पवित्र आभरण सरोवर में स्नान दान कर बाबा की चौखट पर माथा टेका और मनवांछित फल की कामना की। मेले में लैय्या चाट, प्रसाद,



मीनाबाजार, पशुओं की बाजार व झूला आदि के जगहों पर भारी भीड़ दिखाई दी। मेले का आकर्षण का केंद्र पशु बाजार रहा।

मेले में अनेक लोग एक दूसरे से बिछड़े हुए थे जिनको बदोसराय पुलिस ने पाया खोया केंद्र के माध्यम से मिलवाने का कार्य किया। भीड़ को देखते हुए जगह जगह पुलिस बल की तैनाती की गई । मेले में पीएससी फायर से भी मदद लेकर भीड़ से निपटने के भारी भरसक के इंतजाम किया गया है। सात दिवसीय मेले में स्थानीय जनपद के साथ ही गोंडा, बहराइच, रायबरेली, अमेठी, बलरामपुर, श्रावस्ती, अयोध्या, लखनऊ, सुल्तानपुर व छत्तीसगढ़, पंजाब, नेपाल देश तक बाबा के अनुयायी कार्तिक पूर्णिमा में अपनी हाजिरी लगाकर उनकी चौखट पर माथा टेका। सुबह से उमड़ी सुबह से ही श्रद्धालुओं जनसैलाब उमड़ पड़ा। बदोसराय थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेला परिसर में भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है। पार्किंग स्थल भी बनाए गए।

### पूर्णिमा पर औसानेश्वर मन्दिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कार्तिक पूर्णिमा को लेकर पूरे देश में जहां पर उत्साह छाया हुआ है घाटों पर लोग सूर्योदय से पूरा और उसके बाद भी स्नान करने के लिए आ रहे हैं वहीं जनपद की हैदरगढ़ तहसील अंतर्गत गोमती नदी के औसानेश्वर मंदिर पर भी शुक्रवार से ही आस्था का जन सैलाब उमड़ा नजर आया। इस दौरान मेले में लोग खरीदारी भी करते दिखाई पड़े। तहसील मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूर स्थित गोमती नदी के औसानेश्वरघाट पर सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं को गोमती नदी में डुबकी लगाते देखा गया। मेले के मद्देनजर मेला परिसर एवं घाट पर जगह-जगह पुलिस कर्मी तैनात नजर आए मेले में जनपद के अलावा पड़ोसी जनपद अमेठी रायबरेली एवं लखनऊ जनपद के श्रद्धालुओं ने पहुंच कर स्नान एवं मेले का लुफ्त उठाया।

# एक ही आदमी के ब्लड से अब चार मरीजों को होगा फायदा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जिला चिकित्सालय पुरुष में अब ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट से आरबीसी डब्ल्यू बीसी प्लेटलेट्स और प्लाज्मा अलग-अलग किए जाएंगे जिसमें चार लाभार्थी एक ही आदमी के ब्लड से चार लाभार्थियों को फायदा होगा, और थायरॉइड की मशीन से (टी3, टी4, टीएसएच) जाँच की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होगी। इस सुविधा का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अस्पताल का दौरा किया और अधिकारियों से जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने कहा कि अब मरीजों को थायरॉइड की जांच के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी, और न ही उन्हें निजी अस्पतालों में महंगी जांच करानी पड़ेगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल



- अब ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट से आरबीसी डब्ल्यू बीसी प्लेटलेट्स और प्लाज्मा अलग-अलग किए जाएंगे
- जिलाधिकारी ने कहा कि अब मरीजों को थायरॉइड की जांच बाहर से कराने की नहीं पड़ेगी जरूरत

में यह जांच हर कार्य दिवस में सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क उपलब्ध होगी। इससे मरीजों को न केवल सुविधा होगी, बल्कि कम से कम 500 से 1000 रुपये की भी बचत होगी। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने और लोगों को राहत देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिलाधिकारी ने कहा कि अब लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए जिला चिकित्सालय द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

जिला अस्पताल में ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट इस यूनिट से आरबीसी डब्ल्यूबीसी प्लेटलेट्स और प्लाज्मा अलग-अलग किए जाएंगे इसमें से चार लाभार्थी एक ही आदमी के ब्लड से चार लाभ आर्थियों को फायदा होगा जिसको आरबीसी की कमी होगी उसको आरबीसी चढ़ाया जाएगा जिसको डब्ल्यूबीसी की कमी होगी डीसी चढ़ाया जाएगा जिसको प्लेटलेट्स की कमी होगी उसको प्लेटलेट चढ़ाया जाएगा और जिसको प्लाज्मा की कमी होगी उसको प्लाज्मा चढ़ाया जाएगा।

### नेत्र रोगियों का 17 को किया जायेगा परीक्षण, मुफ्त में होगा आपरेशन

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** रविवार को नगर के रोजबड्र्स पब्लिक स्कूल में नेत्र शिविर का आयोजन होगा जिसमें नेत्र परीक्षण के साथ मुफ्त में आपरेशन भी किया जाएगा। डॉक्टर जवाहरलाल रोहित की स्मारक नेत्र चिकित्सालय कानपुर के तत्वाधान में नगर के रोज बड्स पब्लिक स्कूल पोस्ट ऑफिस के सामने कालपी में विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें डॉक्टर जवाहरलाल रोहतगी आई हॉस्पिटल कानपुर के डॉक्टर द्वारा नेत्रों का परीक्षण किया जाना है। शिविर के आयोजक मनोज चतुर्वेदी ने बताया की रविवार 17 नवंबर को सुबह 11 बजे से नगर के रोज वर्डस पब्लिक स्कूल में नेत्र परीक्षण शिविर लगाया जा रहा है जिसमें मोतियाबिंद के मरीज का परीक्षण करके उन्हें ऑपरेशन के लिए कानपुर ले जाया जाएगा जहां उनका ऑपरेशन होने के बाद उन्हें वापस कालपी भेजा जाएगा इसके अलावा आंखों की अन्य जांच भी की जाएगी और उन्हें उचित सलाह दी जाएगी।

# भयमुक्त हैं फर्जी अस्पताल संचालित करने वाले संचालक

- अवैध स्वास्थ्य कारोबारी के हौसले बुलंद सील किए गए अवैध नेशनल हॉस्पिटल के तालों को तोड़कर उठा ले गए सामान
- सरकारी ताले लगाते टाइम प्रशासन दिखा तो मनबढ़ों के द्वारा तोड़ते टाइम क्यों नहीं दिखा

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

वाह से दबंगों की दबंगई न ही प्रशासन का खौफ न ही सरकारी ताला तोड़ने का डर है आपको बता दे कि नगर पंचायत घघसरा बाजार में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली ठर्रा पार के अगल- बगल में धड़ल्ले से संचालित हो रहा अवैध प्राइवेट हॉस्पिटल, पैथोलॉजी सेंटर की लागतार खबरों के चलने के बाद अपनी गहरी नीद से प्रशासन जागी भी थी तो सिर्फ एक हॉस्पिटल जिसका नाम नेशनल हॉस्पिटल है उसको कुछ दिन पूर्व में मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोरखपुर के आदेश पर सील कर दिया गया था बाकी किसी भी अस्पताल या पैथोलॉजी सेंटर की तरफ देखना भी जिम्मेदारों को गुनाह लगता था लेकिन वहीं सूत्रों के द्वारा के मिली जानकारी के मुताबिक 2 दिन पूर्व 10, से 12 की संख्या में कुछ लोग पहुंचकर शाम को करीब 7:00 बजे के आसपास



सील किए गए अस्पताल के तालों को तोड़कर चार पहिया वाहन पर अस्पताल में जो सामान सील किया गया था उसको लोड कर के उठा ले गए। अब सवाल ये उठता है कि जब सील किया गया था तो लोग इक्कठा हुए थे लेकिन जब सरकारी ताला तोड़ा गया तो जिम्मेदार क्या कर रहे थे? क्या सही में उनको इस बात की कोई जानकारी नहीं थी? सारा काम होने के बाद जब स्थानीय चौकी इंचार्ज को इसकी सूचना मिली तो अपने पुलिस मय फोर्स के साथ मौके पर जाकर आसपास लोगों से पूछताछ कर जांच पड़ताल में जुट गए हैं। लेकिन अब देखना ये है कि क्या सरकार के खिलाफ होकर काम करने वालो तक पुलिस पहुंच पाएगी या फिर ये भी ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

जब इस संदर्भ वही गोरखपुर के एडिशनल डायरेक्टर व मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया नेशनल अस्पताल का ताला अगर तोड़ा गया है तो जांच कराकर सील किए गए ताले को तोड़ने वाले लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कठोर करवाई की जाएगी।



- डीएम, एसपी ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### कार्तिक पूर्णिमा पर पचनद में श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** कार्तिक पूर्णिमा पर पचनद स्नान घाट पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने कार्तिक पूर्णिमा को लेकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया, अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्नान को लेकर यमुना घाट पर बैरीकेटिंग लगाई गई है। उधर, स्नान को देखते हुए पचनद घाट के आसपास नाविकों व गोताखोरों की तैनाती की गई है। ताकि किसी तरह की अनहोनी को होने से रोका जा सके। यहां पर कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों की संख्या में लोग सूर्य को अर्द्ध देकर स्नान करते हैं। स्नान को देखते हुए प्रशासन ने सारे बंदोबस्त कर लिए हैं। पर्याप्त पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। स्नान करने के लिए आने वाले लोगों के साथ आने वाले वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की सुविधा न होने पाए इसके लिए आवश्यकता अनुसार सभी पकता इंतजाम रहे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुरेश कुमार पाल, क्षेत्राधिकारी राम सिंह, ग्राम प्रधान आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# महिला श्रद्धालु की शिकायत मामले में कार्रवाई शुरू, मंदिर प्रबंधन ने एफआईआर के लिए एसएसपी को भेजा पत्र

- मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने के चार दिन बाद भी शुरू नहीं हो सकी पुलिस की जांच
- महिलाओं की सुरक्षा को लेकर मिशन शक्ति अभियान की सार्थकता पर उठने लगे सवाल
- रामनगरी में नयाघाट स्थित अति प्राचीन सुरसर मंदिर का मामला

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

रामनगरी में परिक्रमा करने आई एक महिला श्रद्धालु से धन की मांग के साथ अभद्रता व छेड़छाड़ मामले को लेकर अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय ट्रस्ट ने बड़ा एक्शन लिया है। ट्रस्ट की ओर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर आरोपी भोला जायसवाल, आकाश जायसवाल और महेश जायसवाल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का अनुरोध किया गया है।इसकी पुष्टि सुरसुर मंदिर की प्रबंधिका गोपा विश्वास ने भी की है हालांकि उन्होंने इस मामले में कुछ भी बोलने से इन्कार कर दिया।इधर पीड़ित महिला श्रद्धालु द्वारा घटना की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर किए जाने तथा चार दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोतवाली अयोध्या पुलिस की ओर से कोई जांच शुरू नहीं की गई है जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान की रामनगरी में सार्थकता पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।मालूम हो की यह घटना रामनगरी में नयाघाट स्थित अति प्राचीन सुरसर मंदिर की जहां बीते शनिवार को सिद्धार्थनगर जिले से परिक्रमा करने आई एक महिला श्रद्धालु ने मंदिर के एक कथित कर्मचारी पर अवैध रूप से धन की मांग किए जाने के साथ छेड़छाड़ व अभद्रता का आरोप लगाया था।पीड़ित महिला के मुताबिक शनिवार को वह अपने साथ आए लोगों के साथ अपने गुरु स्थान सुरसर मंदिर में आकर रात रुकी थी।परिक्रमा करके वापस लौटने पर शाम करीब साढ़े आठ बजे खुद को मंदिर का कर्मचारी बताने वाला भोला जायसवाल मंदिर की यज्ञशाला में उसके पास आकर मंदिर में रुकने के एवज पांच हजार रुपए की मांगने लगा।जब उसने बताया कि वो और उसके साथ आए लोग मंदिर के पुराने भक्त हैं तथा प्रतिवर्ष चौदह कोसी/पंचकोसी परिक्रमा में आकर यहां रूकते है और अपनी क्षमता के अनुरूप दान स्वरूप आर्थिक सहयोग देकर



वापस चले जाते है तो इस पर वह भड़क गया और उसे अश्लील गालियां देते हुए अभद्रता व छेड़छाड़ करने लगा।स्वयं को अकेला पाकर जब उसने अपने सहयोगियों को आवाज दी तो मौके पर पहुंचे उसके साथियों ने इस घटना को देखा और पुलिस में शिकायत करने की बात कहने लगे।इस पर उस आरोपी व्यक्ति ने महिला श्रद्धालु को पुलिस में शिकायत करने पर फर्जी मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकला।उन्होंने बताया कि परिक्रमा में पुलिस के व्यस्त होने की वजह से उन्होंने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज करा दी तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली अयोध्या को भी शिकायती पत्र भेज दिया है।इधर इस मामले के मीडिया में आते ही कोलकाता स्थित सुरसर मंदिर के मुख्यालय महा मिलन मठ से जुड़ा अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय ट्रस्ट भी हरकत में आ गया।इस मामले में ट्रस्ट की ओर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर आरोपी भोला जायसवाल, आकाश जायसवाल और महेश जायसवाल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का अनुरोध किया गया है। हालांकि घटना के चार दिन बाद भी पीड़ित महिला श्रद्धालु की ओर से मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत की छानबीन तक नहीं शुरू की गई है जिसके बाद अब रामनगरी में महिला उत्पीड़न, महिला सुरक्षा और मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूकता और सतर्कता को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

**सूचना**

मेरा नाम रोहित कुमार गुप्ता पुत्र विजय कुमार गुप्ता नि0 रेलवे रोड, गढ़ी न्यामत खां पूर्व, फर्रुखाबाद है तथा मुझे रोहित गुप्ता के नाम से भी जाना जाता है, यह दोनों मेरे ही नाम है। अब मुझे रोहित कुमार गुप्ता के नाम से जाना जाये। मेरे उपरोक्त पते पर मेरे नाम का कोई दूसरा व्यक्ति नहीं रहता है।

**रोहित कुमार गुप्ता पुत्र विजय कुमार गुप्ता नि0 5/93 रेलवे रोड, गढ़ी न्यामत खां पूर्व, जनपद फर्रुखाबाद, पिन-209625**

**सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में त्रुटिवश मेरा नाम JAVED ALI व मेरे पिता का नाम P ALI दर्ज हो गया है, जबकि आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम JABED ALI KHAN व मेरे पिता का नाम FARKUND ALI KHAN दर्ज है, जो सही है। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा व मेरे पिता का सहीं नाम दर्ज किया जाये।

**जाबेद अली खां पुत्र फरकुन्द अली खां निवासी चौक मऊरसीदाबाद, कायमगंज, फर्रुखाबाद।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत आसमपुर विकास खण्ड राजेपुर, फर्रुखाबाद**

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 15/11/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 अन्तर्गत ग्राम पंचायत आसमपुर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 16/11/2024 से दिनांक 22/11/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 22/11/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | ओमपाल के घर से रामशंकर के घर तक नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.45 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | राजेन्द्र के घर से दिनेश के घर तक नाली निर्माण कार्यर्य | राज्य वित्त/15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.77 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते:- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

**ग्राम प्रधान (रमाकांत राजपूत)-आसमपुर, राजेपुर** **सचिव-(आशुतोष दुबे)-आसमपुर, राजेपुर**

# लूट की घटना को अंजाम देने वाला गिरफ्तार

- पत्रकार और शिक्षक सहित तीन लूट की घटनाओं का एसपी ने किया खुलासा
- गिरफ्तार शुदा अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय में किया गया पेश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

लूट की घटना को अंजाम देने वाले बाईकर्स गैंग लुटेरों का पुलिस ने गिरफ्तार कर खुलासा किया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में


घटना का खुलासा करते एसपी व गिरफ्त में अभियुक्त

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तिर्वा जितेंद्र प्रताप सिंह व गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र तिर्वा व थाना गुरसहायगंज क्षेत्रांर्गत लूट की घटना को अंजाम देने बाले शातिर अभियुक्त साहिल उर्फ लव पुत्र साहब सिंह उर्फ जुलुआ निवासी ग्राम बुद्धापुर्वा बलनपुर थाना तिर्वा को लूटे गए माल के साथ गिरफ्तार किया गया। बीते 8 नवंबर को तीन लूट, छिनैती की घटना थाना तिर्वा व थाना गुरसहायगंज क्षेत्रांतर्गत हुई थी।

जिस संबंध में थाना तिर्वा व थाना गुरसहायगंज में तीन अज्ञात बाइक सवार अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। एसपी ने पुलिस टीम का गठन कर जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त साहिल उर्फ लव पुत्र साहब सिंह उर्फ जुलुआ निवासी ग्राम बुद्धापुर्वा बलनपुर थाना तिर्वा को सुजान सराय मोड पर अलीनगर अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त साहिल उर्फ लव ने सैंकी पुत्र राजकपूर व महेन्द्र पुत्र रमेश चन्द्र निवासीगण ग्राम बुद्धा पुर्वा बलनपुर के उक्त घटनाओं में लूटे गए। मोबाइल ब्लूटूथ अभियुक्त के पास से बरामद हुआ है। तलाशी में इसके पास से जेवर भी बरामद हुआ है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

एसपी ने थाना तिर्वा व गुरसहायगंज की संयुक्त टीम को उक्त घटना के सफल अनावरण करने पर 10,000 का नगद पुरस्कार दिया।

**अभियुक्त के पास बरामदगी का विवरण**

एक अदद तमंचा 315 बोर, दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर, एक अदद मोबाइल फोन रेडमी, एक अदद मोबाइल वीवो, एक अदद ब्लुटूथ, दो मोबाइल कीपैड, नगद 27620 रूपए, एक अदद अदद जंजीर, एक अदद अंगूठी, एक अदद बेसर, दो अंगूठी लेडीज, 04 जोडी टॉप्स, एक जोडी झाला, 01 जोडी झुमकी, 01 अदद हार मटर माला तीन ठप्पा, 01 अदद नथिया पीली धातु, 01 जोडी पाजेव, 03 जोडी पायल, 01 अदद कमर पेटी, 01 अदद चोटी, 01 जोड़ी हथफूल, 5 जोडी बिछुआ, 01 अदद छड़, 01 अदद ईंट सफेद धातु, 01 अदद मोटर साइकिल अपाचे बिना नम्बर प्लेट बरामद की।

# एएनएम पर बनाया शादी का दबाव, न मानने पर गाड़ी से कुचला

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र में शादी के लिए ना मानने पर एक युवक ने छात्र एएनएम की स्कॉर्पियो से कुचल दिया। छात्र की तीसरे दिन इलाज के दौरान मौत हो गई। ग्राम पालपुर की एक छात्र एएनएम को गांव के ही युवक ने स्कॉर्पियो से कुचल दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पालपुर की एक लड़की जो फर्रुखाबाद के एक कॉलेज में एएनएम का कोर्स कर रही थी। गांव का एक युवा उसे पर शादी का दबाव भी बना रहा था। क्योंकि लड़की के भजनों ने उसकी शादी कहीं औरतें कर दी थी। आज से 15 दिन पूर्व उसके साथ युवक ने मारपीट भी की थी। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई और उसके बाद युवक ने लड़की के चाचा जो थाने गए थे उनके साथ भी मारपीट की थी। और युवक ने धमकी दी थी की शादी नहीं होने देगा इसकी दर की वजह से तीन दिन तक स्कूल नहीं गई थी छात्रा। सड़क पर स्कॉर्पियो कुचल दिया 12 नवंबर को वह स्कूल जा रही थी गांव के पास ही सड़क पर स्कॉर्पियो गाड़ी से उसे कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। आज उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने युवा शरीर कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## प्रसव के वाद महिला की तबीयत बिगड़ी, रास्ते में मौत

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** महिला का प्रसव होने के वाद अचानक तबीयत बिगड जाने से गम्भीर हालत में फर्रुखाबाद अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड दिया समधन नगर के मोहल्ला गोरी नवादा निवासी मुसीम खां की करीब 30 वर्षीय पत्नी महजबीन बानो को डिलीवरी के लिये गुरसहायगंज एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्रसव होने पर बच्चा मृत पैदा हुआ।

इसके बाद प्राइवेट डॉक्टरों ने महिला के खून की कमी का हवाला देकर फर्रूखाबाद के लिये रिफर कर दिया जो रास्ते में उसने दम तोड़ दिया महिला की मौत की खबर पाकर परिजनों में मातम का माहौल छा गया बताते हैं कि मृतक महजबीन की शादी करीब दस वर्ष पहले मोहल्ले में ही हुई थी जिससे तीन बच्चे हैं सबसे बड़ी पुत्री उमम 7 वर्ष पुत्र अर्सलान 6 वर्ष तीसरी पुत्री अनम 4 वर्ष है।

## गैलेक्सी ने सरस्वती शिक्षा मंदिर को किया पराजित

**छिबरामऊ, कन्नौज।** हीरालाल ने 12 अंकों से जेसिटम को सीसीए ने सरस्वती शिक्षा मंदिर को 15 अंकों से गैलक्सी ने कंपोजिट स्कूल को 11 अंकों से सेंट पॉल ने टैगोर को 3 अंकों से पराजित किया। कबड्डी सीनियर बालक वर्ग' में हीरालाल कॉलेज ने आरबीएस विद्यालय को 17 प्वाइंट, गैलेक्सी ने सरस्वती शिक्षा मंदिर को 8 प्वाइंट से पराजित किया। उम्र विवाद की वजह से टैगोर स्कूल जनता इंटर कॉलेज के मैच परिणाम को स्थगित कर दिया गया है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

- प्रशासन की ओर से किए गए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

हिंदू धर्म में कार्तिक महीने का बहुत खास महत्व है। ऐसा कहा जाता है। कि ये महीना भगवान विष्णु को बहुत प्रिय है। अगर भक्त इस महीने में सच्चे मन से भगवान विष्णु की आराधना करें। तो उसकी हर मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को गंगा किनारे आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों ने पवित्र गंगा में डुबकी लगाई। इसके साथ ही लोगों ने पूजन-अर्चना की। महिलाओं ने गंगा किनारे


गंगा स्नान के लिए मेंहदीघाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मां से सुख-समृद्धि की कामना की। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेहंदीघाट पर सुबह से श्रद्धालुओ ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के लिए सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ शुरू हो गयी। स्नान घाट से प्रमुख मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए दर्शनार्थियों की कतारें लगी रहीं। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए। ड्रोन के साथ ही सुरक्षा कर्मी पूरी स्थिति पर नजर रखे रहे।

जलालाबाद संवाददाता के अनुसार गुगरापुर क्षेत्र के जलेसर गंगा घाट, चियासर घाट, बदनापुर घाट, सद्दुपुर गंगा घाटों में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्नान- ध्यान करने के लिए आस्था का सैलाब उमड़ा। सुबह भोर से ही गंगा में डुबकी लगाने के बाद मंदिरों और गंगा के किनारे पूजन किया गया। घाटों पर मेले का भी आयोजन किया गया।

## कार्तिक पूर्णिमा को लेकर बड़े वाहनों का किया गया डाइवर्जन

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** शासन के सख्त दिशा निर्देशों के चलते कार्तिक पूर्णिमा को लेकर बड़े वाहनों को रोककर डाइवर्जन किया गया जिससे किसी प्रकार से गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न उठाने पड़े। मलिकपुर स्थित तेराजाकेट तिराहे पर शुक्रवार सुबह करीब छः बजे से समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह कमालगंज थाना पुलिस बल के साथ पहुंचकर कानपुर की ओर से आकर फर्रुखाबाद जाने वाले बड़े वाहनों को रोककर तेराजाकेट जीटी रोड से होकर छिबरामऊ से फर्रुखाबाद के लिये डाइवर्जन किये गये जिसकी वजह से बड़े वाहनों का करीब सात घण्टे जाम की स्थिति बनी रही। चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि उच्च अफसरों के निर्देश पर यह व्यवस्था की गई किसी प्रकार से गंगा स्नान के लिये चियासर घाट श्रंगीरामपुर घाट व फरुखाबाद में घटियाघाट आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न उठाने पडे इसके लिये पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा के इन्तजाम किये गये है।


मलिकपुर मे गुरसहायगंज से फर्रूखाबाद मार्ग पर वाहनों का लगा जाम

# दो कार की आमने-सामने भिड़ंत छह लोग घायल

- चौकी प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अलग- अलग अस्पतालों में कराया भर्ती

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

गुरसहायगंज की तरफ से आ रही ईको कार और मलिकपुर की ओर से जा रही थी मारुति की आमने-सामने भिड़ंत होने से करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गये।

समधन नगर के दारासराय स्थित गुरसहायगंज व फर्रूखाबाद मार्ग पर शुक्रवार देर शाम करीब सात बजे ईको कार दूसरी ओर से मारुति कार रोडवेज बस के ओवरटेक करने पर ईको कार में आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें आधा दर्जन से अधिक कारों में सवार लोग घायल हो गये ईको कार में सवार इमरान उम्र 25 वर्ष पुत्र अनवार मंशूरी, अकिल 32 पुत्र हबीब मंशूरी, जाविर 38 वर्ष पुत्र सरबर मंशूरी, अफसर 40 वर्ष पुत्र बाबू खां मंशूरी, कमाल 20 वर्ष पुत्र सज्जाक मंशूरी घायल हो गए वहीं दूसरी ओर मारुति कार में सवार निजाम खां 42 वर्ष पुत्र कमालुद्दीन खां निवासी मोहल्ला अल्लामा इक़बाल नगर समधन घटना की जानकारी पाकर समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अलग- अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

# बाल दिवस पर सुप्रभाष एकेडमी में बाल मेला आयोजित

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सुप्रभाष एकेडमी आवास विकास में बाल दिवस के अवसर पर एक भव्य बाल मेला आयोजित किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की जिसमें नृत्य संगीत आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रम शामिल थे। बाल मेला का उद्घाटन विद्यालय के डायरेक्टर, डॉ आत्माराम शर्मा द्वारा 'ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के चित्र'ए 'भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और संस्था के संस्थापक सुप्रभाष सक्सेना,बच्चों के सबसे चहेते चाचा सुप्रभाष' के चित्रों का द्वीप प्रज्वलन



और माल्यार्पण से किया गया।कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रदर्शित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक और आधुनिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए के साथ सामाजिक और सांस्कृतिक ज्ञान को भी उजागर किया। बाल मेला में खानपान की लगभग 30 विभिन्न प्रकार की दुकानों,चाट, पिज्जा, बर्गर, गोलगप्पे, समोसे, भेलपुरी, फ्रूट चाट, मोहित, सैंडविच आदि का आयोजन किया गया था। इन दुकानों में बच्चों को विभिन्न प्रकार के स्नैक्स, मिठाइयाँ और पेय पदार्थ उपलब्ध थे। बच्चों ने इन स्टॉल्स का जमकर लुत्फ उठाया और यह एक मजेदार अनुभव बना। इसके साथ ही खेलों की दुकानों पर खेलों का आनंद लिया। यह आयोजन बच्चों के शारीरिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण साबित हुआ। यह कार्यक्रम बच्चों की उद्यमशीलता, कौशल और नेतृत्व का उदाहरण है इन गतिविधियों ने मेला को और भी आकर्षक बना दिया और बच्चों के बीच एकता और उत्साह का माहौल बनाया। बाल दिवस के इस आयोजन के माध्यम से बच्चों को न केवल मनोरंजन मिला, बल्कि उनके भीतर समर्पणए टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता भी विकसित हुई।

विद्यालय की प्रधानाचार्या अल्का गुप्ता ने बच्चों के समर्पण और शिक्षकों के समर्थन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों का समग्र विकास संभव होता है। समाप्ति पर सभी उपस्थित विद्यार्थियों और अभिभावकों ने इस आयोजन की सराहना की और इसे आने वाले वर्षों में और भी बेहतर बनाने की कामना की।

# आरती वंदना कर किया श्री राम का राज्याभिषेक


राम का राज्याभिषेक कर आरती वंदना करते अरुण तिवारी।

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

श्री राम चरित मानस अखिल चेतना मंच जलालाबाद के तत्वाधान में स्वर्गीय राम नारायण शुक्ल के दरवाजे पर चल रही रामलीला में श्री राम का राज्याभिषेक किया गया। राम के राज्याभिषेक में भक्तों का जन सैलाब उमड पड़ा। भक्तों ने पुष्पवर्षा कर जय श्री राम के गगनभेदी जयकारे लगाए।

अखिल नगर में चल रही श्री रामचरित अखिल चेतना मंच के द्वारा राम का राज्याभिषेक बड़ी ही धूमधाम से किया गया। मंच पर राम दरबार देखकर पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का जन सैलाब उमड पड़ा। भक्तों ने श्रीराम का तिलक कर पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। जबकि एटा से आए कान्हा नाइट के कलाकारों ने सजीव झांकियों का प्रदर्शन किया गया। कान्हा के स्वरूप में सजे राधा कृष्णा के भजनों पर देर रात तक नृत्य किया गया। इस दौरान अध्यक्ष सागर वर्मा, सुनील श्रीवास्तव, सत्येंद्र दुबे, गोलू पाठक, श्यामू तिवारी, सचिन मिश्रा, अमन तिवारी, शुभम दुबे, श्री गणेश महोत्सव समिति सदस्य, पीयूष दुबे, हिमांशु दुबे, अजय शर्मा, सोनम तिवारी, आकाश तिवारी, विभू तिवारी, राघव तिवारी, नंदन दुबे, आकाश माथुर, लवलू दिवाकर, गोविंद चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने मेंहदीघाट का निरीक्षण कर, सुरक्षा व्यवस्था को परखा


निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेत डीएम व एडीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेंहदीघाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कहा कि कार्तिक पूर्णिमा मेले में लाखों की संख्या में श्रद्वालुओं का आगमन हो रहा है। स्नान/ मेले को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए ड्रोन कैमरों से सतत निगरानी की जा रही है। ड्रोन से निगरानी के माध्यम से सुरक्षा बलों को वास्तविक समय में स्थिति पर नजर रखने में मदद मिलेगी। जिससे त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होनें कहा कि मेले में बैरिकेटिंग, प्रकाश, पेयजल, स्वच्छता आदि की समुचित व्यवस्था की गई। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार गौतम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गंगा तटों पर भक्तों ने लगाई डुबकी, की पूजा अर्चना

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पौराणिक मान्यताओं में कार्तिक पूर्णिमा देवताओं की दीपावली का दिवस है। कार्तिक पूर्णिमा पर संस्कृति की जननी मोक्षदायिनी मां गंगा का स्नान श्रद्धालुओं को रोग, कष्ट से मुक्ति दिलाता है। गंगा तटों पर आज के दिन दान, तर्पण और स्वयं में देवत्व को जगाने का महत्व भी विशेष है। इसके चलते ब्रहमुर्हुत से ही प्राचीन व ऐतिहासिक गंगा तटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा अर्चना की। तटों पर सुरक्षा व्यवस्था में गोताखोरों के साथ पुलिस भी मुस्तैद दिखी। शुक्रवार को ऐतिहासिक च्यवन ऋषि आश्रम स्थित चियासर गंगा तट व जलेसर स्थित गंगा घाट पर ब्रहमुर्हुत से ही हजारों श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। कार्तिक मास में नित्य प्रति गंगा स्नान करने और तुलसी दीपदान करने से अनेक अश्वमेघ यज्ञ का फल मिलता है। यह विचार सीताराम महाराज ने जलेसर स्थित आश्रम में व्यक्त किए। स्थानीय व दूर दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं के कारण गंगा तटों पर मेला लग गया। महिला पुरूष श्रद्धालुओं ने मोक्षदायिनी मां गंगा में डुबकी लगाकर


जलेसर घाट पर गंगा स्नान करते श्रद्धालु।

पाप, रोग, कष्ट, दोष से मुक्ति की कामना की। तो वही श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों को जलदान कर तर्पण और दान किया। देवत्व को जागृत करने के लिए देवों की दीवाली भी धूमधाम से मनाइ गई। गंगा स्नान का क्रम देर शाम तक चलता रहा। गंगा तटों पर सुरक्षा बलों सहित गोताखोरों को भी नाव पर तैनात किया गया। पूरे दिन विभिन्न गंगा तटों का अधिकारी भ्रमण कर जायजा लेते रहे। कोतवाल आलोक कुमार दुबे, शैलेन्द्र कुमार सिंह, नौरंगपुर चौकी प्रभारी मोहन लाल, एसआई नीलम सिंह, देवी शरण शाहू पुलिस कर्मियों व गोताखोरों के साथ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।

# वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने मचाया धमाल



- अतिथियों ने बच्चों के द्वारा किए गए प्रदर्शन कि सराहना की

**सौरिख, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा के आशा देवी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में 17 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एके सिंह पूर्व प्रवक्ता ऋषि भूमि इंटर कॉलेज ने की। मुख्य अतिथि बीएल केसरवानी पूर्व जिला जज एवं विशिष्ट अतिथि डी के गुप्ता पूर्व डायरेक्टर ज्यूडिशल ट्रेंनिंग रिसर्च इंस्टीट्यूशन, एमपी सिंह रिटायर्ड अपर जिला जज, सरोज दुबे सीनियर एडवोकेट, आर पी सिंह ब्लाइंड रीजनल सेक्रेटरी ऑफ़ उत्तर प्रदेश की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा नाटक, नृत्य एवं गीतों के माध्यम से समाज को एक नई दिशा व संदेश देने का कार्य किया गया। इस मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि ने बच्चों से कहा कि यदि किसी को वकालत की पढ़ाई करनी हो तो वह मुझसे मिल सकते हैं एवं जज कैसे बनते हैं। हम बताएंगे और उन्होंने बताया कि जज की पढ़ाई केवल नोटस से नहीं होती है।

इसके लिए गहन अध्ययन की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ-साथ आशीर्वाद दिया गया। विद्यालय के प्रबंधक दिनेश गुप्ता ने अभिभावकों से अनुरोध कर बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की बात कही।

# 13 अभियुक्तगण के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्रवाई

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

अपराध एंव अपराधियों, वारण्टियों के विरुद्ध अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष अरूण कुमार के कुशल नेतृत्व में ठठिया पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों में लिप्त कुल 13 नफर अभियुक्तगण के आपराधिक कृत्यों पर अंकुश लगाये जाने हेतु 129 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की कार्यवाही की गयी। जिसमे अभियुक्तगण राहुल पुत्र श्रीकिशन उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम हिम्मतपुर थाना ठठिया, वीरेन्द्र पुत्र राजकुमार नि. घनेपुर्वा, घनश्याम पुत्र रामसरन उम्र 20 वर्ष निवासी जैनपुर, रामशरण उर्फ छुन्ना पुत्र सुन्दन सिंह उम्र 56 वर्ष नि. जैनपुर, शिवपाल पुत्र छक्के सिंह उम्र 55 वर्ष नि. ग्राम हमीरपुर, संदीप उर्फ शिवा पुत्र छक्के सिंह उम्र 45 वर्ष नि. ग्राम हमीरपुर, यश सिंह पुत्र रावेन्द्र सिंह उम्र 18 वर्ष नि. जैनपुर, रोहित पुत्र श्रीकिशन उम्र 22 वर्ष नि. ग्राम हिम्मतपुर, शिवा पुत्र कारिन्द उम्र 19 वर्ष नि. ग्राम पछायेपुर्वा, श्यामू पुत्र कारिन्द उम्र 21 वर्ष नि. ग्राम पछायेपुर्वा, मनोज पुत्र मन्नीलाल उम्र 24 वर्ष नि. खानपुर, इन्द्रेश पुत्र मन्नीलाल उम्र 21 वर्ष नि. खानपुर, सत्यम उर्फ अभिनव पुत्र रावेन्द्र सिंह उम्र 20 वर्ष नि. जैनपुर पर 129 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की कार्यवाई की।

# वृंदा के श्राप से पत्थर के हो गए थे भगवान विष्णु

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कार्तिक पूर्णिमा पर घर व देवालयों में तुलसी से शालिग्राम का विवाह कराया गया। जिसमें वर व वधू पक्ष के लोगों ने विधि विधान से वैवाहिक रश्मों को पूर्ण किया। इस दौरान महिलाओं ने सुहाग, श्रंगार सहित मिष्ठान, भोजन, फल, सोना, चांदी, दक्षिणा, उपहार, वस्त्र आदि सामान चढ़ाकर मंगल गीत गाए और विवाह पूर्ण कराया। इसके बाद तुलसी व शालिग्राम से जुड़ी कथा को भी सुनाया गया। शुक्रवार को पूजा अर्चना के दौरान महिलाओं ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार जालंधर नाम का राक्षस था। जिसके आतंक से देवी-देवता परेशान रहते थे। राक्षस की पत्नी वृंदा पतिव्रता नारी थी। उसकी


घर में तुलसी शालिग्राम का विवाह कराती महिला।

पूजा पाठ के प्रभाव से जालंधर को युद्ध में कोई हरा नहीं पाता था। वृंदा भगवान विष्णु की परम भक्त थी। एक दिन उसने स्वर्गलोक पर हमला कर दिया। तब देवता श्रीहरि की शरण में गए और इसका समाधान निकालने का आग्रह किया। भगवान विष्णु जानते थे कि वृंदा की भक्ति भंग किए बिना जालंधर को परास्त करना असंभव है। श्रीहरि ने जालंधर का रूप धारण कर वृंदा का पतिव्रता धर्म तोड़ दिया। उस समय जालंधर देवताओं के साथ युद्ध कर रहा था। जालंधर की सारी शक्तियां नष्ट हो गई और वह युद्ध में मारा गया। जब वृंदा को इस छल की जानकारी हुई तो उन्होने श्रीहरि को पत्थर होने का श्राप दे दिया। यही पत्थर शालीग्राम कहलाए। कहा जाता है कि वृंदा के श्राप के चलते श्री विष्णु को श्री राम के रूप में सीता वियोग का भी कष्ट सहना पड़ा। उधर वृंदा पति की मृत्यु को सहन नहीं कर पाई और सती हो गई। कहते हैं कि वृंदा की राख से एक पौधा निकला जिसे भगवान विष्णु ने तुलसी का नाम दिया। श्रीहरि ने तुलसी के बिना प्रसाद ग्रहण न करने की घोषणा की और कहा कि मेरा विवाह शालीग्राम रूप से तुलसी के साथ होगा। कहते हैं कि जो शालीग्राम और तुलसी विवाह कराता है। उसका वैवाहिक जीवन खुशियों से भर जाता है और कन्यादान करने के समान पुण्य फल प्राप्त होता है।

# सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में बाइक टकराई, तीन दोस्तों की मौत

**सूचना मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात सड़क के किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राली से बाइक सवार पीछे से टकरा गये। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सक ने दो को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीसरे को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में चीख पुकार मच गयी। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गॉव पपड़ी खुर्द बुजुर्ग निवासी अंकित यादव उम्र 24 वर्षीय पुत्र सुरेन्द्र सिंह अपने गाँव के दोस्त अमित शाक्य उम्र 22 वर्षीय पुत्र दयाराम व हितेश राजपूत उम्र 20 वर्षीय पुत्र सुखपाल सिंह राजपूत निवासी अरियारा थाना कायमगंज अमित को बाइक से छोड़ने फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन आ रहे थे। खुड़नाखार मोड़ पर पहुँचते ही साईड से खड़ी गन्ने की ट्राली में पीछे से बाइक जा टकरायी। जिससे बाइक सवार अंकित व अमित व हितेश गम्भीर रुप से घायल हो गये।

सूचना पर पहुँची 108 एम्बुलेन्स द्वारा तीनों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आयी। जहां ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमित कुमार ने अंकित व अमित को मृत घोषित कर दिया तथा हितेश राजपूत को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिय अस्पताल मे हितेश की भी मौत हो गई। घटना की सूचना पाते ही कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामअवतार, उपनिरीक्षक सुरजीत सिंह सहित डायल 112 पीआरवी 3501 कांस्टेबिल अजीत सिंह, कांस्टेबिल अजयपाल ने घटनास्थल के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुँचकर जॉच पड़ताल की। वहीं हल्का इन्चार्ज सुरजीत कुमार ने दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वही मृतक अंकित की पत्नी दामिनी ने बताया मेरे पति को अमित ने फोन करके बुलाया और कहा कि मैं अहमदाबाद नौकरी करने जा रहा हूँ। मुझे कायमगंज रेलवे स्टेशन छोड़ दो। दोनों लोग बाइक द्वारा घर से निकले। काफी देर हो जाने पर हमने पति से फोन करके पूछा कहां हो, तभी हमारे पति ने कहा हम कायमगंज रेलवे स्टेशन तक अमित को छोड़ने आये हैं। अमित को ट्रेन पर बैठालकर आते हैं, तभी कुछ समय बाद फोन द्वारा सूचना मिली की अंकित और अमित की मौत हो गई गयी तथा तीसरा तीसरा व्यक्ति हितेश गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मौत की सूचना पाते ही मृतक की पत्नी दामिनी, 7 महीने की बेटी रीतिका सहित छोटे भाई अनिकेत, मां रामायनश्री का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक दो भाईयों में बड़ा था। मृतक का विवाह दामिनी पुत्री प्रमोद कुमार निवासी ढुईयां थाना मऊदरवाजा के साथ लगभग 3 वर्ष पूर्व हुआ था। जिससे एक बच्ची रीतिका उम्र 7 महीने की है। वहीं अमित की मां सुनीता ने बताया की मेरा बेटा अहमदाबाद में प्राइवेट कम्पनी में नौकरी करता था। दीपावली पर वह घर आया था। मेरा बड़ा बेटा गोपाल, राधेश्याम, मृतक अमित, अंकुर, अनुराग हैं। वहीं मृतक हितेश की मां सोनतारा ने बताया कि उसका बड़ा बेटा हितेश जेवीसी चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मेरे दो बेटे हैं। बड़े बेटे की मौत हो गई, जबकि छोटा बेटा सीतेश है। चर्चा के अनुसार तीनों लोग डा0 नवल किशोर के यहाँ दावत खाकर स्टेशन जा रहे थे, तभी हादसा हो गया और तीनों लोगों की मौत हो गई।



मृतक अमित, अंकित व हितेश



पोस्टमार्टम में मौजूद मृतक हितेश के परिजन

# 10वां विश्व आयुर्वेद कॉग्रेस सेटेलाइट सेमिनार आज

**मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में होगा आयोजन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के सभागार में शनिवार को 10वें विश्व आयुर्वेद कॉग्रेस के सेटेलाइट सेमिनार का आयोजन संस्था के चेयरमैन डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव तथा डायरेक्टर डॉ. अनीता रंजन के संरक्षण में आयोजित होगा। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रुप में विश्व आयुर्वेद कॉग्रेस के एडवाइजर बोर्ड के सदस्य डॉ. आर अचल तथा नस्या, भारत के वाइस प्रेसीडेंट डॉ. रमन रंजन 10वें विश्व आयुर्वेद कॉग्रेस के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डालेंगे। इसके साथ ही सेमिनार के मुख्य विषय विज्ञान औषधीना पर परिचर्चा की जायेगी। सेमिनार की सेक्रेटरी डॉ. नीतूश्री है। सेमिनार के मीडिया प्रभारी डॉ. मुकेश विश्वकर्मा द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि सेमिनार 16 नवम्बर दिन शनिवार को अपरान्ह 12 बजे का समय रखा गया है।

## एचटी लाइन की चपेट में आकर युवती झुलसी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मेरापुर थाना क्षेत्र के गाँव नगला मकोड़ा निवासी मुस्कान उम्र 18 वर्षीय पुत्री सुरेशचन्द्र खेत में घूरा फैलाते समय एलटी लाइन की चपेट में आकर झुलस गई। आनन-फानन में परिजनों ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उसका उपचार जारी है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर भक्तों ने गंगा में लगायी डुबकी



कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करते भक्तगण

**पुल पर पूरे दिन रही जाम की स्थिति, व्यवस्था बनाने में पुलिस के छूटे पसीने**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने सुबह के समय गंगा में डुबकी लगाकर मां तुलसी की पूजा की। साथ ही सुख समृद्धि की कामना की। भीड़ की अधिकता के चलते पुल पर जाम की स्थिति रही। हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से काफी संख्या में पुलिस तैनात रही। सुबह से ही गंगा स्नान के लिए जाने वालों की भारी भीड़ दिखायी दी। दूरदराज जनपदों के लोग रात में गंगा तट पर पहुंच गये थे। पांचाल घाट की ओर जाने वाले वाहन भरकर चलते रहे। जिससे वाहन चालकों की चांदी रही। भक्तों ने हर गंगे के गंगा में डुबकी लगायी तथा सर्व मंगल की कामना की। भक्तों ने अपनी श्रद्धानुसार कथा आदि के आयोजन कराये तथा पुरोहितों को दान दक्षिण भी दी। घरों में महिलाओं ने गंगा स्नान करके तुलसी मां की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। बताते हैं कि सनातन धर्म में इस दिन का काफी महत्व है। इस दिन गंगा स्नान के साथ ही दीपदान का भी विशेष महत्व होता है। इस दिन किया दान का फल दोगुना मिलता है। कई जगह भेड़ दान किया जाता है। मान्यता है कि इससे कष्ट दूर होते हैं। कुछ जगहों पर इसी दिन तुलसी और शालिग्राम का विवाह भी होता है। वहीं पांचाल घाट पर पुलिस की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गयी थी। गोताखोर तैनात रहे, ताकि कोई अनहोनी दुर्घटना न हो। अराजकतत्वों, चोर उचक्कों पर नजर रखने के लिए सिविल ड्रेस पुलिस बल तैनात किया गया था। महिला पुलिस भी लगाई गई। वहीं पुलिस ने रूट डायवर्जन का शत-प्रतिशत पालन करवाया। जिससे श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत नहीं हुई। पांचाल घाट पर मैनपुरी, फिरोजाबाद, एटा, इटावा, कासगंज, हाथरस, बदायूं, सहित तमाम जनपदों से आये श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर सभी के कल्याण की कामना की। भारी भीड़ के चलते पुल पर पूरे दिन जाम की स्थिति रही।

## बुखार से पीड़ित चल रही बालिका की मौत



मृतका का फाइल फोटो

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव हल्दीखेड़ा निवासी प्रियंका उम्र 12 वर्षीय पुत्री पप्पू जो की महाराज बेटी इण्टर कॉलेज मे कक्षा 7 की छात्रा थी। बीते दिनों से उसे बुखार आ रहा था। आगरा से उसका उपचार चल रहा था। आज हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उपचार के दौरान डॉ. जितेन्द्र कुमार ने प्रियंका को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही मॉ पूरन देवी सहित भाई अमन, जतिन, रतन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# ट्रक में पीछे से घुसी रोडवेज व बस में घुसी कार, युवती की मौत, 20 घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात कोहरे के कारण सड़क के किनारे गिट्टी लदे ट्रक में पीछे से आ रही हरदोई डिपो की बस तेजी से टकरा गयी, जबकि पीछे से आयी कार बस के पीछे घुस गयी। जिसमे लगभग 20 यात्री घायल हो गये, जबकि एक युवती की मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार जनपद हरदोई के ग्राम मरसा निवासी सरमीम परिवार के साथ दिल्ली के दादरी में रहते हैं। उनके पिता यामीन की मौत हो गयी थी। जिसमें वह अपने परिवार सहित हरदोई डिपो की रोडबेज बस में बैठकर आ रहे थे। थाना राजेपुर के जैनापुर में सड़क किनारे गिट्टी से लदा डम्पर खड़ा था। कोहरा तेज होने से रोडबेज बस उसमें पीछे से घुस गयी। जिससे सरमीम पुत्र यासीन, सरमीम की पत्नी नूरजहाँ, 20 वर्षीय शहाना पुत्री सरमीम, 19 वर्षीय कलीम, 14 वर्षीय अलीम, 12 वर्षीय फहीम, 8 वर्षीय रहीम पुत्र सरमीम, 26 वर्षीय शबाना पत्नी राजा, 5 वर्षीय रोजी पुत्री राजा, 16 वर्षीय हसनीन पुत्री राजा, 12 वर्षीय रूबी पुत्री राजा, 5 वर्षीय जीशान पुत्र राजा निवासी हरीपुरवा हरदोई, 38 वर्षीय शबनम पत्नी रियासुद्दीन, 20 वर्षीय आफरिन पुत्री रियासुद्दीन, 14 वर्षीय शहनूर पुत्र रियासुद्दीन निवासी अटवा कटईया टजिडयावा हरदोई, 5 वर्षीय जायरा पुत्री समीर अहमद निवासी पलुआ बधौली हरदोई, रुखसार पत्नी बाबू अली, शाशि पत्नी सुनील निवासी खिचड़ी पहाड़पुर हरदोई व कार सवार 32 वर्षीय हर्षित पुत्र श्याम कुमार निवासी रामपुर्वा कानपुर को लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। जहाँ से घायल शहनूर पुत्र रियासुद्दीन व शशि पत्नी सुनील की हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया, जबकि घायल शहाना पुत्री सरमीम को मृत घोषित कर दिया गया।



क्षतिग्रस्त बस तथा इन्सेट में मृतक युवती

घटना रात लगभग 2.30 की बतायी जा रही है। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह, सीओ रविन्द्र नाथ राय, प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार सोलंकी पहुंचे और जानकारी ली। सूचना पाकर लोहिया अस्पताल में एडीएम सुभाष चन्द्र प्रजापति पहुंचे और मौके पर मौजूद डॉ. रोहित तिवारी से घायलों की जानकारी की और घायलों से भी बात कर हर सम्भव मदद का भरोसा दिया।

## जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने मनाय बिरसा मुंडा का जन्मोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा बिरसा मुंडा का जन्मोत्सव कार्यालय पर मनाया गया। लोक नायक समाज सुधाकर क्रांतिकारी विरसामुण्डा का जन्म आज ही के दिन हुआ था। वासुरी वादक बिरसा मुंडा के चित्र पर सभी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। संचालन कन्हैया लाल श्रीवास्तव ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि बिरसा मुंडा समाज सुधारक की ख्याति प्राप्त थी। उनका जन्म 1875 को हुआ था। 22 वर्ष की उम्र में अंग्रेजों के खिलाफ लोहा लेते हुए भारत छोड़ो विद्रोह का विगुल फूंक दिया था। उन्हें वांसुरी बजाने का बहुत शौक था। बिरसा मुंडा 2 दो वर्ष 12 दिन रांची की जेल में बंद रहे। 9 जून सन् 1900 को अचानक उनकी मृत्यु हो गयी। उनकी जयंती पर सभी ने उन्हे याद किया। इस मौके पर पृथ्वीनारायण, रामनारायण मिश्रा, नरेन्द्र कुमार शर्मा, शिव कुमार वर्मा, डॉ. मेहंदी हसन, असगर हुसैन, शानू कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

# दुकान में नकब लगाकर चोरों ने लाखों की नकदी की साफ

**पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल, घटना मान रही संदिग्ध**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

साइकिल व इलेक्ट्रनिक दुकान में चोरों ने नकब लगाकर चार लाख की नकदी को साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जाकर जाँच पड़ताल की। पुलिस ने कहा कि चोरी का जल्द खुलासा किया जायेगा।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला भूसा मंडी निवासी प्रिंस गुप्ता पुत्र संजय गुप्ता की कानपुर रोड पर साइकिल व इलेक्ट्रानिक की दुकान है।

बीती रात चोरों नें दुकान की छत पर बनी गुमटी की दीवार में नकब लगा दिया और जीने के रास्ते दुकान में प्रवेश कर गये। प्रिंस गुप्ता ने कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि चोरों ने गुल्लक तोड़कर उसमे रखी चार लाख की नकदी चोरी कर ली।



दुकान में जांच पड़ताल करती पुलिस

सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। दुकानदार ने बताया कि चोर अपने साथ डीवीआर भी निकाल ले गये। वहीं पुलिस ने कहा कि चोरी का जल्द से जल्द खुलासा किया जायेगा।





पीएम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन

## चारा लेकर घर लौट रहे अधेड़ की गंगा में डूबकर मौत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** चारा लेकर घर लौट रहे अधेड़ की गंगा में डूबकर मौत हो गयी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानगंज खरेटा निवासी सुखलाल राजपूत उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र लालाराम जो 14 नम्बर की शाम को पशुओं के लिए चारा लेने गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर खेतों में गया था। वापस लौटते समय जब चारे को सर पर रखकर अधेड़ गंगा पार कर रहा था, उसी दौरान चिकनी मिट्टी में पैर फिसल जाने के कारण अधेड़ गंगा में डूब गया और उसकी मौत हो गई। बताते हैं घटना की सूचना के बाद स्थानीय तथा परिवार के लोगों द्वारा बुजुर्ग के शव को गंगा से बाहर निकाला गया तथा घर ले जाया गया। इसके बाद 15 नवंबर को उक्त प्रकरण की सूचना शमसाबाद थाना पुलिस को दी गई। वही शमशाबाद थाना पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए पंचनामे की कार्यवाही की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

# गंगा स्नान करने आये कार सवार लोगों पर दबंगों ने बोला हमला, लूटी नगदी व सोने की चेन

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा स्नान करने आये कार सवार लोगों पर दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला बोलकर मारपीट कर नगदी व सोने की चेन आदि सामान लूट लिया और गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाना शमशाबाद पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार दीपक पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम मोती नगला पैलानी उत्तर थाना कलान जनपद शाहजहांपुर ने शमशाबाद पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें दर्शाया कि 15 नवम्बर को करीब समय सुबह 10 बजे अपने रिश्तेदार ड्राइवर जयवीर पुत्र खूब सिंह निवासी हुस थाना निगोही जनपद शाहजहांपुर की ओमनी गाड़ी संख्या यूपी 27एई/1739 के साथ पूर्णिमा पर्व पर गंगा स्नान करने तीन महिलाओं सहित आये थे। हम लोग ढाई घाट शमशाबाद से स्नान करके वापस गाड़ी से जाने लगे, तभी बारामासी बाबा आश्रम के पास 15 लोग लाठी-डंडे लिये थे, जिन्होंने मेरी गाड़ी रोंक ली। सभी ने मिलकर ड्राइवर के साथ मारपीट शुरु कर दी। मोबाइल व 10300 रुपये व दुकान व घर की चाबी जबरियन जेब से निकाल ली। हम बचाने गये तो आरोपियों ने मुझे भी मारा और गले से सोने की चैन तोड़ ली। गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। कुछ लोगों को मैने पहचान लिया। जिसमें एक व्यक्ति उमेश पुत्र नरेन्द्र व उसका पिता, हरीराम पुत्र नामालूम, विपिन, सर्वेश पुत्र नामालूम निवासी मंझा शरीफपुर थाना शमशाबाद व अन्य लोगों को सामने आने पर पहचान लूंगा। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की। वहीं एक अन्य घटना घटित हुई। जिसमें दबंगों ने युवक से हजारों रुपये मारपीट कर लूट लिये थे। ग्राम कलुआपुर सानी थाना शमशाबाद निवासी रश्मी राठौर पत्नी मिथलेश ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 13 नवम्बर को समय शाम के 4:30 पर मेरे पति विमलेश पुत्र लालू अपने घर से फैजबाग जा रहे थे, तभी उलियापुर निवासी नरेन्द्र व उनके चार अज्ञात साथियों ने पति की बाइक रोक ली और कहा कि शराब पीने के लिए पैसे दो, जब मेरे पति ने मना किया तो सभी ने मिलकर मारपीट की और बेहोशी की हालत में उलियापुर के निकट सरकारी नाले में फेंक कर चले गये। इसकी जानकारी जब मेरे देवर को हुई तो परिजनों व पलिस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस से सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर लोहिया रेफर कर दिया गया। जहां इलाज चल रहा है। होश आने पर उन्होंने बताया कि 37 हजार रुपये हमलावरों ने लूट लिये। दोनों घटनाओं में पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की।

**दो दिन पूर्व भी एक युवक के साथ मारपीट कर 37 हजार रुपये की हुई थी लूट**

# धूमधाम से मना गुरुनानक प्रकाशोत्सव पखवाड़ा

**सतगुरु नानक प्रगट्या मिटट्ी धुंध जग चानन होया.....हुआ सबद कीर्तन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सिख संगत फतेहगढ़ और फर्रुखाबाद के संयुक्त प्रकाश पर्व मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। फतेहगढ़ गुरुद्वारा के प्रेसीडेंट ने बताया श्री गुरुनानक देव के जन्मदिवस को मनाने के लिए गुरु सिंह सभा लोहाई रोड फर्रुखाबाद 3 नवम्बर से लगातार प्रभातफेरी का आयोजन कर रहा है। साथ ही सबद और कीर्तन गुरुद्वारे में होता है।

14 नवम्बर को श्री अखण्ड पाठ का प्रारम्भ हुआ। आज इसकी समाप्ति हुई। फतेहगढ़ गुरुद्वारे में आज दीवान सजा। जहां ज्ञानी बलवंत सिंह ने धन-धन गुरुनानक प्रगट्या मिट्टी धुंध जग चानन होया सबद सुनाया। साथ ही गुरुवाणी का पाठ हुआ। परमिन्दर सिंह ने जगत गुरु नानक देव आदि पुरुख आदेश है, का सबद सुनाया। कैप्टन बलविन्दर सिंह ने फतेहगढ़ गुरुद्वारे में आय हुई साध संगत से कल शनिवार को नगर कीर्तन शोभायात्रा में जरुर आने की प्रार्थना की। शोभायात्रा 11.30 बजे से शुरु होगी। जो आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, गाड़ीखाना, एलआईसी. आफिस कोतवाली फतेहगढ़, मिलेट्री चौराहा से होते हुए वाहनों द्वारा कुदरतधाम पहुंचेगी। शाम 5 बजे कुदरतधाम से शुरु होकर घुमना, लालगेट, नेहरु रोड होते हुए लोहाई रोड गुरुद्वारा में सम्पन्न होगी। जहां गुरु का लंगर बंटेगा। शुक्रवार को छावनी स्थित गुरुद्वारा में आज सिखलाई रेजीमेंट की तरफ से गुरुनानकदेव जी के 553वें गुरुनानक प्रकार्श पर्व पर भव्य दीवान सजाया गया एवं सबद कीर्तन का आयोजन किया गया। ज्ञानी रघुवीर सिंह ने देहि शिवा वर मोहे इहै, शुभ कर्मन ते कबहूँ न टरौं, सबद सुनकर श्रद्धालुओं को निहाल कर दिया। सिखलाईट सेंटर के सूबेदार मेजर जगत सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों तथा पुलिस अधिकारियों समेत गुरुद्वारा फतेहगढ़ और फर्रुखाबाद की सिख संगत को तथा नगर के संभ्रान्त नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया। स्टेशन कमांडर कामाडांट राजपूत रेजीमेंट सेंटर ब्रिगेडियर एस.एस.संधू ने अपनी पत्नी गुरविंदर कौर के साथ माथा टेंका और गुरु के चरणों में उपहार भेंट किया।

सेंटर में आये विशिष्ट आमंत्रित अतिथि ब्रिगेडियर विकास वत्रा एवं पल्लवी वत्रा ने भी गुरुनानक साहिब के सामने माथा टेंका। सूबेदार मेजर जगत सिंह ने ब्रिग्रेडियर विकास वत्रा को सरोपा भेंट किया। सिखलाई के कामाडांट ब्रिगेडियर मनीष जैन पत्नी अम्बिका जैन के साथ गुरुद्वारे में हाजिरी लगाने पहुंचे। जिलाधिकारी डॉ0 वी0के सिंह एवं पुलिस कप्तान आलोक प्रियदर्शी ने गुरुद्वारे में गुरुसाहिब के सामने माथा टेंका। सैनिक अस्पताल के सीओ कर्नल एन.रिषीकांत, मेजर आलोक दुबे, आर्मी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य व स्टाफ, अटेवा के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र जाटव तथा केंद्रीय विद्यालय का स्टाफ व नगर व छावनी क्षेत्र के निवासियों ने गुरुद्वारा में हाजिरी लगाकर लंगर का आनन्द उठाया। गदका पार्टी के उस्ताद मनजीत सिंह के नेतृत्व में जवानों ने गदका के शानदार कारनामों को अंजाम दिया। कमाडांट मनीष जैन ने टीम को पुरस्कार दिया।



अरदास करते प्रशासनिक अधिकारी, सैन्य अधिकारी व श्रद्धालु



लंगर छकते अधिकारीगण व अन्य

## चोरी की घटना में हमदर्दी जताने गये ग्रामीण को दबंगों ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम दुनाया निवासी रामचंद्र यादव पुत्र बंशीलाल यादव का गांव के बाहर बिजली का ट्यूबवेल लगा हुआ है। वहां पर एक लकड़ी का खोखा रखा है जिसमें परचून का सामान भरा हुआ है। जिसको दिनांक 14 नवंबर 2024 की रात करीब समय 8.00 बजे शाम को सत्यम उर्फ नन्हें पुत्र फूल सिंह निवासी नगला हिल्की ने ताला तोड़कर उसमें से सारा सामान निकाल लिया, जबकि दो तीन बार पहले भी चोरी कर चुका है। जिसकी सूचना पीड़ित ने डायल 112 पर दी। मौके पर डायल 1112 पहुंची और जांच कर वापस लौट गयी। पड़ोसी गांव नगला हिलकी निवासी रामवचन वहां से गुजर रहे थे। उनको चोरी की घटना दिखाई गई। इसी बात से नाराज होकर सत्यम पुत्र फूल सिंह, धनीराम पुत्र फूल सिंह, फूल सिंह पुत्र जागनसिंह एवं फूलन देवी पत्नी धनीराम उसके परिजनों ने राम वचन के घर में घुसकर मारपीट की तथा कहा साले तू उसकी बहुत हमदर्दी करता है। उसकी दुकान देखने गया था। इसी वजह से दबंगों ने झूठे केस में फंसाने की भी धमकी दी। यह लोग चोर प्रवृत्ति के हैं। क्षेत्र में कई चोरियां भी कर चुके हैं।

## खाकी की दबंगई

## कलश यात्रा से लौट रहे युवकों को पीटा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** भागवत के बाद कलश विसर्जन कर वापस लौट रहे युवकों पर पुलिसकर्मियों ने डंडे बरसाए। जिसमें युवक रवि का हांथ फट गया। घायल युवक रवि ने सीएचसी में अपना उपचार कराया।

नबावगंज थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर धनी निवासी रवि कुमार पुत्र राजकुमार अपने दोस्त पंकज पुत्र साधूए, अभिषेक पुत्र श्याम बाबू, शनि पुत्र अशोक कुमार तथा धर्मवीर पुत्र रामपाल के अलावा गांव के आधा सैकड़ा लोगों के साथ कलश विसर्जन के लिए शुक्रवार को ढाई घाट शमशाबाद आया था। गंगा स्नान के उपरांत जब उक्त लोग वापस लौट रहे थे, तभी शमसाबाद बिरियाडांडा के पास पुलिसकर्मियों रोककर युवकों को डंडों से पीटा। युवक रवि के हांथ में डंडा लग जाने से उसका हांथ फट गया। घायल युवक रवि ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में अपने हांथ की ड्रेसिंग करवाई।

# सभी व्यापारियों के सहयोग से किया जायेगा कार्य: सदानंद शुक्ला

▸ निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी को नहीं बुलाया गया


वार्ता के दौरान मौजूद सदानंद शुक्ला, लालू कनौजिया व अन्य व्यापारी नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मंडल के नए जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने लिंजीगंज स्थित अनिल उर्फ लाल कनौजिया के निवास पर पत्रकार वार्ता में कहा कि नाराज लोगों की खुसामद नहीं करेंगे। जिसे व्यापार मण्डल में रहना है तो मिलजुल कर रहे।

प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा द्वारा बनाये गये पदाधिकारियों की नये जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने घोषणा की। जिसमें प्रदेश संगठन मंत्री द्रोण सिंह गंगवार, जिला महामंत्री नरेश पालीवाल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अनिल उर्फ लालू कनौजिया एवं राजू गौतम का मनोनयन पत्र जारी किया। सदानंद शुक्ला ने कहा कि किसी की हा-हजूरी नहीं की जायेगी। बॉबी मिश्रा को बुलाया था। वह एक गमी में गये थे। जिस कारण वह नहीं आये। प्रदेश नेतृत्व से उन्हे क्या पद मिला, हमे कोई जानकारी नहीं है। जबकि नरेश पॉलीवाल के भाई की तेरहवीं होने के कारण वह नहीं आ पाये। प्रमोद गुप्ता के बारे में जब सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह दूसरे संगठन की बात कर रहे है, इसलिए उनसे सम्पर्क करना ठीक नहीं है।

अध्यक्ष बनने के बाद अभी तक जिलाध्यक्ष का दायित्व संजीव मिश्रा से सदानंद शुक्ला ने नहीं लिया। उन्होंने कहा कि रेलवे रोड निर्माण के लिए सभी व्यापारियों की सहमति से चेयरमैन से बात करेंगे। 15 दिन के अंदर कमेटी की घोषणा की जायेगी। नाराज लोगों को जबरदस्ती पदाधिकारी नहीं बनाया जायेगा। यदि कोई पदाधिकारी व्यापार नहीं करता है यदि उसके परिजन व्यापार करते हैं तो उन्हें संगठन का सहयोग करने वाले ऐसे पदाधिकारी से कोई गुरेज नहीं है। बैठक में निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा को नजरंदाज किये जाने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि तो वह गोलमोल जबाव देते नजर आये। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रमोद गुप्ता को संगठन में शामिल नहीं किया जायेगा। क्योंकि उन्होंने नये संगठन में जाने की बात कही है।

नगर अध्यक्ष मोहम्मद इकलाख खां, नगर महामंत्री राकेश सक्सेना एवं सोनी शुक्ला, रेखा मिश्रा, उमेश चतुर्वेदी ने नये जिलाध्यक्ष का फूल माला से स्वागत किया।

### बॉबी बोले: अभी व्यापार मण्डल का जिलाध्यक्ष मैं ही हूं

फर्रुखाबाद। उद्योग व्यापार मण्डल कंछल गुट के निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी ने फोन पर बताया कि अभी हमने जिलाध्यक्ष पद से इस्तीफा नहीं दिया है और न ही हमसे चार्ज मांगा गया है। इसलिए जिलाध्यक्ष अभी हम ही है। पत्रकार वार्ता में हमें नहीं बुलाया गया, यह उन लोगों की सोंच है। जब तक हमसे चार्ज नहीं मांगा जायेगा, तब तक हम जिलाध्यक्ष है। विवाद की स्थिति को उत्पन्न करने वाले व्यापारी तो हो सकते है, लेकिन संगठन चलाने के लिए सभी की जरुरत पड़ती है। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने बताया कि संजीव मिश्रा बॉबी हमारे प्रदेश के नेता है। उन्हें प्रदेश कमेटी में शामिल किया गया है। कुछ दिनों बाद प्रदेश कमेटी घोषित होगी। उसमें संजीव मिश्रा बॉबी का भी पद घोषित किया जायेगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता के दौरान संजीव मिश्रा बॉबी को नहीं बुलाया गया यह गलत बात है। इस संबंध में हम नये जिलाध्यक्ष से बात करूंगा।


बैठक में मौजूद भाजपा नेता

## संगठन पर्व के अन्तर्गत सलेमपुर मण्डल की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संगठन पर्व के अंतर्गत सलेमपुर मंडल की बैठक सम्पन्न हुई। मंडल चुनाव अधिकारी के रुप में अश्नील दिवाकर ने भाग लिया। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता रहे। मण्डल अध्यक्ष स्वदेश त्रिवेदी व मण्डल महामंत्री रमेश सोमवंशी व पवन दीक्षित के साथ बैठक ली। बैठक में संगठन को गति देने एवं बूथ स्तर पर पदाधिकारी बनाने व शक्ति केंद्र का चुनाव सम्पन्न हुआ। सभी को संगठन पर्व अभियान के अन्तर्गत 11 सदस्यीय बूथ कमेटी को गठित कराने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाई गुरु नानक जयंती


कार्यक्रम प्रस्तुत करते सर्वेश कुमार शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में गुरु नानक की 555वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई है। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने बताया कि गुरु नानक देव समाज को एक नई दिशा दिखाना चाहते थे। उन्होंने यह संदेश दिया कि मेरे पैर उधर कर दो जिधर मेरा कावा न हो, पाप से घृणा करो पापियों से नहीं की तर्ज पर उन्होंने समाज में पहली कुरीतियों को दूर करने के लिए कई कार्यक्रम चलाए। जिससे हमें आज भी उनके बताएं मार्ग पर चलकर समाज में पहली कुरीतियों को दूर किया जा सके और सब मिलकर एक नए भारत का निर्माण कर सकें। यह त्यौहार कार्तिक पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह सिखों के पहले गुरु नानक साहब का जन्म इसी दिन हुआ था। गुरु नानक देव की जयंती गुरु पर्व एवं प्रकाश पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। कार्यक्रम में सर्वेश कुमार शुक्ला ने अपने भजन की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रदीप अवस्थी, कृष्ण कुमार कटियार, रामानंद पांडे, वीरेश परमार, प्रदीप शर्मा, शिव मोहन मिश्रा, गोविंद, संजीव शाक्य, रजनीश मिश्रा, शिवकुमार यादव, आलोक, आर्तिका शुक्ला, पल्लवी राजपूत, अंजलि, अर्पणा अवस्थी, अमृता शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष बने प्रमोद गुप्ता

▸ अब मेरा नया संगठन भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल है जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग और प्रदेश अध्यक्ष अरुण अग्रवाल है


व्यापारी नेता प्रमोद गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मण्डल के पूर्व जिला संयुक्त मंत्री रहे प्रमोद गुप्ता ने बताया कि संगठन में गुटबाजी व आरोप प्रत्यारोप के चलते उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट को छोड़ दिया है। अब मेरा नया संगठन भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल है। जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग है और प्रदेश अध्यक्ष अरुण अग्रवाल है। जिन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि जनपद स्तर पर संगठन को मजबूत करें। मुझे जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। दो तीन दिन के अंदर घोषणा करूंगा और नवीन कार्यकारिणी की जब घोषणा होगी उस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष आयेंगे और शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से आयोजित किया जायेगा।

## भाजपा फतेहगढ़ मण्डल की हुई कार्यशाला

▸ रामवीर चौहान ने शक्ति केंद्रों के चुनाव अधिकारियों की घोषणा


बैठक को सम्बोधित करते रामवीर चौहान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी फतेहगढ़ मंडल की कार्यशाला का आयोजन पार्टी कार्यालय आवास विकास में मंडल अध्यक्ष रामवीर चौहान के अध्यक्षता में किया गया।

चुनाव कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री डीएस राठौर रहे। मंडल चुनाव अधिकारी ऋषिपाल सिसोदिया एवं क्षेत्रीय मंत्री युवा मोर्चा शशांक शेखर मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को आगामी बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समिति के चुनाव की प्रक्रिया को समझाया। डीएस राठौर ने सभी शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारियों को प्रत्येक बूथ पर निष्पक्ष चुनाव कराके बूथ अध्यक्षों के नाम 25 नवंबर तक शीर्ष नेतृत्व को उपलब्ध कराने को कहा। मंडल अध्यक्ष रामवीर चौहान ने सभी शक्ति केंद्रों के चुनाव अधिकारियों की घोषणा की। कार्यशाला में मुख्य रूप से मंडल महामंत्री आशु राठौर, यूपी सिंह, मृदुल कटिहार, रानू दीक्षित, शुभम मिश्रा, सुनील गुप्ता, नीरज कटियार, रामू सिंह, विजय सोमवंशी, डॉ दिनेश चंद्र, शिवराम सिंह, भदोरिया सहित मीडिया प्रभारी राहुल राठौर मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### गंगा समग्र ने देव दीपावली पर मां गंगा की आरती कर किया दीनदान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगा समग्र के तत्वाधान में कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली के उपलक्ष्य में पांचाल घाट पर पतित पावनी देव नदी मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर दीपदान कर देव दीपावली मनायी। पंडित श्यामू व पं0 राजू ने आरती की। इकाई के जिला संयोजक आदित्य दीक्षित ने कहा कि मां गंगा मोक्षदायिनी व जीवन दायिनी है। इनको स्वच्छ रखना हम सभी का कर्तव्य है। सह संयोजक रवि मिश्रा ने कहा कि मां गंगा लाखों करोड़ों लोगों की श्रद्धा का केंद्र है, फिर भी लोगों में जागरुकता न होने के कारण आज स्नानार्थियों के द्वारा घरों से खंडित मूर्तियां व अपशिष्ट सामग्री गंगा जी पर छोड़ना बहुत ही दुखद का विषय है। इस दौरान सभी ने गंगा पूजन कार्य में भाग लेकर संकल्प लिया। स्वच्छ करेंगे, स्वच्छ करेंगे। 101 दीपों का दीपदान हुआ व स्वच्छता के लिए लोगों को जागरुक किया। इस अवसर पर अजय दीक्षित, सुनील तिवारी, अनिल गुप्ता, प्रवीण सिंह, राहुल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### मायके से पत्नी के न आने पर शराबी युवक फांसी पर झूला, मौत


रोते बिलखते मृतक के परिजन



**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** पत्नी के घर न आने पर शराबी युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव त्योरखास निवासी तीस वर्षीय बंटू पाल दिल्ली में रहकर गाड़ी चलाता था। युवक के शराब पीने से तंग आकर पत्नी आरती बच्चों को लेकर शमशाबाद स्थित मायके चली गई। तीन दिन पूर्व युवक दिल्ली से पत्नी को बुलाने उसके घर गया। पत्नी ने साथ जाने मना कर दिया। युवक अपने गांव चला आया। शुक्रवार की बीती रात युवक ने घर कमरे में पंखे से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह जागे स्वजनों ने कमरे में जाकर देखा तो चीख पुकार मच गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटना स्थल पहुंच जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। स्वजनों के अनुसार युवक शराब पीने का आदी था। जिस कारण पत्नी से आए दिन युवक का विवाद होता रहता था। कुछ महीने पूर्व पत्नी बच्चो को साथ लेकर मायके चली गई। मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री है। मृतक तीन भाइयों सुनील व पिंटू में सबसे छोटा था। बेटे की मौत पर मां मोरश्री का रोकर बुरा हाल हो गया। स्वजनों के अनुसार पत्नी पति की मौत होने पर भी घर नहीं आई। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया युवक शराब पीने का आदी था। शराब के नशे में उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## बाल दिवस मेले में हुआ लकी ड्रॉ, छात्रा को दी गई साइकिल

▸ सेंट पॉल्स ब्राइटन अकादमी में धूमधाम से मनाया गया बाल मेला


लकी ड्रॉ में छात्रा को साइकिल देते डायरेक्टर रोजीशन विश्वासी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाल दिवस के उपलक्ष्य में सेंट पॉल्स ब्राइटन अकादमी द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेले का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक रोहतानी विश्वासी तथा डायरेक्टर रोजीशन विश्वासी व प्रधानाचार्य द्वारा चाचा नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

बाल मेला में बच्चों द्वारा विभिन्न आकर्षक दुकानों को लगाया गया। जिसमें पापड़ी, मोमोज, गोलगप्पे, बड़ा पाव, पॉपकॉर्न, भेलपुरी, कटोरी चाट आदि दुकानें आकर्षण का केंद्र रहीं। बाल मेला में विद्यालय के प्रबंधक तथा प्रधानाचार्य द्वारा सभी दुकानों का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों ने दुकानों पर खरीदारी की। कक्षा 11वीं के छात्रों द्वारा लगाई गई दुकान को बाल मेला की सर्वश्रेष्ठ दुकान घोषित किया गया।

बाल दिवस के उपलक्ष में विद्यालय में लकी ड्रा का भी आयोजन किया गया। जिसमें छोटे-बड़े 50 से भी अधिक आकर्षक उपहार थे। जिसमें साइकिल, ट्रॉलीबैग, डिनर सेट, स्टडी टेबल चेयर, इलेक्ट्रॉनिक कैटल इत्यादि थे।

लकी ड्रा में कक्षा तीन की छात्रा आकृति कुशवाहा ने मेगा उपहार के रूप में साइकिल को जीता। द्वितीय स्थान पर कक्षा यूकेजी के छात्र धैर्य द्वारा ट्रॉली बैग तथा तृतीय स्थान पर जनार्दन द्वारा छोटे ट्रॉली बैग को जीत लिया गया।

लकी ड्रॉ विजयी बच्चों द्वारा आकर्षक उपहार प्राप्त कर उनके चेहरे खुशी से खिल उठी।

## भाकियू की बैठक में किसानों की सुनी गयी समस्यायें


तहसील अध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट की बैठक ग्राम उलियापुर क्षेत्र की पंचायत चंपतपुर में सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने अध्यक्षता की। सदर तहसील अध्यक्ष शेर सिंह फौजी ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। बैठक में सभी पदाधिकारियों का फूल माला से स्वागत किया गया। किसनों की समस्याओं का निराकरण कराने के लिए विचार विमर्श हुआ। इस मौके पर मीडिया प्रभारी विजय कुमार मसीह, धन सिंह यादव, श्रीपाल, अखिलेश आदि लोग मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद प्रबंधक व प्रधानाचार्य

### पब्लिक स्कूल एसो. की खेलकूद प्रतियोगिता 30 नवम्बर को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पब्लिक स्कूल एसोसिएशन की खेलकूद प्रतियोगता 30 नवंबर दिन शनिवार को होने के लिए रुपरेखा तय की गई। शुक्रवार को मुकेश राठौर के टीएस केके पब्लिक स्कूल नारायणपुर में बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्ष डॉ. प्रभात अवस्थी ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी लोग सहयोग करें। महामंत्री नवनीत मिश्रा ने विचार व्यक्त किये। मीडिया प्रभारी देवेश नारायण ने कहा कि कार्यक्रम को भव्य तरीके से आयोजित किया जायेगा। प्रबंधक व प्रधानाचार्यों के निवेदन पर प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 नवम्बर की गई। इस मौके पर मुन्नालाल तिवारी, प्रभात शुक्ला, मनीष मिश्रा, संजय यादव, देव कुमार शर्मा, रामेश्वर दयाल, डॉ. मुकेश सिंह राठौर, अनुपम बाजपेई आदि मौजूद रहे।

## नवाबगंज इंडियंस ने शमशाबाद सुपरस्टार को हराकर जीती ट्रॉफी


ट्राफी के साथ विजेता खिलाड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को टीपीएल-05 का फाइनल मैच नवाबगंज इंडियन्स और शमसाबाद सुपरस्टार के बीच खेला गया। शमसाबाद सुपरस्टार के कप्तान गुरमीत सिंह ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया और नवाबगंज इंडियंस के कप्तान नरेन्द्र राजपूत को फील्डिंग करने का आमंत्रण दिया।

शमसाबाद सुपरस्टार ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 07 विकेट खोकर 142 रन का लक्ष्य दिया। शमशाबाद सुपरस्टार की तरफ सबसे ज्यादा रन अजीत ने 36 स्पवद और नवाबगंज इंडियंस की तरफ से अखिलेश यादव ने 4 ओवर में 20 रन देकर 03 विकेट लिए। नवाबगंज इंडियंस ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 09 विकेट खोकर 142 रन बनाकर मैच जीत लिया। नवाबगंज इंडियंस की तरफ से सबसे ज्यादा रन शोनू कुशवाह ने 38 रन और शमसाबाद सुपरस्टार की तरफ से गुरमीत सिंह ने 04 ओवर में 23 रन देकर 04 विकेट लिए। मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार अखिलेश यादव को दिया गया। टूर्नामेंट के बेस्ट बॉलर का पुरस्कार गुरमीत सिंह को दिया गया। टूर्नामेंट के बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार योगेश राणा को दिया गया और बेस्ट फील्डर का पुरस्कार आमिर को दिया गया। जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार और ब्लॉक व्यायाम शिक्षक कुलदीप यादव, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अरुण यादव ने विजेता टीम और उप विजेता टीम को पुरुस्कार वित्तरण किया।

आयोजन समिति में विमलेश कुमार, विकास सोलंकी, शिवाय, रवि खरे, विवेक यादव, सुमित सिंह राठौर, आनन्द कुमार, विनय यादव, भानू यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## दुर्वासा ऋषि आश्रम पर 1501 दीपक जलाकर मनायी गई देव दीपावली


देव दीपावली उत्सव के दौरान ईश्वरदास ब्रह्मचारी से आशीर्वाद लेते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय विप्र महासंघ, हिंदू राष्ट्र शक्ति, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ और राष्ट्रीय विप्र मंच के संयुक्त तत्वाधान में दुर्वासा ऋषि आश्रम पांचाल घाट पर देव दीपावली मनायी गई।

संयोजक देवेश नारायण अवस्थी के द्वारा 1501 दीपक जलाकर देव दीपावली मनाकर पूजा अर्चना की गई। देव दीपावली कार्यक्रम का शुभारंभ महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी ने किया।

उन्होंने देव दीपावली की महिमा बताते हुए बताया कि इस दिन देवताओं ने प्रभु श्री विष्णु को प्रसन्न करने के लिए अनेक दीप प्रज्ज्वलित कर दीपावली मनाई थी। इस दिन जो भी दीपक जलाता है भगवान विष्णु उसके सभी मनोरथ पूर्ण करते हैं। इस अवसर पर जतिन नारायण अवस्थी, विपिन अवस्थी, दीपकांत शुक्ला, लक्ष्मी शुक्ला, सुभाष बाबू, सुधा वर्मा, अनमोल गुप्ता, शुभम मिश्रा, अंकित मिश्रा, अनुभव शुक्ल, आशीष अग्निहोत्री, यशी अवस्थी, अनुपम अवस्थी, प्रेमलता अवस्थी, रुचि गुप्ता, प्रभा दुबे, देव कुमार शर्मा, उदय शर्मा, प्रभात शुक्ला, अखिलेश सिंह, मुन्ना लाल तिवारी, मनीष दुबे आदि भक्त उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर युवक ने बुरी नियत से किशोरी को पकड़ा, पुलिस ने थाने से भगाया

▸ शोर मचाने पर आरोपी ने गाली-गलौज कर दी पीड़िता को जान से मारने की धमकी

▸ पीड़िता ने कहा यदि न्याय नहीं मिला तो कर लेगी आत्महत्या, जिम्मेदार होगी पुलिस

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद नगर क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कहा कि वह एक गरीब परिवार से है और कृषि कार्य के जरिए जैसे तैसे अपने घर परिवार का गुजारा करती है।

11 नवंबर की शाम पीड़िता अपने पति तथा बच्चों के साथ खेत में खड़ी फसल की रखवाली के लिए गई थी और उसकी नाबालिग पुत्री घर पर अकेली थी जिसका फायदा उठाते हुए शमसाबाद थाना क्षेत्र के ही मोहल्ला लतीफपुरा सिकंदरपुर महमूद निवासी युवक ह्रदेश पाल पुत्र महेश पाल घर में घुस गया और सो रही नाबालिग पुत्री को पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौज करने लगा। शोर मचाए जाने पर आरोपी ने जानमाल की धमकी देते हुए कहा कि अगर उसने मेरा नाम लिया तो अंजाम बुरा होगा। शिकायती पत्र के अनुसार शाम 2 बजे के करीब जब पीड़ित महिला का पुत्र रामू खाना खाने घर पहुंचा, तो पीड़ित किशोरी ने घटना की जानकारी भाई को दी। भाई ने जानकारी माता-पिता को दी। इस संबंध में पीड़ित महिला ने आरोपी के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस से शिकायत की। मगर शमशाबाद थाना पुलिस द्वारा मामले को झूठा बताकर थाने से भगा दिया गया।

मजबूरन न्याय के लिए पुलिस अधीक्षक के दरबार में उपस्थित होना पड़ा और प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस अधीक्षक ने पीड़िता को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। दूसरी तरफ पीड़ित महिला ने थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया है कि पुलिस द्वारा उस पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। वहीं पीड़ित किशोरी ने कहा है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह आत्महत्या कर लेगी। जिसकी जिम्मेदारी थाना पुलिस की होगी।

# आदिवासी संस्कृति के लिए मुंडा ने समर्पित किया जीवन

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर धर्मांतरण के खिलाफ उनके चलाये गए आंदोलनों के लिए उन्हें किया याद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिल्ली में सराय काले खां के पास बांसेरा पार्क में भगवान बिरसा मुंडा की 20 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। सराय काले खां आईएसबीटी बस स्टैंड के बाहर बड़े चौक को अब भगवान बिरसा मुंडा के नाम से जाना जाएगा।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस मौके पर कहा, आज भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है और इस अवसर पर मैं भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2021 में ही आज के दिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर यह पूरा वर्ष आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आजादी के महानायकों में से एक भगवान बिरसा मुंडा ने अल्प आयु में ही अपनी पढ़ाई के साथ धर्मांतरण के खिलाफ आवाज उठाने का साहसिक कार्य किया। भगवान बिरसा मुंडा आदिवासियों के लिए अपनी मूल संस्कृति के तो उद्धारक बने ही साथ ही उन्होंने 25 वर्ष की अल्प आयु में देशवासियों को अपने कर्मों के माध्यम से यह बताया कि जीवन कैसा हो, किसके लिए हो और किस ध्येय के लिए समर्पित हो।

शाह ने कहा कि जल, जंगल और जमीन ही आदिवासियों के लिए सब कुछ है। इस संस्कार को पुनर्जीवित करने और जनजातीय समाज में जागरूकता लाने का काम बिरसा मुंडा ने किया। भगवान बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता और धर्मांतरण के खिलाफ चलाये गए आंदोलनों के लिए यह देश उनका सदैव आभारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी संस्कृति की रक्षा के अपना जीवन समर्पित कर दिया तो दूसरी ओर 25 वर्ष की आयु में उन्होंने मातृभूमि के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। यह देश उनके अद्वितीय त्याग को हमेशा याद करता रहेगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस मौके पर घोषणा की कि यहां आईएसबीटी बस स्टैंड के बाहर बड़े चौक को भगवान बिरसा मुंडा के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रतिमा और उस चौक का नाम देखकर न केवल दिल्ली के नागरिक बल्कि अंतरराष्ट्रीय बस स्टैंड पर आने वाले लोग भी निश्चित रूप से उनके जीवन से प्रेरित होंगे।

### लोकसभा अध्यक्ष ने संसद भवन में दी भगवान मुंडा को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के प्रारंभ के उपलक्ष्य में आज संसद भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि जननायक बिरसा मुंडा भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के महान प्रतीक हैं। हमारी समृद्ध संस्कृति और सभ्यता के संवाहक हैं, जनजातीय समाज सहित संपूर्ण राष्ट्र के गौरव हैं। बिरला ने कहा कि भगवान बिरसा की स्मृति में आज जनजातीय गौरव दिवस मनाते हुए हम देश की



उन्नति और आभा में जनजातीय समुदायों की भूमिका का स्मरण करते हैं। कला-परंपराओं के संरक्षण तथा विरासत और विकास के समन्वय के साथ देश को आगे बढ़ाने में आदिवासी समाज की सदा से ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है। निश्चय ही वर्ष 2047 तक विकसित भारत के प्रण को सिद्ध करने में भगवान बिरसा के जीवन आदर्श पथ प्रदर्शक रहेंगे।

# 700 किलो ड्रग्स की जब्ती एजेंसियों के बेहतर समन्वय का परिणाम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), भारतीय नौसेना और गुजरात पुलिस के बेहतर समन्वय की बदौलत गुजरात में लगभग 700 किलोग्राम ड्रग्स की बड़ी खेप पकड़ी गई है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक सफलता बताते हुए एजेंसियों को बधाई दी है।

अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नशा मुक्त भारत के सपने को साकार करते हुए एजेंसियों ने आज गुजरात में अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया और करीब 700 किलोग्राम प्रतिबंधित मेथ जब्त किया। एनसीबी, भारतीय नौसेना और गुजरात पुलिस द्वारा किया गया संयुक्त अभियान इस सपने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और इसे हासिल करने में हमारी एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय का शानदार उदाहरण है।

एनसीबी के उप महानिदेशक (संचालन) आईपीएस ज्ञानेश्वर सिंह ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में यह सफलता सरकार की मादक पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि एनसीबी, भारतीय नौसेना और गुजरात पुलिस के एटीएस द्वारा किए गए संयुक्त अभियान में लगभग 700 किलोग्राम मेथा की खेप के साथ एक जहाज को भारतीय जलक्षेत्र में रोका गया। इस अभियान के दौरान 8 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है, जो ईरानी होने का दावा करते हैं।

# झारखंड आज फिर संकट में : शिवराज सिंह

एजेंसी

**देवघर।** केन्द्रीय कृषि मंत्री एवं भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने देवघर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की जिस पवित्र माटी को बचाने के लिए भगवान बिरसा मुंडा ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, आज वह फिर संकट में है। जिस माटी, बेटी और रोटी के लिए भगवान बिरसा मुंडा ने उलगुलान क्राति का आह्वान किया था आज उस माटी, बेटी और रोटी पर घुसपैठिए कब्जा कर रहे हैं।

शिवराज चौहान ने कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के घुसपैठियों को गैस सिलेंडर देने वाले बयान पर कांग्रेस आलाकमान को घेरते हुए कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे जवाब दें कि क्या वो अपने नेता गुलाम अहमद मीर के घपुसपैठियों को सिलेंडर देने वाले बयान से सहमत हैं? उन्होंने कहा कि



गुलाम अहमद मीर कह रहे हैं कि कांग्रेस की सरकार अगर बनी तो घुसपैठियों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर देंगे। इस बयान से दो बातें स्पष्ट हो गई हैं, पहली झारखंड में घुसपैठिए हैं और दूसरी घुसपैठिए इनके वोट बैंक हैं।

शिवराज ने कहा कि क्या अवैध घुसपैठियों का पालन-पोषण कांग्रेस का एजेंडा है? क्या झारखंड के संसाधनों पर घुसपैठियों का अधिकार है? क्या आदिवासियों की जमीनें छीनने वाले, उनकी माताओं-बहनों और बेटियों की अस्मिता से खिलवाड़ करने वाले घुसपैठियों के साथ कांग्रेस-जेएमएम का गठबंधन है? क्या कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने वोट के बदले, अवैध घुसपैठियों के साथ कोई सौदेबाजी की है? जेएमएम और कांग्रेस इसका जवाब दे, झारखंड की जनता इसका जवाब चाहती है।

### भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए

**लोहरदगा।** स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर शुक्रवार को शंख नदी के समीप स्थित उनकी प्रतिमा और समाहरणालय परिसर अवस्थित प्रतिमा पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इस मौके पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा,एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भी माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके अलावा अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने भी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा में माल्यार्पण किया।

### संभाजीनगर में 19 करोड़ के सोने व चांदी के गहने जब्त, जांच जारी

**मुंबई।** छत्रपति संभाजीनगर जिले के सिल्लोड में चुनाव आयोग की टीम ने बीती रात नाकाबंदी के दौरान एक कार से 19 करोड़ के सोना-चांदी के जेवरात जब्त किए। आयोग की टीम ने जेवरात और कार सिल्लोड पुलिस स्टेशन लाकर आगे की जांच शुरू कर दी है। विधानसभा क्षेत्र के चुनाव अधिकारी लतीफ पठान ने बताया कि बीती सिल्लोड़ में निलोद फाटा के पास चेक नाके पर चुनाव निरीक्षण दल की टीम पुलिस के साथ नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान संभाजीनगर से जलगांव जा रहे संदिग्ध कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार में लगभग 19 करोड़ रुपये के सोने और चांदी के गहने मिले, जिसे जब्त कर लिया गया है। इसी तरह गुरुवार को अमरावती के नागपुरी गेट चौक से दरियापुर की ओर जा रहे एक वाहन से नागपुरी गेट पुलिस ने 5 करोड़ से अधिक के सोने और 17 लाख के चांदी के गहने जब्त किए गए।

# गोड्डा में रोका गया राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर, नहीं मिला क्लीयरेंस

एजेंसी

**गोड्डा।** कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर झारखंड के गोड्डा में रोका गया। शुक्रवार को एटीसी से क्लीयरेंस न मिलने के कारण राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर काफी देर तक गोड्डा में ही खड़ा रहा। इस कारण कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा के कारण राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को क्लीयरेंस नहीं दिया गया।

राहुल गांधी शुक्रवार को महागामा से कांग्रेस उम्मीदवार दीपिका पांडेय सिंह के लिए वोट मांगने आये थे। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बिहार के जमुई में कार्यक्रम था और उसके बाद देवघर होते हुए उनका विमान उड़ान भरने वाला था। इस कारण से राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को क्लीयरेंस में



देरी हुई। राहुल गांधी का बोकारो के बेरमो में भी एक कार्यक्रम निर्धारित था, लेकिन क्लीयरेंस न मिलने के कारण उन्हें कुछ समय तक महागामा में रुकना पड़ा। इस दौरान स्थानीय लोग और उनके समर्थक राहुल गांधी के पास पहुंचे और उनके साथ तस्वीरें खींचवाने लगे। कांग्रेस उम्मीदवार दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि प्रधानमंत्री देवघर में हैं, राहुल गांधी को उस क्षेत्र से गुजरने की अनुमति नहीं दी गयी। प्रोटोकॉल है, जिसे हम समझते हैं लेकिन कांग्रेस ने 70 वर्षों तक देश पर शासन किया और ऐसी घटना कभी किसी विपक्षी नेता के साथ नहीं हुई।

## खबरें एक नजर में

### युगांडा ने 2025 अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के लिए किया क्वालीफाई

**कंपाला।** युगांडा क्रेन्स ने अपने आखिरी दो ग्रुप के मैच खेलने से पहले अफ्रीका कप ऑफ नेशंस (एएफसीओएन) 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। शुक्रवार को कंपाला में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने मैच से पहले, युगांडा क्रेन्स ने अफ्रीका के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए टिकट बुक कर लिया, क्योंकि दक्षिण सूडान ने गुरुवार को जुबा में खेले गए ग्रुप के दूसरे मैच में कांगो गणराज्य को 3-2 से हरा दिया। दक्षिण सूडान की जीत का मतलब है कि 10 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहने वाला युगांडा और आठ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहने वाला दक्षिण अफ्रीका स्वतः ही क्वालीफाई कर गया है, क्योंकि अपने आखिरी मैचों में दक्षिण सूडान (3 अंक) और कांगो (4 अंक) की जीत उन्हें उन अंकों तक पहुंचने में मदद नहीं कर सकती है, जो शीर्ष दो टीमें पहले ही हासिल कर चुकी हैं। युगांडा के खेल राज्य मंत्री पीटर ओगवांग ने कहा, हमें बहुत खुशी है कि आखिरी दो मैच खेलने से पहले हमारी टीम ने मोरक्को में होने वाले एएफसीओएन 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। युगांडा के कप्तान खालिद औचो ने सिन्हुआ को बताया कि हालांकि टीम पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है।

### सत्य, करुणा व समानता के प्रतीक हैं गुरु नानक देव जी

**नई दिल्ली।** गुरु नानक जयंती आज मनाई जा रही है। गुरु नानक देव की जयंती को गुरु पर्व और प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) ने लोगों को शुभकामनाएं दी है। शुक्रवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि महान संत परंपरा के संवाहक, सिख पंथ के संस्थापक, प्रथम पातशाही श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। उन्होंने कहा कि सत्य, करुणा एवं समानता के प्रतीक पूज्य नानक देव जी की शिक्षा सम्पूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक है। उनके जीवनदर्शन शांति, मानवता और समरसता के पथ पर संपूर्ण मानव समाज को सदैव दिशा दिखाते रहेंगे।

### भाजपा ने भूदान आंदोलन के प्रणेता भावे को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज भूदान आंदोलन के प्रणेता विनोबा भावे को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा ने एक्स हैंडल पर लिखा, भूदान आंदोलन के प्रणेता, महान विचारक, स्वतंत्रता सेनानी और भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। आचार्य विनोबा भावे ने राष्ट्रपति महात्मा गांधी के अनुयायी होने के नाते अपने जीवन में अहिंसा और समानता के सिद्धांतों का पालन किया। उन्होंने अपना जीवन गरीबों के उत्थान में समर्पित किया। विनोबा भावे वर्ष 1958 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय और भारतीय व्यक्ति हैं। उन्हें 1983 में मरणोपरांत भारत रत्न (भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार) से सम्मानित किया गया।

### फीफा ने क्लब विश्व कप ट्रॉफी का किया अनावरण

**जिनेवा।** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन फुटबॉल (फीफा) ने पुनर्गठित फीफा क्लब विश्व कप की ट्रॉफी का गुरुवार को अनावरण किया। विश्व फुटबॉल शासी निकाय ने घोषणा की कि ट्रॉफी को फीफा द्वारा डिजाइन किया गया था और इसे लक्जरी ज्वेलरी टिफ़नी के सहयोग से तैयार किया गया है। फीफा के अध्यक्ष जियानी इनफेंटिनो ने कहा, ÷नवीन, समावेशी, अभूतपूर्व और वास्तव में वैश्विक, नया 32-टीम फीफा क्लब विश्व कप एक ऐसी ट्रॉफी का हकदार है जो इन सभी का प्रतिनिधित्व करती हो। एक स्वर्ण ट्रॉफी जो भविष्य का प्रतीक है और अतीत से प्रेरित है, प्रतिष्ठित और कालातीत दोनों है। 2025 क्लब विश्व कप 15 जून से 13 जुलाई, 2025 तक संयुक्त राज्य अमेरिका के 11 शहरों में आयोजित किया जाएगा। फाइनल न्यूयॉर्क के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा।

### डोनाल्ड ट्रंप ने टॉड ब्लैंच को बनाया डिप्टी अटॉर्नी जनरल

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के न्याय विभाग में वकील टॉड ब्लैंच भी नजर आएंगे। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने टॉड ब्लैंच को उप अटॉर्नी जनरल के रूप में चुना है। मैनहट्टन में पूर्व पर्यवेक्षण संघीय अभियोजक ब्लैंच ने कई अभियोगों में ट्रंप का कानूनी बचाव किया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि न्याय विभाग में ब्लैंच डिप्टी अटॉर्नी जनरल होंगे। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ट्रंप ने मैट गेट्ज का चयन न्याय विभाग के अटॉर्नी जनरल के रूप में किया है। ट्रंप ने ब्लैंच के चयन की घोषणा न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले में की। उन्होंने कहा कि टॉड उत्कृष्ट वकील हैं। वह न्याय विभाग में महत्वपूर्ण अधिकारी होंगे। वह लंबे समय से चरमराई न्याय प्रणाली को दुरुस्त करेंगे। उल्लेखनीय है कि ब्लैंच वॉल स्ट्रीट पर एक प्रतिष्ठित लॉ फर्म में भागीदार रहे हैं।

# भारत ने समझौते के तहत नेपाल से बांग्लादेश बिजली भेजने को दी मंजूरी

एजेंसी

**काठमांडू।** भारत सरकार ने त्रिदेशीय विद्युत व्यापार समझौते के आखिरी दिन गुरुवार को नेपाल की बिजली को बांग्लादेश निर्यात की अनुमति दी है। भारत, नेपाल और बांग्लादेश के ऊर्जा मंत्रियों ने संयुक्त रूप से आज ही इस परियोजना का उद्घाटन किया है। इसी के साथ पहली बार नेपाल की तरफ से अपनी बिजली को भारत के अलावा तीसरे देश में निर्यात करने की शुरुआत हुई है।

समझौते के तहत नेपाल सिर्फ आज ही बिजली का निर्यात कर सकेगा। इसके बाद 15 जून, 2025 से फिर बिजली का निर्यात शुरू किया जाएगा। भारत के ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल खट्टर, नेपाल के ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के सलाहकार मोहम्मद फैजुल कबीर ने आज वर्चुअली संयुक्त रूप से इस परियोजना का उद्घाटन किया है। उद्घाटन

> तीनों देशों के ऊर्जा मंत्रियों ने किया परि योजना का उद्घाटन

समारोह में भारत के ऊर्जा मंत्री खट्टर ने कहा कि क्षेत्रीय ऊर्जा सहयोग में यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि आज भारतीय ग्रिड के माध्यम से नेपाल से बांग्लादेश तक पहले बिजली निर्यात करना एक ऐतिहासिक पहल है। खट्टर ने कहा कि यह दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय ऊर्जा एकीकरण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उद्घाटन समारोह में नेपाल के ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का ने कहा कि भारत के रास्ते बांग्लादेश तक बिजली निर्यात करने से नेपाल के विद्युत व्यापार में मील का पत्थर साबित होने वाला है। उन्होंने भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के सहयोग से नेपाल के बिजली को पहुंचने से नेपाल में नई आर्थिक क्रांति की शुरुआत है।

### असम में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीप्लेन सेवा का हुआ परीक्षण

**गुवाहाटी।** असम के पर्यटन क्षेत्रों को गति देने के लिए राज्य सरकार लगातार कदम उठा रही है। इस कड़ी में राज्य के दूर-दराज के पर्यटन क्षेत्रों तक पहुंच आसान बनाने के लिए सीप्लेन की योजना शुरू करने की तैयारी की गयी है। शुक्रवार को गुवाहाटी के बोरझार हवाई अड्डे से सीप्लेन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। राज्य के पर्यटन मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने बोरझार से सीप्लेन में सवार होकर गुवाहाटी के पांडुघाट में उतरकर सीप्लेन का सफल परीक्षण किया। सीप्लेन के सफल परीक्षण के अंत में उन्होंने इस संबंध में अपनी भावनाएं व्यक्त की और कहा कि आज का दिन असम के लिए खास है। यह पहली बार है जब असम में सीप्लेन का परिचालन किया गया है। यह हमारे लिए बहुत खुशी का दिन है। बोरझार हवाई अड्डे से आज परीक्षण के दौरान हमने सीप्लेन में सवार होकर पांडुघाट तक का सफर किया।

# यूपी में 32 नए केंद्र शुरु करेगा आकाश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड उत्तर प्रदेश में 32 नए केंद्रों के शुभारंभ और राज्य के 22 अतिरिक्त नए शहरों तक अपनी पहुँच का विस्तार करने की घोषणा करते हुए उत्साहित है। इनमें से 2 केंद्र क्लासरूम सेंटर के रूप में काम करेंगे, 20 आकाश लर्निंग सेंटर के रूप में काम करेंगे और 10 मौजूदा शहरों में सैटेलाइट सेंटर के रूप में काम करेंगे।

इस विस्तार के साथ, आकाश अब अपने 66 केंद्रों के साथ उत्तर प्रदेश के 46 शहरों में छात्रों को अपनी सेवाएँ प्रदान करेगा। क्लासरूम सेंटर आज़मगढ़ और बड़ौत में खुलेंगे, जबकि आकाश लर्निंग सेंटर मऊ, जौनपुर, बलिया, सुल्तानपुर, बाराबंकी, ग़ाज़ीपुर, शाहजहाँपुर, देवरिया, मिर्ज़ापुर, बस्ती, कुशी नगर, प्रतापगढ़, फर्रुखाबाद, लखीमपुर खीरी, हरदोई, गोंडा, बहराईच, बांदा,




> विस्तार के साथ, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड अब अपने 66 केंद्रों के साथ उत्तर प्रदेश के 46 शहरों में छात्रों को देगा सेवाएं

बिजनौर और मैनपुरी में स्थित होंगे।

प्रेसवार्ता करते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के एमडी और सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने कहा हम उत्तर प्रदेश में 32 नए केंद्रों के शुभारंभ और 22 नए शहरों में विस्तार की घोषणा करते हुए बेहद खुश हैं। यह हमारी नीति का हिस्सा है, जिसके तहत हम छोटे शहरों में रहने वाले छात्रों तक पहुँचने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्हें हमेशा आकाश जैसे ब्रांड से विशेषज्ञ मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। ये केंद्र न केवल छात्रों के सामने आने वाली पहुँच की समस्या का समाधान करेंगे, बल्कि उन्हें अपने गृहनगर में बैठे-बैठे आकाश की विशेषज्ञता का लाभ उठाने में सक्षम बनाएंगे, साथ ही स्थानांतरण के मामले में काफी लागत भी बचाएंगे। आकाश केंद्र उन्हें अपने स्वयं के स्कूल जाने, माता-पिता के प्यार, देखभाल और स्नेह के तहत अपने घर के आराम में रहने और अपने आस-पास अध्ययन करने का लाभ देंगे, जिससे कीमती समय, ऊर्जा और धन की बचत होती है।

# पूर्वोत्तर को देश के विकास इंजन बनाना मोदी का संकल्प

## केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पूर्वोत्तर दौरे का तीसरा और अंतिम दिन

एजेंसी

**अगरतला।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पूर्वोत्तर देश का विकास इंजन बने, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केवल आशा और अभिलाषा नहीं है, बल्कि यह प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प भी है। इसके लिए व्यापक पैमाने पर कार्य भी इन वर्षों में किए गए हैं। सिंधिया ने कहा कि बीते 10 वर्षों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रधानमंत्री तथा राज्य सरकारों ने मिलकर पूर्वोत्तर राज्यों में परिवर्तन लाए हैं। सिंधिया शुक्रवार को अगरतला में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रो. माणिक साहा के साथ बैठक करने के बाद एक संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

अपने तीन दिवसीय पूर्वोत्तर दौरे के तीसरे दिन शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने त्रिपुरा तथा मेघालय में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। अपनी यात्रा के पहले और दूसरे दिन सिंधिया ने अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम तथा नगालैंड के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठकें कीं। साथ



ही वे अन्य कई कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। उन्होंने मिजोरम तथा नगालैंड के बाद शुक्रवार को अगरतला में मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लिए पहले 24,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटन किया जाता था, लेकिन आज इस क्षेत्र के लिए 1,03,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। बजट के आवंटन में चार गुणा बढ़ोतरी की गई है। सिंधिया ने कहा कि अगर एक-एक क्षेत्र को अलग से देखें तो सड़क के क्षेत्र में भी पूर्वोत्तर में व्यापक पैमाने पर कार्य हुए हैं। जहां 65 वर्षों में 10,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए गए थे, वहीं 10 वर्षों के प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में 5,500 किलोमीटर नए राष्ट्रीय राजमार्ग पूर्वोत्तर क्षेत्र में बनाए गए हैं। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि रेल के क्षेत्र में भी ऐसी स्थिति रही है। उन्होंने कहा कि पहले पूर्वोत्तर के सिर्फ एक राज्य में लोगों को रेल की सुविधा मिल रही थी, आज तीन राज्यों में रेलवे की सुविधा जनता को मिल रही है। सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले दो-तीन वर्षों में पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में रेल की सुविधा तैयार हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में रेलवे की 30 अलग-अलग परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इसके लिए रेलवे विभाग द्वारा 82,000 करोड़ रुपये का आबंटन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जहां पहले प्रत्येक माह सिर्फ 60 किलोमीटर नई रेल लाइनें बिछाई जा रही थी, वहीं आज 190 किलोमीटर नई रेल लाइन प्रति माह बिछाई जा रही हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि नागरिक विमानन के क्षेत्र में भी पूर्वोत्तर में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। जहां 65 वर्षों में सिर्फ नौ एयरपोर्ट पूर्वोत्तर में बनाए गए थे। पूर्वोत्तर के दो राज्यों में 65 वर्षों में एयरपोर्ट ही नहीं बने थे। वहीं, आज पूर्वोत्तर में 17 एयरपोर्ट है। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्ष के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में हर क्षेत्र में इसी प्रकार तेजी से कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की माणिक साहा सरकार में त्रिपुरा का विकास तेजी से हुआ है। यही वजह है कि आज यहां का सकल घरेलू उत्पाद 90,000 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। त्रिपुरा में साक्षरता की दर 97 फीसदी तक पहुंच चुकी है। पर कैपिटा जीडीपी 9 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रही है। प्रति व्यक्ति आय 1,60,000 रुपये तक पहुंच गई है। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने त्रिपुरा के साथ-साथ पूरे पूर्वोत्तर राज्यों में चल रहे विकास कार्यों तथा संपूर्ण हुए कार्यों की भी चर्चा की।

### इंग्लैंड सीरीज के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेंगे टिम साउथी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउथी इस साल दिसंबर में इंग्लैंड के खिलाफ हैमिल्टन के सेडन पार्क में अपने घरेलू मैदान पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज साउथी हालांकि अगले साल जून में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने पर देश के लिए खुद को उपलब्ध रखेंगे। साउथी ने न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के हवाले से कहा, ÷न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करना ही वह सब था जिसका मैंने बचपन में सपना देखा था। 18 साल तक ब्लैककैप्स के लिए खेलना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान और सौभाग्य रहा है, लेकिन अब मुझे लगता है कि उस खेल से दूर होने का समय आ गया है जिसने मुझे इतना कुछ दिया है। उन्होंने कहा, ÷टेस्ट क्रिकेट मेरे दिल में एक खास जगह रखता है, इसलिए उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ इतनी बड़ी सीरीज खेलने में सक्षम होना, जिसके खिलाफ इतने साल पहले मेरा टेस्ट करियर शुरू हुआ था।

# बीएल एग्रो और एग्रीटेक वेंचर लीड्स कनेक्ट ने समर्थ 1.0 का किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत के अग्रणी एफएमसीजी ब्रांड्स में से एक बीएल एग्रो और इसके एग्रीटेक वेंचर लीड्स कनेक्ट ने जोखिम प्रबंधन, जलवायु और स्थिरता समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लखनऊ के कृषि भारत में समर्थ 1.0 लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव आईएएस मनोज कुमार सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव आईएएस के रविंदर नायक थे।

कृषि मॉडलिंग और मानवता में परिवर्तन के लिए जोखिम आकलन पर संगोष्ठी समर्थ 1.0 नामक पहल का उद्देश्य कृषि में महत्वपूर्ण चुनौतियों के समाधान पर केंद्रित वैज्ञानिक संवाद में प्रमुख हितधारकों को एकजुट करना है। समर्थ में वैज्ञानिक और तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न खंडों और क्षेत्रों से उद्योग विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को



एकत्रित किया गया, ताकि कृषि पारिस्थितिकी तंत्र और मूल्य श्रृंखला विकास में स्थायी समाधान के लिए एक सहयोगात्मक रोडमैप तैयार किया जा सके। समर्थ 1.0 के साथ मिलकर, बीएल एग्रो और लीड्स कनेक्ट ने हाल ही में शुरू किए गए वैज्ञानिक जर्नल सैटेलाइट एनालिटिक्स एंड ट्रांसफर इंटेलिजेंस में योगदान के लिए शोधपत्र आमंत्रित करने की घोषणा की। एसएटीआई कृषि, जलवायु और आपदा प्रबंधन तथा मूल्य श्रृंखला विश्लेषण जैसे विषयों को कवर करते हुए क्रांतिकारी शोध के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा। समकक्ष समीक्षा प्रक्रिया के बाद चयनित दस शोध आलेखों को सती में प्रकाशित किया जाएगा, तथा शीर्ष तीन आलेखों के लेखकों को उनके योगदान के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। लीड्स कनेक्ट सर्विसेज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक नवनीत रविकर ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हमारे प्रयास कृषि और पर्यावरण के लिए मजबूत और पर्यावरण अनुकूल समाधान विकसित करने की गहरी प्रतिबद्धता से प्रेरित हैं। समर्थ 1.0 प्रभावशाली समाधानों के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव लाने और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने के प्रति समर्पण का प्रमाण है।